

एफसीआरए विधेयक पर लोकसभा में आज घमासान होने के आसार - 7



निवेशकों को 51 लाख करोड़ रुपये का नुकसान, सेंसेक्स 11 प्रतिशत टूटा- 10




होर्मुज अगर एक महीना और बंद रहा तो 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचेगी तेल की कीमत - 11



एलएसजी का पहला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से आज - 12

आज का मौसम
34.0° अधिकतम तापमान
22.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.03
सूर्यास्त 06.30


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| लखनऊ |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 07:06 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2083

बुधवार, 1 अप्रैल 2026, वर्ष 36, अंक 53, पृष्ठ 12+4 ■ मूल्य 6 रुपये


# इस्फहान परमाणु केंद्र पर तीसरी बार अमेरिकी हमला, ईरान ने कुवैत का तेल टैंकर उड़ाया

- चीन-पाकिस्तान ने शांति योजना प्रस्तावित की, इटली का सैन्य बेस देने से इनकार
- तेहरान के अस्पताल, कैंसर की दवा बनाने वाली फैक्टरी पर हमला

दुबई/तेहरान, एजेंसी

अमेरिका-ईरान संघर्ष के बीच मंगलवार तड़के अमेरिका ने तीसरी बार ईरान के इस्फहान शहर में स्थित परमाणु ठिकाने को निशाना बनाया, साथ ही तेहरान में एक मनोरोग अस्पताल और कैंसर दवाओं की एक फैक्टरी पर हमला किया। वहीं, तेहरान ने जवाबी कार्रवाई में दुबई तट के पास एक कुवैती तेल टैंकर पर हमला किया।

इस्फहान में हुए हमले के बाद आसमान में काफी ऊंचाई तक आग फैलती हुई दिखी। अमेरिकी कार्रवाई के बाद भी इस्फहान में ईरान का संवर्धित यूरेनियम संग्रहित होने की आशंका जताई जाती है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने हमले का वीडियो साझा करते हुए कहा कि संघर्ष विराम के लिए कूटनीतिक प्रयास जारी हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अरागची ने कहा कि ईरान केवल अमेरिकी बलों को निशाना बना रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि अमेरिकी बलों को क्षेत्र से बाहर किया जाना चाहिए। वहीं, अमेरिका के सहयोगी खाड़ी देशों ने ईरान के खिलाफ युद्ध को जारी रखने का ट्रंप से अनुरोध किया है। रूस ने कहा है कि अमेरिका-इजराइल दोनों ही शांति नहीं चाहते। चीन और पाकिस्तान ने मंगलवार को पश्चिम एशिया में युद्ध समाप्त करने के लिए पांच सूत्री शांति प्रस्ताव रखा, जिसमें होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों के सुरक्षित आवागमन की मांग भी शामिल है। इटली के रक्षा मंत्री गुइडो क्रोसेटो ने अमेरिका को सिगोनेला बेस के इस्तेमाल की अनुमति देने से इनकार कर दिया है।

## राष्ट्रपति ट्रंप बोले- अमेरिका किसी देश की मदद नहीं करेगा, हमसे तेल खरीदो, नहीं तो हिम्मत दिखाओ और होर्मुज जाकर ले लो



### ऊंची कीमतों से परेशान देश अपना तेल स्वयं हासिल करें



दुबई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि तेल की ऊंची कीमतों से परेशान देश अपने तेल का इंतजाम स्वयं करें क्योंकि ईरान होर्मुज पर अपना नियंत्रण बनाए हुए है। ट्रंप ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन सहयोगियों के प्रति अपनी निराशा जतायी जोकि महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को फिर से खोलने में अमेरिका की मदद करने को तैयार नहीं हैं। ट्रंप ने लिखा, अपने तेल का स्वयं इंतजाम करें। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे देशों को अमेरिका से खरीद करनी चाहिए क्योंकि हमारे पास पर्याप्त मात्रा में तेल है। ट्रंप की मंगलवार को एक सोशल मीडिया पोस्ट में ये टिप्पणी ऐसे समय आईं जब अमेरिका में पेट्रोल की औसत कीमत चार डॉलर प्रति गैलन से ऊपर पहुंच गई है।

### ईरान के खिलाफ अभियान अभी खत्म नहीं हुआ: नेतन्याहू



यरुशलम। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को कहा कि ईरान के शासन के खिलाफ इजराइल का अभियान अभी खत्म नहीं हुआ है। नेतन्याहू ने दावा किया कि अमेरिका के साथ संयुक्त अभियानों ने ईरानी शासन की जड़े हिला दी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इजराइल नए क्षेत्रीय गठबंधन बना रहा है। उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि जल्द ही मैं इस क्षेत्र के महत्वपूर्ण देशों के साथ बने नए गठबंधनों के बारे में और अधिक जानकारी साझा कर पाऊंगा। नेतन्याहू ने ईरानी शासन की आलोचना करते हुए कहा, अयातुल्ला शासन ने हमें मिटाने के लिए वर्षों में लगभग एक ट्रिलियन डॉलर खर्च किए। वह एक ट्रिलियन डॉलर बर्बाद हो गए।

### अमेरिका ने हिंद महासागर में तैनात की जल-थल सेना

वॉशिंगटन। ईरान के खिलाफ संभावित अमेरिकी जमीनी अभियान की अटकलों के बीच, उभयचर आक्रमण पोत यूएसएस ट्रिपोली को हिंद महासागर में तैनात किया गया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान ने यह जानकारी दी। सेंटकॉम द्वारा जारी एक तस्वीर में 45,000 टन वजनी युद्धपोत को रविवार को हिंद महासागर में नौवहन करते हुए दिखाया गया। अमेरिका के रक्षा विभाग द्वारा 26 मार्च को साझा की गयी तस्वीरों के अनुसार, ट्रिपोली पर 31वें समुद्री अभियान दल के लगभग 1,800 नौसैनिक तैनात हैं।

## ब्रीफ न्यूज

### टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस भाजपा में शामिल



नई दिल्ली। बंगाल चुनाव से पहले मंगलवार को यहां भाजपा में शामिल हुए टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने कहा कि यह महज औपचारिकता नहीं, बल्कि एक जिम्मेदारी है और राष्ट्र की सेवा करने का एक बड़ा अवसर भी है। भाजपा में उनका स्वागत करते हुए किरेन रीजीजू ने उम्मीद जताई कि पार्टी की ओर से पेस अब राजनीति में बड़ी पारी खेलेंगे। पेस (52) रीजीजू और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार, राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह और मुख्य प्रवक्ता अनिल बलूनी की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। (विस्तृत खेल पेज पर)

### सीबीआई ने रिश्वत लेने के आरोप में अधिकारी को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। सीबीआई ने रतलाम में तैनात सीजीएसटी के एक सहायक आयुक्त को कथित तौर पर 1.5 लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में मंगलवार को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने शंकर परमार को 1.5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। यह कार्रवाई परमार द्वारा कथित तौर पर 5 लाख की रिश्वत मांगने के मामले में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज किये जाने के कुछ घंटों बाद की गई।

# मंदिर में भगदड़, 8 की गई जान

## नालंदा के शीतला माता मंदिर में जान गंवाने वालों में ज्यादातर महिलाएं, 25 हजार श्रद्धालु थे मौजूद | वीआईपी मूवमेंट पर तैनात थे हजारों सुरक्षाकर्मी मंदिर में नहीं थे सुरक्षा व्यवस्था के कोई इंतजाम

बिहार शरीफ, एजेंसी

बिहार के नालंदा जिले में दीपनगर थानाक्षेत्र के मघड़ा गांव में प्राचीन शीतला माता मंदिर में मंगलवार सुबह भगदड़ मचने से आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना के बाद मंदिर परिसर और अस्पताल में अफरा-तफरी का माहौल नजर आया। बता दें कि नालंदा में ही राष्ट्रपति का वीआईपी मूवमेंट भी था, इसलिए सुरक्षा व्यवस्था में हजारों कर्मी तैनात थे।

भगदड़ के बाद स्थानीय प्रशासन और पुलिस बल अधिकारी मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। भगदड़ के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। मंदिर में करीब 25 हजार श्रद्धालु थे। बिहारशरीफ के सहायक पुलिस अधीक्षक नूरुल हक ने कहा, मंगलवार सुबह शीतला माता मंदिर में भगदड़ के दौरान कम से कम आठ श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जिनमें अधिकतर महिलाएं थीं। नालंदा के उप विकास आयुक्त (डीडीसी) शुभम कुमार ने कहा कि मंदिर में अत्यधिक भीड़ के कारण यह हादसा हुआ होगा। इस बीच, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा शोक व्यक्त कर मृतकों के परिजनों को छह-छह लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। कुमार ने अधिकारियों को घायलों का बेहतर उपचार सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने इस घटना को कथित प्रशासनिक कुप्रबंधन का परिणाम बताते हुए राज्य सरकार की आलोचना की। प्रधानमंत्री मोदी ने घटना में जान गंवाने वालों के प्रति संवेदना व्यक्त की और मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। वहीं राष्ट्रपति ने भगदड़ की घटना को अत्यंत हृदयविदारक बताया।



नालंदा : शीतला माता मंदिर परिसर में भगदड़ मचने के बाद मची चीत्कार।



### भगदड़ कांड की जांच के लिए खंगाले जा रहे सीसीटीवी फुटेज

डीएम ने बताया कि घायल लोगों का इलाज निजी और सरकारी अस्पतालों में चल रहा है और प्रशासन की टीम लगातार उनकी स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराया जा रहा है। घटना के कारणों को लेकर डीएम कुंदन कुमार ने कहा कि मंदिर परिसर में भगदड़ कैसे मची, इसकी जांच सीसीटीवी फुटेज और स्थानीय लोगों के बयान के आधार पर की जा रही है। जो भी दोषी पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### एक-दूसरे के ऊपर गिर गए श्रद्धालु

घटना उस समय हुई जब चैत्र माह के आखिरी मंगलवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे थे। मौके पर मेला भी लगा था, जिससे भीड़ और बढ़ गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भीड़ को नियंत्रित करने के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। दर्शन की जल्दी में धक्का-मुक्की शुरू हो गई और अफरातफरी से कई लोग भीड़ में दब गए। घटना के बाद प्रशासन ने मंदिर और मेला दोनों को बंद करवा दिया है।

### थानाध्यक्ष तत्काल प्रभाव से निलंबित

इस बीच पुलिस कर्तव्य में लापरवाही के आरोप में दीपनगर के थानाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है तथा घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं। बयान के अनुसार मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जांच में मदद के लिए फॉरेंसिक विशेषज्ञों को भी लगाया गया है।

# जंग का फायदा उठाने के लिए कांग्रेस 'राजनीतिक गिद्ध' की तरह घात लगाए हुए है : मोदी

थराद(गुजरात), एजेंसी



- बोले- भारत ने मजबूत विदेश नीति व अपनों की एकजुटता से इस स्थिति का मुकाबला प्रभावी ढंग किया

प्रधानमंत्री मोदी ने मंगलवार को कहा कि जहां दुनिया युद्ध, अशांति और ईंधन की बढ़ती कीमतों का सामना कर रही है वहीं भारत ने अपनी मजबूत विदेश नीति और अपने लोगों की एकजुटता के कारण इस स्थिति का मुकाबला प्रभावी ढंग से किया है। मोदी ने कांग्रेस पर लोगों में दहशत फैलाने का आरोप लगाया ताकि लोग पेट्रोल पंपों और गैस एजेंसियों पर लंबी कतारें लगा सकें। उन्होंने मुख्य विपक्षी पार्टी की तुलना 'राजनीतिक गिद्धों' से करते हुए कहा कि वह (पश्चिम एशिया युद्ध से उत्पन्न) स्थिति का राजनीतिक फायदा उठाने की फिराक में है।

मोदी ने गुजरात के वाव थराद जिले के नानी गांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ऐसे समय में जब दुनिया युद्ध, अशांति और बढ़ती ईंधन कीमतों से जूझ रही है, भारत ने अपनी मजबूत विदेश नीति से स्थिति को प्रभावी ढंग से संभाला है। कहा कि कुछ दल, विशेषकर कांग्रेस, राष्ट्रीय एकता का समर्थन करने के बजाय भय फैलाकर स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं। आज कांग्रेस लोगों को उकसाने में व्यस्त है। राजनीतिक गिद्धों की तरह, यह स्थिति के बिगड़ने की प्रतीक्षा कर रही है ताकि फायदा उठाकर राजनीतिक बढ़त हासिल की जा सके।

### संघर्ष ने हर देश को प्रभावित किया

मोदी ने दावा किया कि प. एशिया की परिस्थितियों ने हर देश को प्रभावित किया है, लेकिन भारत ने स्थिति को अच्छी तरह से संभाला है। विपक्ष पर अपना हमला जारी रखते हुए कहा कि वे अराजकता फैलाना चाहते हैं। हालांकि, कांग्रेस लोगों को पेट्रोल पंप पर लंबी कतारें लगाने और अव्यवस्था फैलाने के लिए उकसाने की कोशिश कर रही है।

# आईएएस रिंकू का इस्तीफा नौकरशाही पर उठाए सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- बोले, लंबे समय से न कोई जिम्मेदारी दी गई न ही जनसेवा का अवसर

अमृत विचार : यूपी कैडर के 2023 बैच के आईएएस अधिकारी रिंकू सिंह राही के इस्तीफे ने प्रशासनिक हलकों में हलचल मचा दी है। उन्होंने अपने त्यागपत्र में गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें लंबे समय से न तो कोई जिम्मेदारी दी गई और न ही जनसेवा का अवसर मिला। रिंकू को पिछले साल जुलाई में शाहजहांपुर में एसडीएम/संयुक्त मजिस्ट्रेट रहते एक वकील से कान पकड़वाकर उठक-बैठक कराने के मामले के भारी विरोध प्रदर्शन के बाद शासन ने साइडलाइन करके राजस्व परिषद से संबद्ध कर दिया था।

रिंकू सिंह राही ने उचित माध्यम से राष्ट्रपति को भेजे इस्तीफे में कहा है कि एसडीएम रहते हुए की गई कार्रवाई के बाद उन्हें साइडलाइन कर दिया गया है। एक ईमानदार अधिकारी के लिए गरिमापूर्ण और सार्थक कार्य न मिलना बेहद पीड़ादायक है। उन्होंने कहा है कि उन्हें वेतन तो मिल रहा था, लेकिन जनता की सेवा का अवसर नहीं दिया जा रहा था, जो उनके लिए अस्वीकार्य था। ऐसे में उन्होंने इसे नैतिक और सैद्धांतिक निर्णय बताते हुए सेवा छोड़ने का कदम उठाया। इससे वे काफी आहत थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि प्रदेश में संवैधानिक व्यवस्था के समानांतर एक अलग सिस्टम काम कर रहा है, जो अधिकारियों की भूमिका को प्रभावित करता है।

### प्रोफाइल: रिंकू सिंह राही

- शिक्षा : बीटेक, एमए
- गृह जनपद : अलीगढ़
- जन्म : 20 मई 1982
- नियुक्ति : 1 अगस्त 2023
- पहली तैनाती : सहायक मजिस्ट्रेट, मथुरा
- संयुक्त मजिस्ट्रेट : शाहजहांपुर
- 30 जुलाई 2025 से राजस्व परिषद, लखनऊ से संबद्ध

### बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट मामले में भी उठे थे सवाल

हाल के दिनों में प्रदेश की नौकरशाही को लेकर कई घटनाओं ने कार्य संस्कृति और समन्वय पर सवाल खड़े किए हैं। बरेली में सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री का इस्तीफा और बाद में निलंबन का मामला चर्चा में रहा, जिसमें सार्वजनिक रूप से विरोध और प्रशासनिक आचरण को लेकर विवाद सामने आया। इसी तरह कुछ अन्य जिलों में भी अधिकारियों और स्थानीय समूहों के बीच टकराव की घटनाएं सामने आई हैं, जिससे प्रशासनिक संतुलन और संवाद की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

# दोहरे हत्याकांड में आरोपी विधायक अभय सिंह दोषमुक्त

विधि संवाददाता, लखनऊः राजधानी में 19 साल पहले हुए दोहरे हत्याकांड में आरोपी विधायक अभय सिंह को कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया है। लखनऊ एमपी एमएलए कोर्ट ने मामले में आरोपी रहे रविंद्र सिंह उर्फ रज्जू, अजय प्रताप सिंह उर्फ अजय सिपाही और फिरोज अहमद को भी बरी कर दिया है। 31 मार्च 2007 की रात नौ बजे थाना बाजार खाला इलाके में शत्रुघ्न सिंह उर्फ छोटू व जितेंद्र त्रिपाठी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या की एफआईआर शत्रुघ्न सिंह के पिता नारद मुनि सिंह ने दर्ज कराई थी। विवेचना के बाद 13 अगस्त 2008 को पुलिस ने रज्जू, अजय सिपाही और फिरोज के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। जबकि अभय सिंह के खिलाफ अलग से मामला दर्ज किया गया था। सुनवाई के दौरान पता चला कि वारदात के दिन अभय सिंह एनएसए के एक मामले में जिला कारागार में बंद था।

# नाबालिग से दुष्कर्म और हत्या के दोषी को मृत्यु दंड की सजा

प्रयागराज। यहां की पॉक्सो अदालत ने एक नाबालिग से दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या करने के दोषी व्यक्ति को मृत्यु दंड की सजा सुनाई है। अपर सत्र न्यायाधीश (पॉक्सो अदालत) विनोद कुमार चौरसिया ने अभियुक्त मुकेश पटेल को दोषी करार देते हुए सोमवार को यह सजा सुनाई। तीन अक्टूबर, 2024 को शाम करीब छह बजे आठ वर्षीय नाबालिग लड़की एक मेडिकल स्टोर गई थी और घर लौटते समय लापता हो गई। अगले दिन पास के एक खेत में उसका शव पड़ा मिला। प्रयागराज के थाना सोरांव में चार अक्टूबर को लिखित तहरीर पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। साक्ष्य और गवाहों के बयान पर आरोपी मुकेश को गिरफ्तार किया था।

# कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़े

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया संकट के कारण आपूर्ति संबंधी बाधाओं के बीच तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार से 19 किलोग्राम वाले वाणिज्यिक रसोई गैस सिलेंडर की कीमतों में करीब 195 रुपए बढ़ोतरी की घोषणा की है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन सूत्रों के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पहली अप्रैल से 19 किलोग्राम वाला एलपीजी सिलेंडर 2,078.50 रुपये का मिलेगा।

# हर जिले में तैनात होंगे 'मुख्यमंत्री फेलो': योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- जिला ओटीडी सेल की क्षमता बढ़ाने और डेटाआधारित विकास पर जोर

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को गति देने के लिए मुख्यमंत्री योगी ने प्रत्येक जनपद में 'मुख्यमंत्री फेलो' की तैनाती के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को हुई उच्चस्तरीय बैठक में उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर विकास को साक्ष्य-आधारित और परिणामोन्मुख बनाया जाना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जिला ओटीडी (वन ट्रिलियन डॉलर) सेल की आर्थिक व डेटा विश्लेषण क्षमता को मजबूत किया जाए। इसके तहत हर जिले में आर्थिक विकास विशेषज्ञ व एक डेटा विश्लेषक को 'ओटीडी मुख्यमंत्री फेलो' के रूप में नियुक्त किया जाएगा। ये विशेषज्ञ स्थानीय संसाधनों, निवेश के अवसरों और आर्थिक संभावनाओं का वैज्ञानिक विश्लेषण करेंगे। साथ ही जनपद-आधारित विकास रणनीति तैयार कर जिला ओटीडी सेल को मजबूत बनाएंगे, जिससे योजनाएं अधिक प्रभावी और लक्षित होंगी। यह भी निर्देश दिया कि फेलो द्वारा किए गए कार्यों की मासिक प्रगति रिपोर्ट ऑनलाइन डैशबोर्ड पर अपलोड की जाए। इसके अलावा प्रमुख सचिव और सचिव स्तर पर त्रैमासिक समीक्षा एवं प्रस्तुतीकरण भी सुनिश्चित किया जाएगा।

बदलाव

## एफएंडओ सौदों पर एसटीटी बढ़ेगी, भारत में डेटा सेंटर सेवाएं लेने वाली विदेशी कंपनियों को 2047 तक 20 वर्ष की कर छूट

# नया आयकर कानून एवं कई बजटीय प्रावधान आज से लागू

नई दिल्ली, एजेंसी

नए आयकर कानून और अन्य बजटीय प्रावधान एक अप्रैल से लागू होंगे। इन बजटीय प्रावधान में वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) व्यापार पर उच्च प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) और चिकित्सा तथा शिक्षा उद्देश्यों के लिए विदेशी पर्यटन पैकेज एवं एलआरएस प्रेषणों पर कम टीसीएस शामिल हैं।

इसके अलावा, भारत में डेटा सेंटर सेवाएं लेने वाली विदेशी कंपनियों को 2047 तक 20 वर्ष की कर छूट और सॉफ्टवेयर कंपनियों के लिए 'सेफ हार्बर' प्रावधानों की सीमा बढ़ाने से संबंधित बजट घोषणाएं भी वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत के साथ बुधवार से प्रभावी हो जाएंगी।




आयकर अधिनियम, 2025 एक अप्रैल 2026 से आयकर अधिनियम, 1961 का स्थान लेगा। नए कानून का उद्देश्य उसी कर नीति को अधिक तार्किक, सुलभ एवं पाठक-अनुकूल प्रारूप में प्रस्तुत करना है। आयकर विभाग ने कहा कि बदलाव अवधि के दौरान उसका ई-फाइलिंग मंच पुराने और नए दोनों आयकर कानूनों के तहत अनुपालन की सुविधा देगा। साथ ही, पिछले वर्षों से संबंधित सभी आकलन, अपील एवं अन्य कार्यवाही अंतिम निपटान तक पुराने कानून के तहत ही जारी रहेंगी। आकलन वर्ष 2026-27 (जो पुराने कानून की अवधि से संबंधित है) के लिए जुलाई 2026 में रिटर्न दाखिल करने वाले करदाता पुराने कानून के तहत निर्धारित प्रपत्रों का ही उपयोग करेंगे। कर वर्ष 2026-27 के लिए अग्रिम कर भुगतान जो जून 2026 से शुरू होगा। उसे नए कानून के अनुसार किया जाएगा। आयकर अधिनियम, 2025 में आकलन वर्ष और पूर्व वर्ष के अंतर को समाप्त कर एकल 'कर वर्ष' व्यवस्था लागू की गई है। साथ ही, समय सीमा के बाद आयकर रिटर्न दाखिल होने पर भी टीडीएस की वापसी बिना किसी दंड शुल्क के लेने की अनुमति दी गई है। एक अप्रैल से लागू होने वाला एक अन्य बड़ा बदलाव एफएंडओ सौदों पर एसटीटी में वृद्धि है। वायदा अनुबंधों पर एसटीटी 0.02 प्रतिशत से बढ़कर 0.05 प्रतिशत हो जाएगा।

### अब टोल प्लाजा पर नहीं चलेगा कैश

1 अप्रैल 2026 से देश के सभी टोल प्लाजा पूरी तरह से कैशलेस हो जाएंगे और आप अगर कैश देकर टोल पेमेंट करना चाहेंगे तो फंस जाएंगे। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने देश के राजमार्गों पर सफर को ज्यादा आसान और और पारदर्शी बनाने के लिए टोल कलेक्शन से जुड़े नियमों में बड़ा बदलाव करते हुए कैश ट्रांजेक्शन को खत्म करने का फैसला किया है और आप अब सिर्फ फास्टैग या ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिये ही टोल फीस का भुगतान कर सकते हैं। एनएचएआई का यह कदम पूरे देश में उसके सभी टोल प्लाजा पर लागू होगा। एनएचएआई के अधिकारियों का मानना है कि पूरी तरह से डिजिटल सिस्टम से वाहनों को टोल प्लाजा से तेजी से गुजरने में मदद मिलेगी और इससे जहां एक तरफ लंबी कतारों से छुटकारा मिलेगा, वहीं ट्रैवल टाइम भी बचेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### ओबरा डी व अनपरा ई का ज्वाइंट वेंचर खत्म करने की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से ओबरा डी और अनपरा ई ताप विद्युत परियोजनाओं को ज्वाइंट वेंचर से हटाकर राज्य उत्पादन निगम को सौंपने की मांग की है। समिति का कहना है कि एनटीपीसी लिमिटेड के साथ फरवरी 2023 में हुए एमओयू के बावजूद तीन वर्ष में भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, जो गंभीर चिंता का विषय है। समिति के अनुसार, एनटीपीसी की प्राथमिकता अब ग्रीन और न्यूक्लियर ऊर्जा परियोजनाओं पर केंद्रित है, जबकि इन ताप परियोजनाओं की अनदेखी हो रही है। साथ ही, नार्थन कोलफील्ड्स लिमिटेड से कोल पिटहेड लिंकेज न मिलने के कारण परियोजनाएं व्यावसायिक रूप से भी कमजोर हो गई हैं। इधर पावर कॉरपोरेशन द्वारा पहली अप्रैल से संभावित निलंबन कार्रवाई के विरोध में बिजली कर्मियों ने जनसंपर्क अभियान चलाया और सामूहिक सत्याग्रह की चेतावनी दी है।

### अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में जुटे वैश्विक प्रतिनिधि

**अमृत विचार, लखनऊ/कुशीनगर :** कुशीनगर की पावन धरती से विश्व शांति का संदेश देने वाला अंतरराष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन 2026 मंगलवार से शुरू हो गया। 2 अप्रैल तक चलने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में देश-विदेश से आए बौद्ध भिक्षु, संत, विद्वान, नीति-निर्माता और युवा एक मंच पर एकत्र हुए हैं। इस अवसर पर 'बुद्धा लाइफ गैलरी' का भी उद्घाटन किया गया। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि इस सम्मेलन को वैश्विक स्तर पर संवाद और समझ को मजबूत करने की महत्वपूर्ण पहल बताया। सम्मेलन के पहले दिन 'धम्म, संवाद और विकास' विषय पर पैनल चर्चा आयोजित की गई, जिसमें दक्षिण कोरिया, लाओस, जापान और भारत के विशेषज्ञों ने भाग लिया।

### अग्निवीर भर्ती रैली आज से, तैयारी पूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** सेना के मुख्यालय भर्ती क्षेत्र (उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड) के तत्वावधान में पहली अप्रैल से आगरा कैंट स्थित एकलव्य स्पोर्ट स्टेडियम में अग्निवीर भर्ती रैली होगी। रैली में प्रदेश के 12 जिलों के ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम उत्तीर्ण करने वाले 19 हजार अभ्यर्थी दमखम दिखाएंगे। अभ्यर्थियों के बीच शारीरिक, चिकित्सीय एवं दस्तावेज सत्यापन प्रक्रिया कराई जाएगी। सेना के साथ जिला प्रशासन ने व्यवस्थाएं पूर्ण कर ली हैं। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए टेंट, कूलर, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा, यातायात नियंत्रण, कानून-व्यवस्था के प्रबंध किए हैं। अभ्यर्थी प्रवेश पत्र के अनुसार निर्धारित समय पर उपस्थित होंगे। आवश्यक दस्तावेज साथ लाएंगे। सेना ने दलालों से सावधान रहने की सलाह दी है।

### रुपये और भाजपा की छवि में गिरावट की होड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा



सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि आज देश में रुपये और भाजपा की छवि के बीच "गिरावट की होड़" चल रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जैसे-जैसे भाजपा नेताओं के कांड, भ्रष्टाचार और अनियमितताओं का खुलासा हो रहा है, वैसे-वैसे पार्टी की छवि लगातार गिरती जा रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा और उसके सहयोगियों के मामलों में खुलासे तो हो रहे हैं, लेकिन नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफे नहीं दिए जा रहे।

# आर्मी ऑफिसर बनकर ठगी करने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एसटीएफ की वाराणसी यूनिट ने दबोचा



आरोपी धर्मेंद्र

**अमृत विचार:** यूपी एसटीएफ और वाराणसी के भेलूपुर पुलिस की टीम ने फर्जी आर्मी ऑफिसर बनकर नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के सरगना को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने बेरोजगारों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर 15 लाख रुपये से अधिक की ठगी की। आरोपी के पास से टीम ने दो मोबाइल, दो आईडी कार्ड मिनिस्ट्री ऑफ डिफेंस, तीन पैन कार्ड, तीन आधार कार्ड, दो ड्राइविंग लाइसेंस, तीन डेबिट कार्ड, दो अंक पत्र, एक शैक्षिक प्रमाण पत्र बरामद किया है।

एसटीएफ के एएसपी विनोद कुमार सिंह के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी धर्मेंद्र कुमार पांडेय चंदौली के अलीनगर स्थित कैली गांव का रहने वाला है। आरोपी को भेलूपुर थाना क्षेत्र के विभूति इन्क्लेव अपार्टमेंट के पास से रविवार देर रात पकड़ा गया। जांच में सामने आया कि आरोपी खुद को कर्नल बताकर बेरोजगार युवकों को सेना, रेलवे, शिक्षा विभाग और अर्द्धसैनिक बलों में नौकरी दिलाने का झांसा देता था। वह फर्जी पहचान पत्र दिखाकर लोगों का विश्वास जीतता और उनसे मोटी रकम वसूलता था। ठगी की रकम को छिपाने के लिए उसने अलग-अलग नामों और दस्तावेजों से कई बैंक खाते भी खुलवा रखे थे। आर्मी से मिले इनपुट के आधार पर सक्रिय हुई एसटीएफ ने छानबीन शुरू की। खुद को सेना में कमांडिंग अफसर बताते हुए धर्मेंद्र ने सेना, रेलवे और शिक्षा विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी की। आरोपी के खिलाफ भेलूपुर थाने में एफआईआर दर्ज है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया है।

# अटल विद्यालयों में लागू होगा 'प्रोजेक्ट प्रवीण'

## आईटी, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स और एआई जैसे आधुनिक कोर्स से छात्र होंगे सशक्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 'स्कूल से स्किल' को बढ़ावा, 18 विद्यालयों के 3447 विद्यार्थियों को मिलेगा कौशल प्रशिक्षण




**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार ने शिक्षा और कौशल विकास को एकीकृत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। उप्र. कौशल विकास मिशन के तहत अब प्रदेश के 18 अटल आवासीय विद्यालयों में 'प्रोजेक्ट प्रवीण' लागू किया जाएगा, जिससे 3447 विद्यार्थियों को आधुनिक कौशल प्रशिक्षण मिलेगा।

'प्रोजेक्ट प्रवीण' के तहत विद्यार्थियों को आईटी, आईटीईएस, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) जैसे आधुनिक क्षेत्रों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे पहले यह कार्यक्रम केवल सरकारी और सहायता प्राप्त विद्यालयों तक सीमित था, लेकिन अब अटल आवासीय विद्यालयों को शामिल करने से इसका दायरा और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे।

मिशन निदेशक पुलकित खरे की पहल पर कराए गए सर्वे के आधार पर प्रदेश के 18 जिलों- आगरा, अलीगढ़, अयोध्या, आजमगढ़, बस्ती, बांदा, गोंडा, झांसी, कानपुर नगर, लखनऊ, बुलंदशहर, मिर्जापुर, प्रयागराज, गोरखपुर, मुजफ्फरनगर, वाराणसी, बरेली और मुरादाबाद के अटल आवासीय विद्यालयों का चयन किया गया है। इन विद्यालयों के कुल 3447 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण के लिए पात्र पाया गया है। सर्वे में विद्यार्थियों की विशेष रुचि आईटी, हेल्थकेयर, इलेक्ट्रॉनिक्स और अपैरल सेक्टर में सामने आई है। अटल आवासीय विद्यालय प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना का हिस्सा हैं, जिनका उद्देश्य श्रमिकों, प्रवासी कामगारों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रतिभावान बच्चों को निःशुल्क आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराना है। कक्षा 6 से 12 तक संचालित इन विद्यालयों में अब कौशल प्रशिक्षण जोड़ने से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को नया आयाम मिलेगा। मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि 'प्रोजेक्ट प्रवीण' 210 घंटे का निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें आईटी, ब्यूटी, हेल्थकेयर और इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ-साथ सॉफ्ट स्किल्स और इंडस्ट्रियल विजिट भी शामिल हैं। इसके अलावा इसमें 'एआई फॉर ऑल' मॉड्यूल को भी जोड़ा गया है, जिससे विद्यार्थी तकनीकी रूप से और अधिक सक्षम बन सकें।

# वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में खुला खजाना, कई परियोजनाएं मंजूर

## वित्त विभाग के निर्देश दरकिनार, अरबों रुपये के विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- मुख्यमंत्री की नाराजगी के बावजूद अंतिम दिनों में तेज रहा धनावंटन



**अमृत विचार:** प्रदेश में वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में वित्तीय अनुशासन की अनदेखी साफ नजर आई। वित्त विभाग के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद विभिन्न विभागों ने अंतिम समय में अरबों रुपये के विकास कार्यों और परियोजनाओं को मंजूरी दे दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इस प्रवृत्ति पर नाराजगी जताने के बावजूद धन आवंटन की रफ्तार पर कोई खास असर नहीं पड़ा।

पिछले पांच कार्य दिवसों में शासन स्तर पर जारी आदेशों में वित्तीय वर्ष 2025-26 की वित्तीय और प्रशासनिक स्वीकृतियां ही प्रमुख रहीं। लोकनिर्माण विभाग पहले से ही अंतिम समय में बजट खर्च करने के लिए चर्चित रहा है, लेकिन इस बार नगर नियोजन, नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन, कारागार, संस्कृति, चिकित्सा शिक्षा, न्याय, आईटी और उद्योग समेत दर्जनों विभाग इस दौड़ में शामिल दिखे। मंगलवार को देर शाम तक ऐसे शासनादेश जारी होते रहे और लंबित प्रस्तावों को तेजी से मंजूरी दी गई। इनमें सड़क निर्माण, भवन परियोजनाएं और अन्य विकास कार्य प्रमुख रहे। शीर्ष अधिकारियों का मानना है कि वर्ष भर योजनाओं के समय पर तैयार न होने के कारण अंतिम दिनों में एक साथ प्रस्ताव भेजे गए, जिससे यह स्थिति बनी।

हालांकि वित्त विभाग ने पहले ही निर्देश दिए थे कि वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में बड़े पैमाने पर धन आवंटन से बचा जाए, ताकि अनियोजित खर्च और गुणवत्ता में कमी न हो। बावजूद इसके, विभागों ने निर्देशों की अनदेखी करते हुए फाइलों को तेजी से निपटाया। हाल ही में समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस प्रवृत्ति पर असंतोष जताया था। उन्होंने कहा था कि अंतिम दिनों में अत्यधिक धन आवंटन से पारदर्शिता और गुणवत्ता दोनों प्रभावित होती हैं और विभागों को पूरे वर्ष योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना चाहिए।

विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह की जल्दबाजी से परियोजनाओं की गुणवत्ता पर असर पड़ता है और भ्रष्टाचार या अनियमितताओं की आशंका भी बढ़ जाती है, जिससे वित्तीय प्रबंधन पर गंभीर प्रश्न खड़े होते हैं।

### क्या कहते हैं नियम

- अंतिम तिमाही में खर्च नियंत्रित रखना जरूरी
- आखिरी दिनों में बड़े आवंटन से बचने के निर्देश
- योजनाओं का क्रियान्वयन पूरे वर्ष संतुलित तरीके से हो
- गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखना प्राथमिकता

### बैंक कर्मी करते रहे ऑडिट, कल से लेन-देन

वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन मंगलवार को बैंक शाखाएं आम ग्राहकों के लिए बंद रहीं और कर्मचारी पूरे दिन वार्षिक ऑडिट कार्य में व्यस्त रहे। खातों का मिलान, बैलेंस शीट तैयार करने और लेनदेन का अंतिम सत्यापन किया गया। इस दौरान केवल आंतरिक कार्य किए गए। बैंक अधिकारियों के अनुसार, यह प्रक्रिया नए वित्तीय वर्ष की सुचारु शुरुआत के लिए जरूरी है। अब बैंक 2 अप्रैल को सामान्य रूप से खुलेंगे और नियमित कामकाज शुरू होगा।



लखनऊ में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक के दौरान बसपा प्रमुख मायावती। अमृत विचार

# जनहित की अनदेखी कर रही सरकार बहुजन हितैषी विकास ही समाधान

## यूपी स्टेट व जिला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ मायावती ने की बैठक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- संगठन की मजबूती, जनाधार विस्तार और आगामी चुनाव की तैयारियों पर दिया जोर

**अमृत विचार:** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मंगलवार को यूपी स्टेट व जिला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में संगठन की मजबूती, जनाधार विस्तार और आगामी चुनावी तैयारियों पर जोर दिया। मायावती ने कहा कि देश और जनहित के प्रति सरकार की उदासीनता के कारण आम जनता में निराशा बढ़ी है और लोग अब बीएसपी से उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। ऐसे में पार्टी को जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ काम करना होगा।

बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने बैठक में पार्टी के पिछले दिशा-निर्देशों पर अमल की समीक्षा करते हुए उन्होंने कार्यकर्ताओं को और अधिक सक्रियता, निष्ठा और मेहनत के साथ काम करने का निर्देश दिया। सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकांश मामलों में केवल वादों और जुमलों के जरिए लोगों की समस्याओं को हल करने का प्रयास किया जा रहा है, जो बेहद दुखद है।

उन्होंने प्राइवेट सेक्टर पर अत्यधिक निर्भरता को लेकर भी चिंता जताई और कहा कि इससे देश की आत्मनिर्भरता प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में विकास का लाभ केवल कुछ गिने-चुने लोगों तक सीमित रह गया है। इसलिए देश और प्रदेश में बहुजन हितैषी विकास मॉडल को अपनाना बेहद जरूरी है।

चुनावी तैयारियों को लेकर उन्होंने निर्देश दिया कि पार्टी प्रत्याशियों के चयन में सर्वसमाज का संतुलित प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को किसी भी हालत में टिकट न दिया जाए। इसके साथ ही उन्होंने 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती को मिशनरी भावना के साथ मनाने के निर्देश दिए।

# रेलवे और बस स्टेशनों पर भी 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट की गई सक्रिय

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिला कल्याण विभाग की 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से अब तक प्रदेश में 2.31 लाख से अधिक जरूरतमंद बच्चों को सहायता प्रदान की जा चुकी है। प्रदेश सरकार ने इस सेवा का विस्तार करते हुए इसे रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों तक भी पहुंचा दिया है।

महिला कल्याण विभाग की निदेशक डॉ. वंदना वर्मा के अनुसार, प्रदेश के प्रत्येक जिले में हेल्पलाइन यूनिट सक्रिय रूप से संचालित है, जो संकट में फंसे बच्चों तक त्वरित पहुंच सुनिश्चित करती है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में ही 77 हजार से अधिक बच्चों को इस सेवा के माध्यम से मदद मिली है। रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों पर अक्सर भटकने वाले या जोखिम में पड़े बच्चों की पहचान और सहायता के लिए विशेष यूनिट तैनात की गई हैं। राज्य स्तर पर एक कंट्रोल रूम के साथ-साथ सभी जनपदों में हेल्पलाइन यूनिट, 28 रेलवे स्टेशन यूनिट और 11 बस स्टैंड यूनिट सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं।

इस हेल्पलाइन सेवा की खासियत इसकी त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली है। किसी भी आपात कॉल के प्राप्त होते ही संबंधित टीम 60 मिनट के भीतर मौके पर पहुंचकर बच्चों को सुरक्षित निकालती है।

# 50 हजार का इनामी पशु तस्कर गिरफ्तार

- एसटीएफ ने प्रयागराज से दबोचा भेजा जेल

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी एसटीएफ की प्रयागराज यूनिट की टीम ने प्रतापगढ़ में गोहत्या और पशु तस्करी के मामले में फरार चल रहे 50 हजार के इनामी आरोपी को रविवार देर रात गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ दर्जनों मामले दर्ज हैं। उसे प्रतापगढ़ के देल्हूपुर थाने में दर्ज मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी शैलेष प्रताप सिंह के मुताबिक, प्रयागराज के शिवकुटी स्थित तेलियरगंज चौराहे गिरफ्तार आरोपी मो. इब्राहिम प्रयागराज के पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के अहमदपुर असरौली हटवा गांव का रहने वाला है। वह प्रतापगढ़ के देल्हूपुर थाने में दर्ज मामले में फरार चल रहा था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि जनवरी 2026 में उसने अपने साथियों के साथ मिलकर प्रतापगढ़ के बरसण्डा गांव से गोवंश की चोरी की थी। इसके बाद सिर काटकर नदी में फेंक दिया गया और मांस बेचने के लिए बाकी हिस्सा ले गए थे। पुलिस ने प्रतापगढ़ के देल्हूपुर थाने में दर्ज मामले में कोर्ट में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया।

# अलीगढ़ में बनेगा पहला 'लॉक म्यूजियम'

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ताला उद्योग का सालाना कारोबार 10 हजार करोड़ के पार जाने का अनुमान
- शोध और तकनीकी विकास का बनेगा केंद्र




**अमृत वितार:** प्रदेश के अलीगढ़ का ऐतिहासिक ताला उद्योग अब वैश्विक मंच पर नई पहचान बनाने जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यहां देश का पहला 'लॉक म्यूजियम' स्थापित किया जाएगा। इस पहल से न केवल इस पारंपरिक उद्योग को संरक्षित किया जाएगा, बल्कि इसे आधुनिक तकनीक और नवाचार से भी जोड़ा जाएगा। इस परियोजना के साथ ताला उद्योग का सालाना कारोबार 10 हजार करोड़ रुपये के पार पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

अलीगढ़ की भौगोलिक स्थिति भी इस परियोजना को खास बनाती है, क्योंकि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट से महज 50 किलोमीटर की दूरी पर स्थित होने के कारण यहां अमेरिका और यूरोप से बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक पहुंच सकेंगे।

नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा के अनुसार, यह म्यूजियम केवल प्रदर्शनी स्थल नहीं होगा, बल्कि एक समग्र औद्योगिक और शैक्षणिक केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। यहां पारंपरिक हस्तनिर्मित तालों से लेकर आधुनिक हाई-टेक सुरक्षा प्रणालियों तक के विकास को प्रदर्शित किया जाएगा, जिससे नई पीढ़ी इस उद्योग की विरासत और तकनीकी यात्रा को समझ सकेगी।

म्यूजियम में प्रशिक्षण, शोध और तकनीकी विकास से जुड़े कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे। साथ ही कारीगरों को आधुनिक तकनीकों से जोड़कर उनकी उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार किया जाएगा। ताला बनाने वाली एमएसएमई इकाइयों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्पादों को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।

# मेरठ में पांच बिजली अफसरों पर गिरी गाज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने पर कार्रवाई

**अमृत विचार:** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने मेरठ में लगातार ट्रांसफार्मर फेल होने और लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रहने के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच बिजली अधिकारियों को निलंबित कर दिया है।

प्रबंध निदेशक रवीश गुप्ता ने उद्योगपुरम और सोफीपुर में क्षतिग्रस्त पावर ट्रांसफार्मरों के लिए अधिशासी अभियंता वीके सिंह के साथ सहायक अभियंता विशाल सिंह व विद्यासागर और अवर अभियंता सतीश चंद्र चौधरी व अनुराग प्रताप सिंह निलंबित किया है। इसके अलावा मामले में लापरवाही को लेकर चीफ इंजीनियर मुनीश चोपड़ा और अधीक्षण अभियंता अरशद से स्पष्टीकरण भी मांगा गया है। यह कार्रवाई पावर कारपोरेशन के अध्यक्ष आशीष गोयल के हस्तक्षेप के बाद की गई, जिन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल रिपोर्ट तलब की थी। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, पूरे मामले की विस्तृत जांच भी कराई जा रही है।

उपलब्धि | 70 वर्ष में लगे थे 14 हजार कारखाने, वहीं बीते 9 वर्ष में 17,841 हुए पंजीकृत

# उद्योगों की बदली तस्वीर, पश्चिमी यूपी बना ग्रोथ इंजन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पश्चिमी यूपी में सबसे ज्यादा 10,895 फैक्ट्रियां, 16.53 लाख लोगों को मिला रोजगार

**अमृत विचार:** प्रदेश में औद्योगिक विकास को लेकर '70 साल बनाम 9 साल' की तस्वीर तेजी से बदलती अर्थव्यवस्था का संकेत दे रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले नौ वर्षों में प्रदेश में 17,841 नए कारखाने पंजीकृत हुए हैं, जबकि आजादी के बाद 70 वर्षों में केवल 14,178 कारखाने ही पंजीकृत हो सके थे।

प्रदेश में वर्तमान में कुल पंजीकृत कारखानों की संख्या 32,019 तक पहुंच चुकी है। इनमें सबसे अधिक 10,895 कारखाने पश्चिमी उत्तर प्रदेश में स्थापित हुए हैं, जिससे यह क्षेत्र औद्योगिक विकास का प्रमुख केंद्र बन गया है। सरकार की 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' नीति, सिंगल विंडो सिस्टम, ऑनलाइन क्लीयरेंस और बेहतर कानून-व्यवस्था के चलते निवेशकों का भरोसा बढ़ा है। सितंबर 2023 से अब तक 10,194 कारखानों का पंजीकरण और चालू वित्तीय वर्ष में 4,746 नए कारखानों का जुड़ना इस रफ्तार को दर्शाता है।

इन कारखानों में 16,53,179 लोगों को रोजगार मिला है, जिनमें 1,23,272 महिलाएं भी शामिल हैं। महिलाओं की बढ़ती भागीदारी प्रदेश में सामाजिक-आर्थिक बदलाव का संकेत दे रही है। मध्य उत्तर प्रदेश में 3,526, पूर्वांचल में 3,205 और बुंदेलखंड में 215 कारखाने स्थापित हुए हैं, जिससे क्षेत्रीय संतुलन के साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। प्रदेश में छोटे, मध्यम और बड़े उद्योगों का संतुलित विकास हुआ है। 14,412 छोटे, 3,213 मध्यम और 118 बड़े कारखाने प्रदेश की औद्योगिक संरचना को मजबूती दे रहे हैं।

### 1.31 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंचा निर्यात

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में निर्यात के क्षेत्र में लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अप्रैल से नवंबर तक प्रदेश का निर्यात 1,31,328 करोड़ तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 1,18,223 .91 करोड़ की तुलना में 11 .08 प्रतिशत अधिक है।

वर्ष 2016-17 में जहां प्रदेश का निर्यात 86 हजार करोड़ था, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 1 .86 लाख करोड़ तक पहुंच गया। मौजूदा रफ्तार को देखते हुए इस वर्ष नया रिकॉर्ड बनने की संभावना है। सरकार की उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन नीतियों, बेहतर कानून-व्यवस्था, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश अनुकूल माहौल ने प्रदेश को निर्यात के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई है। 'लोकल टू ग्लोबल' की अवधारणा के तहत प्रदेश के उत्पाद अब वैश्विक बाजार में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।

आईटी और आईटीईएस सेक्टर में भी उल्लेखनीय उछाल देखा गया है। वर्ष 2015 में जहां इस क्षेत्र का निर्यात 15 हजार करोड़ था, वहीं 2024-25 में यह बढ़कर 82 हजार करोड़ से अधिक हो गया है। प्रदेश के 77 उत्पादों को जीआई टैग मिल चुका है, जबकि 152 अन्य उत्पाद प्रक्रिया में हैं। इससे पारंपरिक उत्पादों को वैश्विक बाजार में नई पहचान मिल रही है।

# यूपी-एमपी के बीच हुए कई समझौते

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/वाराणसी

- काशी में एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन में व्यापार, पर्यटन और उद्योग को नई दिशा
- काशी विश्वनाथ धाम—महाकाल कॉरिडोर सहयोग से धार्मिक पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**अमृत विचार:** वाराणसी में आयोजित एमपी-यूपी सहयोग सम्मेलन 2026 ने मंगलवार को व्यापार, पर्यटन और औद्योगिक विकास को नई दिशा देने की मजबूत पहल की है। सम्मेलन में मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के बीच काशी विश्वनाथ धाम-महाकाल कॉरिडोर सहयोग समेत कई महत्वपूर्ण समझौते हुए, जिनका उद्देश्य आर्थिक, सांस्कृतिक और औद्योगिक सहयोग को बढ़ाना है।

सम्मेलन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मुख्य अतिथि रहे, जबकि उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान, नंद गोपाल गुप्ता और रवीन्द्र जायसवाल उपस्थित रहे। सम्मेलन की सबसे बड़ी उपलब्धि काशी विश्वनाथ धाम और महाकाल कॉरिडोर के बीच सहयोग को लेकर हुआ समझौता रहा। इसके तहत काशी में विकसित सफल प्रबंधन प्रणाली को उज्जैन में लागू किया जाएगा, जिससे धार्मिक पर्यटन को और मजबूती मिलेगी।

सम्मेलन में 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' और जीआई टैग के माध्यम से कारीगरों को वैश्विक मंच देने पर विशेष जोर दिया गया। दोनों राज्यों के बीच हुए समझौते से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलेगी।

सम्मेलन में औद्योगिक नीति, डिजिटल प्लेटफॉर्म और ई-कॉमर्स के जरिए 'लोकल टू ग्लोबल' मॉडल को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया।

सम्मेलन में पर्यटन, उद्योग, ऊर्जा और कृषि क्षेत्र में भी सहयोग बढ़ाने पर सहमति बनी। केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना, सौर ऊर्जा परियोजना और टेक्सटाइल सेक्टर में संयुक्त पहल जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई।

# पुलिस मुठभेड़ में लुटेरे के पैर में लगी गोली

## कलेक्शन एजेंट लूटकांड में दो बदमाश गिरफ्तार, तमंचा, कारतूस, खोखा, बाइक व नकदी बरामद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वारदात में शामिल बदमाशों की तलाश में दबिशें

**अमृत विचार:** खदरा के दीनदयाल नगर में शराब कारोबारी मनीष जायसवाल के कलेक्शन एजेंट काकोरी निवासी हर्ष जायसवाल के साथ हुई 10 लाख रुपये की लूट में शामिल बदमाशों और पुलिस के बीच मंगलवार देर रात मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया, जबकि दूसरे बदमाश को पुलिस ने घेरकर पकड़ लिया। घायल बदमाश को पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने मौके से तमंचा, दो कारतूस, खोखा, घटना में प्रयुक्त एक बाइक और कुछ नकदी बरामद की है। पुलिस पूछताछ के आधार पर वारदात में शामिल अन्य बदमाशों की तलाश में दबिशें दे रही है।

डीसीपी मध्य विक्रांत वीर ने बताया कि खदरा के दीन दयाल नगर निवासी शराब कारोबारी आरके जायसवाल का कर्मचारी काकोरी निवासी हर्ष 25 मार्च की रात 11 मॉडल शॉप से दिनभर की बिक्री का 10 लाख रुपये लेकर कारोबारी के घर जा रहा था। रात करीब सवा 11 बजे वह जैसे ही दीनदयाल नगर स्थित तरन्नुम मार्केट वाली गली में पहुंचा, वहां पहले से मौजूद बदमाशों ने उसे रोक लिया और असलहा दिखाकर पिट्ठू बैग छीन लिया था। विरोध करने पर बदमाशों ने पीठ में चाकू मारकर हर्ष को घायल भी कर दिया था।

पुलिस ने घटनास्थल के आसपास आठ किलोमीटर के दायरे में लगे कई कैमरे चेक किए। जिससे बदमाशों के बारे में जानकारी मिली थी। पुलिस की सात टीमें सर्विलांस की मदद से पड़ोसी जिलों में छापेमारी कर रही थी। एसीपी महानगर अंकित कुमार ने बताया कि मंगलवार देर रात पुलिस को सूचना मिली कि वारदात में शामिल बदमाश बाइक से बंधा रोड होते हुए जाने वाले हैं। इस सूचना पर एसओ मदेयगंज अंजनी कुमार सिंह और डीसीपी मध्य की क्राइम टीम ने बंधा रोड पर घेराबंदी की।



मुठाभेड़ स्थल पर पड़ी बदमाशों की बाइक के पास जांच करते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

पुलिस ने बाइक सवार बदमाशों को देख रूकने का इशारा किया। इसपर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें पैर में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया। जबकि दूसरे बदमाश को पुलिस ने घेरकर पकड़ लिया। एसीपी ने बताया कि घायल बदमाश आलोक तिवारी हरदोई का रहने वाला है। उसे अस्पताल पहुंचाया गया है। दूसरा बदमाश मगन उर्फ सुजीत निवासी हरदोई को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। आरोपी आलोक के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट, लूट समेत करीब सात से अधिक मामले दर्ज हैं। मुठभेड़ की जानकारी मिलते ही डीसीपी मध्य विक्रांत वीर, एडीसीपी मध्य जितेंद्र कुमार दुबे समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। बदमाशों ने पूछताछ में वारदात में शामिल साथियों के बारे में जानकारी दी है। इस आधार पर पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

# जमानत पर छूटे आरोपी ने छात्रा से किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल कर रुपये भी वसूले
- बयान के बाद बढ़ी धाराएं, आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार:** मोहनलालगंज में जमानत पर छूटे दुष्कर्म के आरोपी ने हाईस्कूल की हिंदू छात्रा का अश्लील वीडियो बनाकर यौन शोषण किया। विरोध करने पर सोशल मीडिया पर अश्लील कमेंट कर धमकियां देकर रुपये वसूले। छात्रा के बयान के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म की धारा बढ़ाने के साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 16 वर्षीय छात्रा को पड़ोस में रहने वाले मोनिस खान ने झांसे में फंसाया। धोखे में से छात्रा का आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। इसके बाद मोनिस वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रुपयों की मांग करने लगा। बदनामी से बचने के लिए पीड़िता रुपये देती रही। घर से रुपये गायब होने पर घरवालों ने बेटी से बात की तो उसने मोनिस खान की करतूत बयां की।

बताया कि मोनिस स्कूल आते-जाते छेड़छाड़ करता है। छात्रा के पिता ने सोमवार को आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ व अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करायी। छात्रा के बयान के बाद पुलिस ने मामले में दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ायी। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम बनायी गयी। मंगलवार को सिसेंडी के पास से आरोपी मोनिस खान को गिरफ्तार कर लिया गया। इंस्पेक्टर ने बताया कि आरोपी वर्ष 2023 में किशोरी को बहला-फुसलाकर भगाने व दुष्कर्म के मामले में जेल जा चुका है।

### भनक लगते ही डिलीट की व्हाट्सएप चैट

- पुलिस ने आरोपी मोनिस खान को गिरफ्तार कर उसके मोबाइल फोन की जांच की तो उसमें कोई वीडियो या व्हाट्सएप चैट नही मिली। माना जा रहा है कि रिपोर्ट दर्ज होने की भनक लगते ही आरोपी मोनिस ने मोबाइल फोन से तमाम आपित्तजनक वीडियो डीलिट कर दिए।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोरी को अगवा करने वाला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** किशोरी को बहला-फुसलाकर अगवा करने वाले आरोपी को इटौंजा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी राहुल झांसी के चिरगांव का रहने वाला है। पुलिस ने अपहृत किशोरी को बरामद कर लिया है। 24 मार्च को किशोरी के पिता ने रिपोर्ट दर्ज करायी थी। इंस्पेक्टर इटौंजा ने बताया कि पीड़िता का मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराने के बाद धाराएं बढ़ायी जाएंगी।

### घर के बाहर से बाइक उठा ले गए चोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज में बेखौफ चोर ने घर के बाहर खड़ी बाइक पार कर दी। चोर की करतूत पड़ोसी के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी। इंस्पेक्टर ओमवीर सिंह चौहान ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर फुटेज की मदद से छानबीन की जा रही है। न्यू हैदरगंज स्थित किशोर विहार कॉलोनी निवासी राजेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि 27 मार्च को ड्यूटी से लौटने के बाद मोटरसाइकिल (यूपी 32 जीवी 8662) घर के बाहर खड़ी कर दी थी। खाना खाकर वे सो गए। अगले दिन सुबह उठे तो बाइक गायब थी। उन्होंने इधर-उधर खोजबीन की लेकिन बाइक का कुछ पता नहीं चला। पीड़ित ने घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकार्डिंग चेक की तो देर रात 11:48 बजे एक युवक बाइक चोरी कर ले जाते कैद मिला। पीड़ित ने डॉयल-112 पर सूचना दी। उसके बाद ठाकुरगंज थाने में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### अधेड़ ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** थाना क्षेत्र के मिर्जागंज गल्लामंडी निवासी राज हंस (45) प्राइवेट नौकरी करते थे। परिवार में पत्नी मामता, एक बेटा शिवांश और बेटी अनन्या है। भाई रंजीत ने बताया कि राजहंस कई दिनों से डिप्रेशन में चल रहे थे। सोमवार रात परिवार के साथ खाना खाने के बाद वह कमरे में सोने चले गए। रात करीब साढ़े बारह बजे बेटा शिवम उठा और पिता के कमरे में गया। वहां पिता पंखे से साड़ी के सहारे लटका वह चीख पड़ा। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने घटना की सूचना डॉयल-112 पर दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पड़ोसियों की मदद से शव को फंदे से नीचे उतारा। पुलिस ने परिवारवालों से बात कर छानबीन की।

### बुजुर्ग ने बेटों की पुलिस से शिकायत

**अमृत विचार, बछरावां :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाछूपुर मजरे नीमटीकर गांव से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने जीवनसाथी के साथ-साथ एक पिता के लिए उसके बुढ़ापे का सहारा बनने वाले पुत्रों की करतूतों ने उस बुजुर्ग को आत्मदाह करने पर मजबूर कर दिया। आत्मदाह करने से पूर्व उस 70 वर्षी बुजुर्ग रामखेलावन पुत्र माता प्रसाद के लिए एक युवक फरिश्ता बनकर सामने आ गया और उसने उस बुजुर्ग को थाने पहुंचाकर उसकी शिकायत दर्ज कराई।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक गंभीर

**अमृत विचार, बछरावां :** थाना क्षेत्र के अंतर्गत टेरा बरौला गांव के औसान पुत्र शीतलादीन (31) पारिवारिक विवाद से आजिज आकर जहरीला पदार्थ खा लिया। उसकी हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी ले जाया गया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### आइस्क्रीम को लेकर हुई मारपीट

**अमृत विचार, बछरावां :** थाना क्षेत्र के कसरावा निवासी अमन पुत्र सुरेश (08) का आइस्क्रीम को लेकर गांव की एक बालिका से विवाद हो गया। मारपीट में अमन गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल के परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस द्वारा घायल अमन का इलाज एवं मेडिकल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में कराया गया। वही पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

# सैलून संचालक को अगवा करने वालों की तलाश में दबिश

माल, संवाददाता

- उधार देने के बहाने बुलाया, कर लिया अगवा, बंधक बनाकर वसूले एक लाख
- चार नामजद समेत छह पर रिपोर्ट दर्ज, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी कैमरे

**अमृत विचार :** माल के पीरनगर निवासी सैलून संचालक शिवा शर्मा व उसके साथी रंजीत साहू को अगवा करने के मामले में पुलिस ने देर रात चार नामजद समेत छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया है। इस मामले में आरोपियों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है। वहीं पूरे घटनाक्रम में बताये गये रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

पीरनगर निवासी शिवा शर्मा के मुताबिक उनको ओयो होटल संचालक व माल निवासी शेरा सिंह ने रविवार शाम 3.30 बजे 55 हजार रुपये उधारी चुकाने के लिए बुलाया था। शिवा अपने साथी रंजीत साहू के साथ होटल गया। पर, शेरा सिंह वहां नहीं मिला। शेरा ने शिवा को नई बस्ती बुलाया था। वहां जब शिवा पहुंचा तो पहले से ही शेरा सिंह अपने साथियों शनि सिंह सत्या, अनुभव तिवारी, करन सिंह व दो अज्ञात के साथ मौजूद था। दोनों को मारपीटकर जबरदस्ती गाड़ी में बैठा लिया।

अगवा कर करीब सात घंटे तक शहर के कई इलाकों में घुमाता रहा। इस दौरान शिवा व रंजीत की पिटाई की गई। उसके फोन-पे से ऑन लाइन रकम ट्रांसफर किया गया। मोबाइल लूट लिये। भाई देवा को कॉल कर एक लाख रुपये फिरौती मांगी। देर रात करीब 11 बजे प्रेरणा स्थल पर फिरौती की रकम वसूला।

इसके एक घंटे बाद दुबग्गा के जागर्स पार्क के पीछे फेंक दिया। पुलिस ने शिवा की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर लिया।

पुलिस मंगलवार को शिवा को लेकर नई बस्ती से प्रेरणा स्थल और फिर दुबग्गा जागर्स पार्क गई। इस दौरान पुलिस टीम ने रास्ते में पड़ने वाले सभी सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। कई स्थानों पर फुटेज में वारदात में प्रयुक्त स्कार्पियो दिखी। पुलिस के मुताबिक आरोपियों की तलाश में चार टीमें दबिश दे रही हैं। दो टीमें हरदोई व सीतापुर के लिए रवाना की गई है। जल्द ही वारदात का खुलासा कर दिया जाएगा।

# जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** डीजे बजाने के विरोध में व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को महिगवां पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है। इंस्पेक्टर रामकुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपी अनूप थाना क्षेत्र के ग्राम धरौरा का रहने वाला है।

30 मार्च को गांव के गुड्डू ने जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। बताया था कि 29 मार्च को डीजे बजाने को लेकर आरोपी ने उनके साढ़ू राजेश निवासी घूंघटेर बाराबंकी पर हमला कर दिया था। सिर पर चोट लगने से वे बुरी तरह घायल हो गए थे। इंस्पेक्टर ने बताया कि बयान व मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आरोपी अनूप को भवानीपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी अनूप पूर्व में बीकेटी से वाहन चोरी में जेल जा चुका है। उसके खिलाफ पूर्व में दो मामले दर्ज हैं।

### मेडिकल स्टोर में घुसकर स्टॉफ का सिर फोड़ा

- **अमृत विचार, गोसाईंगंज :** सुशांत गोल्फ सिटी थाने में मेडिकल स्टोर में घुसकर पड़ोसी व्यापारी ने स्टॉफ के सिर पर रॉड से वार कर दिया। पीड़ित राकेश मल्होत्रा ने बताया कि ओम फार्मेसी मेडिकल स्टोर में उनका स्टाफ गोपाल गुप्ता दवा दे रहा था। तभी पड़ोसी मेडिकल स्टोर के अभय पांडेय, उसके पिता हरीश पांडेय और बहन नैंसी पांडेय ने अंदर घुसकर गाली-गलौज शुरू कर दी। अभय ने रॉड से गोपाल के सिर पर वार कर किया। जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। वारदात के बाद आरोपी धमकाते हुए भाग निकले। एंबुलेंस से घायल को लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं, न्यू हजरतगंज ओमेक्स गेट के पास दूसरी घटना हुई। राहुल कश्यप ने बताया कि शनिवार की रात वह मित्र उज्जवल सिंह का इंतजार कर रहा था। तभी शुभम यादव, अमित यादव समेत 8-10 अज्ञात युवकों ने उज्जवल को पहले धमकाया और फिर राहुल पर हमला बोल दिया। लात-घूसों से बुरी तरह पीटा। पुलिस ने दोनों मामले दर्ज कर लिए हैं।

# सांसद राहुल गांधी ने रेल सुविधाओं को लेकर डीआरएम को लिखा पत्र

संवाददाता, रायबरेली

## नई आशा

- ट्रेनों के ठहराव, नई रेल लाइन और यात्री सुविधाओं के विस्तार की उठाई मांग

**अमृत विचार।** जनपद के सांसद एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने क्षेत्र की रेल व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए डीआरएम लखनऊ को विस्तृत पत्र भेजकर कई अहम मुद्दे उठाए हैं। उनके इस कदम से बछरावां सहित आसपास के रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव को लेकर उम्मीदें तेज हो गई हैं।



सांसद राहुल गांधी ने अपने पत्र में बछरावां रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज संगम एक्सप्रेस, प्रतापगढ़-लखनऊ पैसेंजर, वाराणसी-लखनऊ पैसेंजर समेत कई ट्रेनों के ठहराव की मांग की है। साथ ही उन्होंने बछरावां से लालगंज होते हुए फतेहपुर तक नई रेल लाइन बिछाने का प्रस्ताव भी रखा है, जिससे क्षेत्रीय आवागमन को बड़ी सुविधा मिल सकती है। इसके अलावा उन्होंने रायबरेली रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार, शुद्ध पेयजल, शौचालय, रोशनी और बैठने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने की भी बात कही है। जर्जर हो चुके मल्टीप्लेक्स भवन की मरम्मत, अंडरपास में जलभराव का समाधान और अधूरे निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा कराने पर भी जोर दिया गया है। सांसद ने कुलियों के लिए बीमा, विश्राम स्थल और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई है। उनके इस प्रयास से क्षेत्रवासियों में रेल सेवाओं के सुधार को लेकर नई आशा जागी है।

# ट्रैक्टर-ट्राली अनियंत्रित होकर पलटी, चार घायल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- रहीमाबाद के भतोइया स्थित फ्लाईओवर पर हुआ हादसा
- पुलिस ने क्रेन बुलाकर ट्रैक्टर ट्रॉली को हटवाया

**अमृत विचार:** रहीमाबाद क्षेत्र के हरदोई-लखनऊ रोड पर भतोइया गांव स्थित फ्लाईओवर पर मंगलवार सुबह भूसे से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चालक समेत चार लोग घायल हो गया। चालक भूसे की बोरियों के नीचे दब गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से चालक को बाहर निकाला। पुलिस ने सभी घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया।

इंस्पेक्टर रहीमाबाद अरुण कुमार त्रिगुणायक ने बताया कि औरास थाना क्षेत्र के मढ़िया प्रतापखेड़ा गांव निवासी चालक आशीष अपने लेबर राधे, सूरज, पुष्पेंद्र के साथ ट्रैक्टर-ट्राली से भूसा लेकर दुबग्गा भूसा बेचने जा रहा था। भतोइया गांव के फ्लाईओवर के ऊपर पहुंचते ही ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। आशीष ट्राली पर लदी बोरियों के नीचे दब गया। राहत रही कि ट्रैक्टर की छतरी के ऊपर भूसे की बोरियां रुकी रही। सूचना मिलते ही फ्लाईओवर के सामने बनी भतोइया चौकी पर मौजूद पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से आधे घंटे की मशक्कत के बाद बोरियां हटाकर दबे चालक आशीष को बाहर निकाला।



रहीमाबाद में पलटी ट्रैक्टर ट्रॉली के पास खड़ा ग्रामीण।

जबकि तीन मजदूर गिरकर कर घायल हो गए। पुलिस ने राहगीरों की मदद से चारों घायलों को अस्पताल भेजा। जेसीबी से ट्रैक्टर ट्राली को सड़क से किनारे हटाकर यातायात सामान्य कराया गया।

# नाली सफाई को लेकर हुई मारपीट में तीन लोग घायल

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार।** मिल एरिया थाना क्षेत्र के मैनुपुर पोस्ट बूढ़नपुर निवासी शिवम मौर्य पुत्र गिरीश मौर्य निवासी मैनुपुर सुबह करीब छह बजे अपने घर के सामने की नाली साफ कर रहे थे।

इसी दौरान गांव के ही हरिवंश पुत्र फूलचंद वहां पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। पीड़ित परिवार ने तहरीर देते हुए बताया कि मारपीट में गिरीश व बीच-बचाव करने आई उनकी मां और बहन को चोटें आईं हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले को शांत कराया व घायल शिवम को इलाज के लिए अमावा सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिली है। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया।

# सफाई के विवाद में मारपीट, तीन घायल

**अमृत विचार,रायबरेली:** मिल एरिया थाना क्षेत्र के मैनुपुर पोस्ट बूढ़नपुर निवासी शिवम मौर्य पुत्र गिरीश मौर्य निवासी मैनुपुर सुबह करीब छह बजे अपने घर के सामने की नाली साफ कर रहे थे। इसी दौरान गांव के ही हरिवंश पुत्र फूलचंद वहां पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। बीच-बचाव करने आई मां और बहन को चोटें आईं हैं।

# दूषित पानी पीने को ग्रामीण मजबूर

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार।** जनपद के पूरे दत्ता दरखा और दरखा डीह गांवों में पेयजल संकट गहरा गया है। यहां इंडिया मार्का-2 हैंडपंप की बोरिंग विगत दो वर्षों से खराब है।

इससे लगभग 10 परिवारों को प्रदूषित गंदा पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है। ग्रामीणों को अपनी प्यास बुझाने के लिए दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। परेशान राकेश यादव और रामहेत, राम अचल, जैसे दर्जनों स्थानीय निवासियों ने इस समस्या को उठाया है। उन्होंने बताया कि हैंडपंप की बोरिंग खराब होने से पानी दूषित हो गया है। यह प्रदूषित पानी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। विगत दो वर्षों में कई बार ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव को मौखिक रूप से सूचना दी गई। दूरभाष के माध्यम से भी अधिकारियों को अवगत कराया गया। लेकिन इन शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद जनसुनवाई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई गई। हालांकि, वहां से भी अब तक कोई समाधान नहीं मिला है। इससे ग्रामीण लगातार पेयजल की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं।

राकेश यादव और रामहेत ने बताया कि उन्होंने बार-बार अधिकारियों से संपर्क किया। ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव को समस्या से अवगत कराया गया। मौखिक और दूरभाष दोनों माध्यमों से शिकायतें दर्ज कराई गईं। दो साल बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।

# चाकू से हमला कर साढ़ू को मार डाला

**अमृत विचार, अमेठी:** थाना क्षेत्र के कस्बे में बहू भोज कार्यक्रम के दौरान हुए चाकू के हमले में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जग प्रसाद के घर बेटे की शादी के बाद बहू भोज था। वहीं से सुल्तानपुर जनपद के कुड़वार थाना क्षेत्र निवासी रोहित विश्वकर्मा साढ़ू विजय बहादुर विश्वकर्मा (35) को घर से कुछ दूरी पर औरंगाबाद माइनर के पास बुलाकर ले गया था और चाकू मार दिया था।

## सुविधा

सीतापुर रोड स्थित नवीन मंडी में एक छत के नीचे शुरू हुई सुविधा

# राइपनिंग चेंबर में पकाएं फल, कोल्ड में रखें सुरक्षित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केला और सेब से की शुरुआत, आगे आम पकाने व रखना होगा आसान

**अमृत विचार :** सीतापुर रोड स्थित नवीन मंडी में किसानों और व्यापारियों के लिए राइपनिंग चेंबर के साथ मिनी कोल्ड स्टोर शुरू हो गया है। मंडी समिति ने ग्राउंड फ्लोर पर फल व सब्जियां रखने के लिए तीन मिनी कोल्ड स्टोर और उसके ऊपर फल पकाने के लिए चार राइपनिंग चेंबर बनाए हैं। अब तक यह सुविधा जिले पर न होने से समस्या आती थी और खराब होने पर काफी नुकसान होता था।

शुरुआत में व्यापारियों ने राइपनिंग चेंबर में केला पकाने के लिए रखा है। इसी तरह पपीता और आगे आने वाले सीजन में आम पकाया जाएगा। राइपनिंग चेंबर के पके फल केमिकल मुक्त हैं। ये चैंबर में वैज्ञानिक विधि और प्रमाणित एथिलीन गैस से तीन से चार दिन में पक जाते हैं। इसके खाने से स्वास्थ्य पर किसी तरह का नुकसान नहीं होता है। इसके अलावा कोल्ड स्टोर में व्यापारियों ने सेब रखा है, जिसे आर्डर आने पर बिक्री करेंगे। मंडी सचिव सुभाष सिंह ने बताया कि एक छत के नीचे इस सुविधा से फल-सब्जियां खराब नहीं होंगी। कम खर्च पर किसान व व्यापारी कोई भी लाभ उठा सकता है।

### 600 वर्ग मीटर में 150 करोड़ से बना प्रोजेक्ट

- मंडी परिसर में 600 वर्गमीटर में 1.50 करोड़ रुपये से मिनी कोल्ड स्टोर व राइपनिंग चेंबर एक वर्ष में बना है। राइपनिंग चेंबर की कुल क्षमता 40 टन और कोल्ड स्टोर में फल रखने की कुल क्षमता 300 टन है। इसका संचालन मंडी समिति कर रही और ऑपरेट और तकनीकी काम निजी कंपनी कर रही है। दूसरे चरण में कुछ टाइप बी की आढ़तियों के लिए दुकानें बनेंगी।



राइपनिंग चेंबर में प्रोसेसिंग के दौरान रखा केला दिखाता कर्मी।

# नाबालिग छात्रा से दुष्कर्म, धर्म परिवर्तन और निकाह के लिए अपहरण का प्रयास

संवाददाता, अमेठी

- ग्रामीणों ने मुख्य आरोपी को दबोचकर पुलिस को सौंपा
- पुलिस ने केस दर्ज करके दो आरोपियों को भेजा जेल

**अमृत विचार।** क्षेत्र में एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। यहां एक 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा को ब्लैकमेल कर जबरन धर्म परिवर्तन और निकाह का दबाव बनाने वाले मुख्य आरोपी को ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

पीड़ित पिता के अनुसार, उनकी नाबालिग पुत्री कस्बे के एक विद्यालय की छात्रा रही है। इसी कॉलेज का पूर्व छात्र अनस पुत्र साबिर खान, निवासी ग्राम किशनी उसे लंबे समय से प्रताड़ित कर रहा था। आरोप है कि अनस ने पूर्व में छात्रा के साथ दुष्कर्म किया और उसका अश्लील वीडियो बना लिया। इस वीडियो के जरिए वह छात्रा पर धर्म परिवर्तन करने और निकाह करने का दबाव बना रहा था। इस घृणित कार्य में अनस का सगा भाई आशिक, मामा इरफान और गांव का ही एक अन्य युवक शहबाज भी सहयोग दे रहे थे।

पीड़ित पिता ने बताया बीते सोमवार की सुबह लगभग 10 बजे, जब बेटी गांव के निकट मोड़ के पास से गुजर रही थी, तभी मुख्य आरोपी अनस अपने एक अज्ञात साथी के साथ बाइक लेकर पहुंचा और उसने नाबालिग छात्रा को जबरन पकड़कर बाइक पर बैठाने और ले जाने का प्रयास किया। तभी छात्रा के शोर मचाने पर स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंच गए। तभी ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख आरोपी भागने की कोशिश करने लगे, लेकिन हड़बड़ाहट में अनस बाइक से गिरकर चोटिल हो गया, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। घटना के दौरान मौजूद लोगों ने घायल आरोपी अनस को पकड़ लिया और पुलिस को मामले की सूचना दी।

अमृत विचार

लखनऊ, बुधवार, 1 अप्रैल 2026



## न्यूज ब्रीफ

### दुष्कर्मी को 10 वर्ष की कड़ी कैद

**अमृत विचार, हरदोई :** नाबालिग लड़की से जबरन दुष्कर्म करने के आरोपी अभियुक्त के खिलाफ जुर्म साबित होने पर विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट मनमोहन सिंह ने दस साल की कड़ी कैद एवं 20 हजार रुपया जुर्माना की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक मनीष कुमार श्रीवास्तव के अनुसार पीड़िता की मां ने 22 अक्टूबर 2015 को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि उसकी 11 वर्षीय बेटी अपने चचेरे नाना प्यारे के साथ 10 अक्टूबर को गई थी। प्यारे ने 20 हजार रुपये लेकर उसकी बेटी को रंजीत एवं गुलवीर पुत्रगण तौले निवासी गढ़ी चांदखां थाना शाहाबाद को बेच दिया। पुलिस ने विवेचना के दौरान घटना के 12 दिन बाद पीड़िता को बरामद किया और उसके बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष अंकित कराए और रंजीत के विरुद्ध आरोपपत्र प्रेषित किया। न्यायालय में पीड़िता के मजिस्ट्रेट के समक्ष अंकित कराए बयान एवं न्यायालय में दिए बयान यद्यपि काफी विरोधाभासी रहे। लेकिन लड़की के नाबालिग होने के आधार पर अभियुक्त रंजीत के खिलाफ दुष्कर्म का आरोप साबित पाते हुए न्यायाधीश ने सजा सुनाई। जुर्माना धनराशि में से आधी पीड़िता को दिए जाने का फरमान जारी किया है।

### आग लगने से जेवर समेत घरेलू सामान जला

**अमृत विचार, हरदोई :** कोतवाली क्षेत्र के खेरवा दलेलनगर गांव में मंगलवार सुबह शॉर्ट सर्किट से लगी भीषण आग ने एक गरीब परिवार की खुशियां छीन लीं। छोटे भाई की शादी के लिए जुटाए गए करीब दो लाख रुपये नकद, सोने-चांदी के जेवरात और पूरा घरेलू सामान जलकर राख हो गया। आग बुझाने की कोशिश में मां प्रेमा वती (50) और बेटा दीपक (28) गंभीर रूप से झुलस गए। दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। घटना सुबह करीब छह बजे रूप नारायण के घर में हुई, जब अचानक शॉर्ट सर्किट से चिंगारी उठी और देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। परिवार ने जान जोखिम में डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन लपटों के आगे सब बेबस साबित हुए। रूप नारायण ने बताया कि 12 मई को छोटे भाई की शादी तय थी और एक दिन पहले ही बहनोई से दो लाख रुपये उधार लेकर शादी की तैयारी शुरू की थी, लेकिन आग ने सब कुछ खत्म कर दिया।

### पेड़ से टकराई कार कारोबारी की मौत

**अमृत विचार, हरदोई :** मंगलवार की भोर एक दर्दनाक सड़क हादसे में पोल्ट्री फार्म कारोबारी की जान चली गई। माधौगंज-बघौली रोड पर शेखवापुर के पास तेज रफ्तार कार अचानक बेकाबू होकर सड़क किनारे खड़े पेड़ से टकरा गई। जानकारी के अनुसार, बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र के रहुला निवासी 32 वर्षीय अफ़ज़ल खां पुत्र शकील खां अपने कारोबार के सिलसिले में कार से बघौली जा रहे थे। रास्ते में हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और अफ़ज़ल खां उसमें ही फंस गए। ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें कार से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

### दो बाइकों की टक्कर में चार घायल, तीन रेफर

**अमृत विचार, उन्नाव :** सफीपुर क्षेत्र के देवरामऊ गांव निवासी अरविंद (26) पुत्र लाल बहादुर मंगलवार को दुगौरा गांव निवासी फुफेरे भाई विनीत (22) पुत्र राम खेलावन के साथ बाइक से उन्नाव जा रहा था। तभी मेंहदी खेड़ा गांव के पास दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। इसमें अरविंद व विनीत सहित दूसरी बाइक सवार मेंहदी खेड़ा गांव निवासी अनिल (30) पुत्र श्रीपाल व उसकी पत्नी तारावती (28) घायल हो गए।

# ठोस फ्रेमवर्क के साथ जमीन पर उतरे 'विकसित यूपी' की कार्ययोजना : योगी

## उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश, 2047 तक 6 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 98 लाख से अधिक सुझावों के आधार पर बनेगी सेक्टरवार रणनीति, समयबद्ध क्रियान्वयन पर दिया जोर



'विकसित उत्तर प्रदेश@2047' की कार्ययोजना को लेकर शीर्ष अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'विकसित उत्तर प्रदेश@2047' की कार्ययोजना को लेकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि इसे ठोस फ्रेमवर्क के साथ जमीन पर उतारा जाए। मंगलवार को हुई उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में उन्होंने कहा कि यह केवल एक विजन डॉक्यूमेंट नहीं, बल्कि प्रदेश के आर्थिक, सामाजिक और संरचनात्मक परिवर्तन का रोडमैप है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस विजन के लिए प्रदेशभर से 98 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं, जिन्हें विशेषज्ञों और हितधारकों के विचारों के साथ समाहित कर शीघ्र ही सेक्टरवार विस्तृत कार्ययोजना जारी की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि इसे अल्पकालिक, मध्यमकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों में विभाजित करते हुए 2030, 2036 और 2047 के स्पष्ट लक्ष्य तय किए जाएं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी स्पष्ट जिम्मेदारी तय करें और त्रैमासिक व वार्षिक लक्ष्यों के आधार पर कार्य करें। साथ ही विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर परिणामोन्मुख कार्ययोजना बनाई जाए, ताकि विकास की गति तेज हो और उसका प्रभाव जमीनी स्तर पर दिखे।

मुख्यमंत्री ने जिला स्तर पर 'जिला विजन 2047' तैयार करने के निर्देश देते हुए कहा कि योजनाओं को स्थानीय संसाधनों और आवश्यकताओं के अनुरूप लागू किया जाए। प्रमुख परियोजनाओं की पाइपलाइन तैयार कर उनकी नियमित निगरानी के लिए रीयल-टाइम डैशबोर्ड विकसित करने पर भी जोर दिया गया। इसके तहत कृषि, उद्योग, सेवा क्षेत्र, बुनियादी ढांचा और सुशासन को एकीकृत रूप से आगे बढ़ाया जाएगा। बैठक में बताया गया कि प्रदेश ने 2047 तक 6 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य रखा है।

### आग से महिला की मौत, तीन भैंस जलीं

**अमृत विचार, मल्लावां, हरदोई:** ग्राम मगरहा में मंगलवार शाम अज्ञात कारणों से छप्परनुमा बंगले में भीषण आग लग गई। हादसे में एक वृद्ध महिला की जलकर मौत हो गई, जबकि एक ट्रैक्टर, लिस्टर इंजन और तीन भैंस भी आग की चपेट में आकर जल गईं। गांव के बाहर बने बंगले में रहने वाली गोमती के यहां शाम करीब चार बजे अचानक आग भड़क उठी। देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं और आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आसपास के लोग जब तक कुछ समझ पाते, तब तक काफी नुकसान हो चुका था। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक गोमती की जलकर मौत हो चुकी थी।

# आज से बढ़ जाएगी मजदूरी

## श्रम विभाग ने बढ़ाई दरें, सभी श्रेणियों की आय में इजाफा

लखनऊ, राज्य ब्यूरो

- प्रदेश के लाखों श्रमिकों को मिलेगा लाभ



**अमृत विचार:** प्रदेश में संगठित और असंगठित क्षेत्र के लाखों श्रमिकों को पहली अप्रैल से बढ़ी हुई मजदूरी का लाभ मिलेगा। महंगाई को ध्यान में रखते हुए श्रम विभाग ने मजदूरी की मूल दरों और महंगाई भत्ते (डीए) में संशोधन किया है, जिससे कामगारों की दैनिक आय में औसतन 10 से 14 रुपये तक की बढ़ोतरी होगी।

श्रमायुक्त मार्कंडेय शाही द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अकुशल, अर्द्ध-कुशल, कुशल और अति कुशल सभी श्रेणियों के श्रमिकों की मजदूरी बढ़ाई गई है। नई दरों के अनुसार, अकुशल श्रमिकों की मासिक मजदूरी 10,293 रुपये से बढ़कर 10,566.29 रुपये (करीब 406.39 रुपये प्रतिदिन) हो गई है। अर्द्ध-कुशल श्रमिकों को अब 11,740 रुपये मासिक (लगभग 451.55 रुपये प्रतिदिन) मिलेंगे। वहीं कुशल श्रमिकों की मजदूरी बढ़कर 12,679 रुपये (करीब 487.67 रुपये प्रतिदिन) हो गई है।

कालीन उद्योग के साथ-साथ कांच और चूड़ी उद्योग से जुड़े श्रमिकों को भी इस बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा। कांच उद्योग में अकुशल श्रमिकों की मजदूरी बढ़कर 10,096.68 रुपये (388.33 रुपये प्रतिदिन) हो गई है, जबकि अर्द्ध-कुशल और कुशल श्रमिकों को क्रमशः लगभग 442.52 रुपये और 492.19 रुपये प्रतिदिन मिलेंगे। चूड़ी उद्योग में विशेष कार्य करने वाले श्रमिकों की आय में भी वृद्धि हुई है। तारवाला को अब करीब 26,180.93 रुपये मासिक (लगभग 1006.95 रुपये प्रतिदिन) और पर्यवेक्षक को करीब 681.84 रुपये प्रतिदिन मिलेंगे। श्रम विभाग हर छह महीने में महंगाई भत्ते की समीक्षा करता है। इस बार भी महंगाई के प्रभाव को देखते हुए मजदूरी दरों में संशोधन किया गया है, जिससे श्रमिकों की आय और जीवन स्तर में सुधार की उम्मीद है।

**घोषित नई दरें**

- अकुशल : 406 रुपये प्रतिदिन
- अर्द्ध-कुशल : 451 रुपये प्रतिदिन
- कुशल : 487 रुपये प्रतिदिन
- कांच उद्योग अकुशल : 388 रुपये प्रतिदिन
- चूड़ी उद्योग तारवाला : 1006 रुपये प्रतिदिन
- औसतन 10–14 रुपये प्रतिदिन बढ़ोतरी

# एमएसपी का लाभ दिलाना प्राथमिकता: शाही

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- सात अप्रैल से 30 जून तक होगी चना, मसूर व सरसों की खरीद, सीधे खातों में भुगतान

**अमृत विचार :** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि रबी सीजन 2026-27 में किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का पूरा लाभ दिलाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि चना, मसूर और सरसों की खरीद 7 अप्रैल से शुरू होकर 30 जून तक चलेगी। इस दौरान पारदर्शी डिजिटल व्यवस्था और डीबीटी के माध्यम से किसानों को सीधे भुगतान किया जाएगा।

लोकभवन में मंगलवार को पत्रकारों से बातचीत में कृषि मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें फसलों का उचित मूल्य दिलाने के लिए ठोस रणनीति बनाई गई है। कृषि मंत्री ने बताया कि इस वर्ष चने का एमएसपी 5875 रुपये, मसूर का 7000 रुपये, सरसों का 6200 रुपये और अरहर का 8000 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। पिछले वर्ष की तुलना में चने पर 225 रुपये, मसूर पर 300 रुपये और सरसों पर 250 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की गई है।

खरीद लक्ष्य के बारे में उन्होंने बताया कि चना 2.24 लाख मीट्रिक टन, मसूर 6.77 लाख मीट्रिक टन और सरसों 5.30 लाख मीट्रिक टन खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। खरीद प्रक्रिया को सुचारु बनाने के लिए नैफेड, एनसीसीएफ के साथ यूपीपीसीयू, यूपीपीसीएफ, जैफेड और यूपीएसएस जैसी एजेंसियां मिलकर काम करेंगी। उन्होंने कहा कि सभी क्रय केंद्रों पर आधार-सक्षम पीओएस मशीनें लगाई गई हैं, जिससे वास्तविक किसानों की पहचान सुनिश्चित होगी और गड़बड़ी की संभावना खत्म होगी। किसानों को भुगतान सीधे उनके बैंक खातों में भेजा जाएगा। कृषि मंत्री ने बताया कि प्रदेश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है।

**एमएसपी दर और बढ़ोतरी**

- चना : 5875 रु./क्विंटल (225)
- मसूर : 7000 रु./क्विंटल (300)
- सरसों : 6200 रु./क्विंटल (250)
- अरहर : 8000 रु./क्विंटल

**खरीद लक्ष्य (2026-27)**

- चना : 2.24 लाख मीट्रिक टन
- मसूर : 6.77 लाख मीट्रिक टन
- सरसों : 5.30 लाख मीट्रिक टन
- अवधि : 7 अप्रैल से 30 जून

**कृषि क्षेत्र की उपलब्धियां**

- 5700 करोड़ रुपये योजनाओं पर खर्च
- 11.25 लाख किसानों को अनुदानित बीज
- 12.73 लाख किसानों को मुफ्त बीज
- 25.41 लाख मीट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध

# चक्की में फंसी महिला की साड़ी, मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार :** आटा पीसते समय चक्की के इंजन में लगी शॉफ्ट में साड़ी फंसने से महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद आगे की कार्रवाई शुरू की है।

बिहार थानाक्षेत्र क्षेत्र के संगन खेड़ा गांव निवासी कैलाशा (50) पत्नी शिवमोहन लाल रावत के घर पर डीजल आटा चक्की लगी है। मंगलवार दोपहर वह एक व्यक्ति का गेहूं पीस रही थी। तभी अचानक उसकी साड़ी इंजन के शाफ़्ट में फंस गई। इससे वह असंतुलित होकर सिर के बल इंजन के रोलर से टकराकर गंभीर घायल हो गई। उसकी चीख सुन पहुंचे पति ने इंजन बंद कर उसे बाहर निकाला। परिजन जब तक उसे अस्पताल ले जाते इससे पहले उसकी मौत हो गई। यह देख परिजनों में चीख-पुकार मच गई। उसके 3 बच्चों में दो बेटे विजय, विनय व बेटी कामनी हैं। शिवमोहन ने बताया कि वह इंजन से चक्की चलाने के साथ साइकिल की मरम्मत की भी दुकान घर पर किए है। घटना के समय वह साइकिल रिपेयर कर रहा था। इससे पत्नी गेहूं पीसने लगी। तभी हादसा हो गया। एसओ राहुल सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने पर आगे की कार्रवाई होगी।



मृतक कैलाशा

# विशेष अभियान में बने 19.81 लाख नए आयुष्मान कार्ड, बरेली अव्वल

## यूपी देश में सबसे आगे, 5.70 करोड़ का आंकड़ा पार

लखनऊ, राज्य ब्यूरो

- स्वास्थ्य सुरक्षा कवरेज बढ़ाने में प्रदेश ने बनाई बढ़त

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश ने आयुष्मान भारत योजना के तहत एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अमित कुमार घोष के अनुसार, विशेष अभियान के तहत अब तक 19.81 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिससे प्रदेश देश में सबसे अधिक कार्ड बनाने वाला राज्य बन गया है।

प्रदेश में कुल आयुष्मान कार्डों की संख्या अब लगभग 5.70 करोड़ तक पहुंच गई है, जो स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। अभियान के दौरान कार्ड निर्माण में बरेली पहले स्थान पर रहा, जबकि आजमगढ़ दूसरे और जौनपुर तीसरे स्थान पर रहे। यह विशेष अभियान 25 नवंबर से 25 दिसंबर 2025 तक चलाया गया था। इसकी सफलता को देखते हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इसे 15 जनवरी से दोबारा शुरू करने के निर्देश दिए थे, जिसके बाद से अभियान लगातार जारी है।

सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक पात्र परिवारों को इस योजना से जोड़कर उन्हें मुफ्त इलाज की सुविधा उपलब्ध कराना है। अधिकारियों का कहना है कि अभियान के जरिए ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में भी तेजी से कार्ड बनाए जा रहे हैं, जिससे जरूरतमंद लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके।

### बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

**अमृत विचार, हरदोई :** जमुनिया मोड़ पर मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बेनीगंज कोतवाली क्षेत्र के जमुनिया गांव निवासी पंकज पुत्र अवध राम अपने मौसेरे भाई अरविंद के साथ बाइक से खेत पर गेहूं काटने जा रहा था। जैसे ही वे गांव के बाहर बरगदिया-करीमनगर रोड पर पुलिया के पास पहुंचे, सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में पंकज, उसका मौसेरा भाई अरविंद और दूसरी बाइक का सवार तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही डॉक्टरों ने पंकज को मृत घोषित कर दिया।

# प्रदेश के सात और ब्लड बैंकों के संचालन पर लगाई गई रोक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एफएसडीए ने गाजियाबाद, मेरठ और वाराणसी के ब्लड बैंकों पर की कार्रवाई

**अमृत विचार :** लखनऊ और कानपुर के बाद अब गाजियाबाद, मेरठ और वाराणसी के सात ब्लड बैंकों के संचालन पर रोक लगाई गई है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) विभाग की छापेमारी में अनियमितता सामने आने के बाद कार्रवाई की गई है।

एफएसडीए के सहायक आयुक्त ब्रजेश कुमार ने बताया कि मेरठ, गाजियाबाद, बुलंदशहर, बागपत, गौतम बुध नगर और वाराणसी में विभाग की अंतर-जनपदीय टीम ने 42 रक्त केंद्रों की जांच की, जिसमें सात रक्त केंद्रों पर अभिलेखीय व संचालन संबंधी अनियमितताएं पाई गईं, जिन्हें तत्काल प्रभाव से रक्त संचालन संबंधित सभी गतिविधियों पर रोक लगा दी गई। इनमें गाजियाबाद के हिंद चेरीटेबल ब्लड सेंटर, भारत सेवा चेरीटेबल ब्लड सेंटर, डी-एस चेरीटेबल ब्लड सेंटर, मेरठ के लिटिल स्टार चेरीटेबल ब्लड सेंटर, लाइफलाइन चेरीटेबल ब्लड सेंटर और वाराणसी के कालिंदी चेरीटेबल ब्लड सेंटर व बनारस चेरीटेबल ब्लड सेंटर शामिल हैं।

मालूम हो कि इसके पहले सोमवार को लखनऊ के सात और कानपुर के चार ब्लड बैंकों के संचालन पर रोक लगाई जा चुकी है। मुख्यमंत्री के आदेश पर एफएसडीए प्रदेश भर में ताबड़तोड़ छापेमारी की कार्रवाई कर रहा है।



नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से भेंट करते उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य।

# विश्वस्तरीय प्रोजेक्ट्स से यूपी बनेगा टूरिज्म हब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पर्यटन में 96% और संस्कृति में 93% बजट स्वीकृत, परियोजनाओं को मिली गति : जयवीर

**अमृत विचार:** प्रदेश में पर्यटन एवं संस्कृति विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विकास कार्यों में तेज रफ्तार का संकेत दिया है। विभाग का कहना है कि स्वीकृत परियोजनाओं को समयबद्ध और उच्च गुणवत्ता के साथ जमीन पर उतारना प्राथमिकता है, ताकि प्रदेश को वैश्विक पहचान मिल सके।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि बजट का उपयोग पारदर्शी, समयबद्ध और परिणामोन्मुख तरीके से किया जा रहा है। बताया कि प्रदेश को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के लिए कई महत्त्वाकांक्षी परियोजनाओं पर काम हो रहा है। इनमें लखनऊ में प्रस्तावित अत्याधुनिक नौसेना संग्रहालय, अयोध्या में लव-कुश पार्क, रामायण वैक्स म्यूजियम और रामकथा संग्रहालय, फिरोजाबाद का ग्लास म्यूजियम तथा आधुनिक आर्य गुरुकुल म्यूजियम शामिल हैं।

पर्यटन विभाग के अनुसार, 1801.30 करोड़ रुपये के बजट के सापेक्ष 1729.22 करोड़ रुपये यानी लगभग 96 प्रतिशत की स्वीकृति दी जा चुकी है।

**शिकंजा** | आतंकी शब्बीर अहमद लोन का यूपी कनेक्शन खंगालना शुरू

# लश्कर के आतंकी से एटीएस करेगी पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने किया था गिरफ्तार

**अमृत विचार:** दिल्ली पुलिस की विशेष टीम ने दो दिन पहले लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के आतंकी शब्बीर अहमद लोन को गिरफ्तार किया था। यूपी एटीएस ने शब्बीर अहमद लोन का यूपी कनेक्शन खंगालना शुरू कर दिया है। वहीं जल्द ही एटीएस की एक टीम उससे पूछताछ के लिए दिल्ली जाएगी। इसकी तैयारी हो चुकी है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल शब्बीर को पुलिस कस्टडी रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है।

गाजियाबाद पुलिस ने कुछ दिन पहले पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले नेटवर्क से जुड़े आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसके बाद एटीएस ने आतंकी संगठन आईएसआईएस के ऑनलाइन माड्यूल से जुड़े बीडीएस छात्रा हारिस अली को मुरादाबाद से गिरफ्तार किया। सहारनपुर निवासी हारिस ने सोशल मीडिया पर विभिन्न ग्रुपों के माध्यम से युवाओं को जिहाद के लिए उकसाया था। इस नेटवर्क को लेकर एटीएस की छानबीन जारी है। इसी दौरान दिल्ली पुलिस ने आतंकी शब्बीर को गिरफ्तार किया और उसके नेटवर्क को खंगाल रही है। एटीएस की टीम दिल्ली पुलिस की विशेष दस्ते के संपर्क में है। उससे हुई शुरूआती पूछताछ के बारे में जानकारी जुटा रही है। ताकि उसके आधार पर यूपी में शब्बीर अहमद लोन के नेटवर्क को खंगाला जा सके।

**आईएसआई के इशारे पर फैलाता था आतंक**

दिल्ली पुलिस की शुरूआती जांच में सामने आया कि शब्बीर अहमद लोन आईएसआई के इशारे पर आतंकी घटनाओं को अंजाम देता है। इस समय सीमा पार से मिल रहे निर्देशों पर भारत में आतंकी घटनाओ अंजाम देने के फिराक में था। लश्कर-ए-तैयबा कमांडर शब्बीर अहमद लोन को इससे पहले दिल्ली पुलिस ने 2007 में आतंकवाद के आरोप में गिरफ्तार किया था। उसके पास से एके-47 बरामद हुई थी। 2019 में कोर्ट से जमानत मिलने के बाद वह बांग्लादेश भाग गया था। ढाका में रहकर उसने लश्कर और आईएसआई के लिए आतंकी सेल स्थापित की। सूत्रों के मुताबिक, शब्बीर अहमद लोन को कश्मीरी राजा भी कहा जाता है। लोन लश्कर-ए-तैयबा का प्रशिक्षित आतंकवादी है। उसने मुजफ्फराबाद में ट्रेनिंग ली है।

### दहेज हत्या में पति को आठ वर्ष की कैद

**अमृत विचार, हरदोई :** जिला व सत्र न्यायाधीश रीता कौशिक ने दहेज हत्या में दोषी पति को 8 साल की कड़ी कैद एवं तीन हजार रुपया जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता सत्येन्द्र कुमार सिंह के अनुसार रामशरण ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि उसकी पुत्री अंजू की शादी 13 मई 2018 को श्याम बाबू पुत्र केशनू निवासी भैनगांव थाना बेनीगंज के साथ हुई थी। शादी के बाद से उसकी पुत्री को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। मांग पूरी न होने पर अभियुक्त श्याम बाबू ने 5 जून 2019 को घर के अंदर कमरे में फांसी का फंदा लगाकर अंजू की हत्या कर दी और उसके बाद 8:40 पर फोन के माध्यम से अंजू की मृत्यु की सूचना दी।

# गोशाला की गायों को बांट दी गईं चार लाख की साड़ियां

संवाददाता, हरदोई

- जांच में पकड़ा गया खेल, प्रधान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** अहिरोरी ब्लाक की गोपालपुर की गौशाला में प्रधान ने बड़ा अजब तमाशा कर दिया। वहां बंधी गायों को शायद ही सही चारे-पानी दिया गया हो, लेकिन उन्हे 4 लाख की साड़ियां ज़रूर बांट दी गई। जांच हुई तो प्रधान की धांधली पकड़ ली गई। डीएम के निर्देश पर प्रधान के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

गोपालपुर के प्रधान रामशंकर ने इसी साल 28 जनवरी को गौशाला के नाम से रियाज़ वस्त्र भण्डार एवं साड़ी सेंटर को 4 लाख का भुगतान कर दिया, ज़ाहिर सी बात है कि कोई वस्त्र भण्डार या साड़ी सेंटर वाला जानवरो के लिए चारा-पानी तो नहीं बेंच तक होगा, तो फिर गायों के लिए 4 लाख की साड़ियों की ही खरीद की गई होगी। खेल का खुलासा हुआ तो 27 मार्च को जांच टीम ने गौशाला छान कर दूध का दूध और पानी का पानी अलग कर दिया, जांच में साफ हो गया कि प्रधान रामशंकर ने गोलमाल कर सरकारी रकम हज़म कर ली। डीएम का ग्रीन सिग्नल मिलते ही सदर के उप पशु चिकित्साधिकारी डा. अमित कुमार ने टड़ियावां थाने में गोपालपुर के प्रधान रामशंकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### युवक ने पत्नी के दुपट्टे से लगाया फंदा

**अमृत विचार, हरदोई :** राजमिस्त्री ने सोमवार की रात घर में पत्नी के दुपट्टे से फांसी लगा ली। मंगलवार की भोर पहर जब उसकी मां जगी तो बेटे का लटकता हुआ शव देख शोर मचाया। पुलिस ने कमरे के अंदर से शव अपने कब्ज़े में लेते हुए पोस्टमार्टम कराया है। कोतवाली शहर के मम्मरपुर मजरा तत्यौरा निवासी 26 वर्षीय इरफान पुत्र इकबाल पेशे से राजमिस्त्री था। वह दो भाइयों मैं छोटा था। उसकी एक बड़ी और एक छोटी बहन है। मां सदबुन्निशां ने बताया कि सोमवार की शाम इरफान काम से घर लौटा, उसने खाना खाया, उसके बाद टहलने की बात कह कर बाहर निकल गया। मंगलवार की भोर नींद से जागी और इमरान का शव फंदे से लटक रहा था।

# सीतापुर में मलबे में दबकर दो श्रमिकों की मौत, एक गंभीर

## रामकोट और मिश्रिख तहसील क्षेत्र में हुए हादसे

संवाददाता मिश्रिख/ रामकोट

**अमृत विचार :** मिश्रिख तहसील क्षेत्र के आंट गांव और रामकोट के कटिया में मलबे में दबकर दो मजदूरों की मौत हो गई। गंभीर अवस्था में तीसरे को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। परिवार के लोगों ने मौत की खबर पाकर खासा हंगामा किया, पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देते हुए स्थितियों को शांत कराया। प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले में जांच हो रही है।



छत से गिरा मलबा। ● अमृत विचार

मिश्रिख तहसील क्षेत्र के आंट गांव में श्रीनारायण की मकान की पुरानी छत तोड़ने का कार्य किया जा रहा है। यहां गांव वासी प्रताप और रामरूप मजदूरी कर रहे थे। अचानक जर्जर छत भर-भराकर ढह गई। मलबे में मजदूरों के दबते ही चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने किसी तरह दोनों को बाहर निकाला, मौके पर ही 40 वर्षीय प्रताप ने दम तोड़ दिया। रामरूप को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अचानक हुए हादसे के बाद परिवार के लोगों ने खासा हंगामा भी काटा, मिश्रिख कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रदीप सिंह और तहसीलदार अजीत जायसवाल ने स्थितियों को सामान्य कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

उधर जिले के रामकोट थानाक्षेत्र के मधुवापुर मजरा दारानगर निवासी राजेश कुमार (40) इलाका स्थित ग्राम कटिया में भट्ठे पर कार्य करता था। राजेश की पत्नी पूनम के मुताबिक, वह रोज की तरह भट्ठे पर कार्य कर रहा था, अचानक ईंटों का चट्टा गिर गया, जिसके नीचे राजेश दब गया। हादसे में श्रमिक की मौके पर ही मौत हो गई। बताते हैं कि छह माह के भीतर राजेश के पिता और भाई भी दम तोड़ चुके हैं।

# हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जिला न्यायाधीश की कोर्ट ने मामूली विवाद में महिला की हत्या के प्रकरण में एक अभियुक्त को आजीवन कारावास व 34 हजार रुपये अर्थदण्ड अदा करने की सजा सुनाई है।

जिला शासकीय अधिवक्ता अमित कुमार अवस्थी ने बताया कि थाना बड्डूपुर पर हत्या की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मामले से सम्बन्धित अभियुक्त रामसजीवन निवासी लिलौली थाना बड्डूपुर को जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा दोषसिद्ध करार दिया गया तथा आजीवन कारावास व अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त 2023 को वादी रामलखन द्वारा रामसजीवन के विरुद्ध वादी की बहू सविता को छप्पर की थूनी को गाड़ने को लेकर विवाद उपरान्त बेलचा से मार कर हत्या करने की तहरीर पुलिस को दी ग थी। तहरीर के आधार पर थाना बड्डूपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

# अपराधियों व उनको संरक्षण देने वालों पर होगी कार्रवाई

- बब्लू के परिवारवालों से मिले कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर

**बाराबंकी, अमृत विचार :** कोतवाली दरियाबाद क्षेत्र के ग्राम बेहटा में मंगलवार को मृतक बब्लू राजभर के घर पंचायती राज तथा अल्पसंख्यक कल्याण एवं मुस्लिम वक्फ बोर्ड तथा हज विभाग के कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर पहुंचे और परिवार को हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। बब्लू राजभर तीन दिन पहले ग्राम नैपुरा मजरे परसावल बर्फ बेचने गया था। तभी शंकर यादव ने गला रेतकर उसकी हत्या कर दी थी।

मंत्री राजभर ने मृतक की पत्नी, माता, पिता और बाबा से मिलकर संवेदना व्यक्त की और कहा कि प्रदेश सरकार में अपराधियों और उनका संरक्षण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने उपजिलाधिकारी सिरौलीगौसपुर को निर्देश दिए कि पीड़ित परिवार को आवास, कृषि भूमि, बच्चों की शिक्षा, भरण-पोषण और पेंशन आदि सुविधाएं शीघ्र उपलब्ध कराई जाए। पुलिस क्षेत्राधिकारी जटाशंकर मिश्रा ने बताया कि हत्या के अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है और जांच जारी है। मंत्री ने कहा कि घटना में एक अन्य व्यक्ति के शामिल होने की सूचना मिली है, जिसकी निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। राजभर ने आगे कहा कि माफिया, गुंडों और अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है और इस प्रकार का अपराध करने वाला कोई भी व्यक्ति बख्शा नहीं जाएगा। आगामी ग्राम पंचायत चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है और अग्रिम आदेशों के अनुसार चुनाव संपन्न कराए जाएंगे।


## अमृत विचार क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

### सूचना

मेरे पासपोर्ट नंबर K5320277 में मेरा नाम त्रुटिवश Mubarak Ali लिख गया है, जो कि गलत है। मेरे आधार में मेरा नाम Mubaraq Ahamad है जो कि सही है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **Mubaraq Ahamad S/O Mohamad Rafi, ग्राम मीरापुर, पोस्ट बीबियापुर, थाना कोठी, तहसील हैदरगढ़, जिला बाराबंकी।**

### सूचना

मैने अपना नाम VAJIR ALAM से बदलकर WAZEER ALAM रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-SAHAB ALAM ADD-383/52 CHAWNI HASANUDDIN KHAN NOOR BARI SAADAT GANJ DIST - LUCKNOW - 226003 (U.P.)**

### सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र के स्कूल में त्रुटिवश उसका गलत नाम अबूजर दर्ज हो गया है। जो कि गलत है। जबकि मेरे पुत्र का सही नाम मोहम्मद अबूजर है जो कि उसके अन्य सभी दस्तावेजों में दर्ज है। अतः मेरे पुत्र के स्कूल में उसके गलत नाम अबूजर के स्थान पर उसका सही नाम मोहम्मद अबूजर दर्ज किया जाये। **नरूल हुदा पुत्र स्व0 गुलाम मुस्ताफा निवासी ग्राम मोहम्मदपुर चौकी पोस्ट सफेदाबाद थाना नगर कोतवाली तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी।**

### सूचना

पहले मेरा नाम मो0 शाकिर उर्फ पप्पू था अब हमने अपना नाम बदलकर (शाकिर अली) रख लिया है अब हमे भविष्य मे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। **S/O-KHALEEL AHMAD ADD-O, KAHLA PO-MALIHABAD DIST-LUCKNOW-227111 (U.P)**


# मेटा अलर्ट के बाद पुलिस ने 12 मिनट में बचाई छात्र की जान

- प्रेमिका के दूरी बनाने पर अवसाद से ग्रसित था छात्र

**रायबरेली, अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर आत्महत्या संबंधी पोस्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मात्र 12 मिनट में एक 18 वर्षीय छात्र का जीवन बचा लिया। यह घटना बीती 29 मार्च की है, जब कक्षा 12 का छात्र प्रेमिका से दोस्ती टूटने के कारण मानसिक तनाव में था और उसने इंस्टाग्राम पर आत्महत्या संबंधी वीडियो पोस्ट कर चूहेमार दवा खा ली। मेटा कंपनी द्वारा भेजे गए अलर्ट के तुरंत बाद उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय लखनऊ ने छात्र की लोकेशन ट्रेस कर रायबरेली पुलिस को सूचित किया।

पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण के निर्देशन में थाना मिल एरिया के उप निरीक्षक और अन्य पुलिसकर्मी तुरंत छात्र के घर पहुंच गए। वहां पहुंचने पर देखा गया कि छात्र गंभीर हालत में था और पेट पकड़कर दर्द में कराह रहा था। पुलिसकर्मियों ने तत्काल परिजनों को घटना की जानकारी दी और छात्र को नज़दीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसकी जान बचाई। अस्पताल में छात्र ने बताया कि वह एक लड़की के साथ पारस्परिक प्रेम संबंध में था, लेकिन कुछ दिन पूर्व दोनों के बीच विवाद हो गया। इसके बाद लड़की ने उससे संपर्क बंद कर दिया, जिससे छात्र मानसिक रूप से अत्यधिक आहत हो गया और अवसादग्रस्त हो गया था।

# 34 वर्ष बाद राममंदिर में जुटेगी आंदोलन की बजरंगी सेना

**अयोध्या, अमृत विचार:** 34 साल बाद 2 अप्रैल को राम जन्मभूमि आंदोलन की बजरंगी सेना एक साथ दिखाई देगी। राम मंदिर के परकोटे में दक्षिणी भुज पर स्थापित बजरंग बली के मंदिर शिखर पर ध्वज आरोहण का आयोजन किया जाएगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मुख्य रूप से बजरंग दल के पूर्व अध्यक्ष जयभानु सिंह पवैया, बजरंग दल के पूर्व संस्थापक विनय कटियार सहित पूर्व संयोजक डॉ. सुरेंद्र जैन, प्रकाश शर्मा व अन्य पूर्व और वर्तमान बजरंग दल के पदाधिकारियों को आमंत्रित किया है।

राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा ने बताया कि बजरंग दल बनाकर समाज के ऐसे युवा जो हनुमत शक्ति को प्राप्त करने के बाद संगठन के स्वरूप में अपने को समाहित करते हुए रामजन्मभूमि आंदोलन के साथ खड़े हुए। आज भी वह संगठन के साथ चल रहे हैं। ऐसे कार्यकर्ता जो बजरंग दल के संयोजक रहे हैं। जिसमें मुख्य 13 लोगों को निमंत्रित किया गया है। उन सभी की उपस्थिति में हनुमान जी के मंदिर शिखर पर ध्वज का आरोहण होगा। इस दौरान अयोध्या के साधु संतों के साथ 150 की संख्या स्थानीय लोगों को भी बुलाया गया है। लगभग दो घंटे का कार्यक्रम चलेगा और 11 बजे ध्वज आरोहण का कार्य संपन्न होगा।

# विवाहिता का शव मिला

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहांगीराबाद थाना क्षेत्र के देवकलिया निवासी रघुनाथ की पुत्री सुनीता (35) का शव सोमवार की रात घर में छत के कुंडे से बने फंदे से लटकता मिला। घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।


## पूर्वोत्तर रेलवे

### खुली निविदा

राष्ट्रपति भारत सरकार की ओर से मण्डल इंजीनियर/यांत्रिक कारखाना वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई–टेण्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं. 01, ई–निविदा सूचना सं० एवं निविदा कार्य का विवरण : DEN-MWS-2026-2- जी.के.पी. एस. – रिप्लेसमेंट ऑफ गैन्ट्री गर्डर्स इन व्हील शॉप, स्मिथि शॉप एंड फिएट वोगी शॉप ऑफ मैकेनिकल वर्कशॉप गोरखपुर। अनुमानित लागतः रू॰ – 70,16,460.74, धरोहर राशि : रू॰ 1,40,300.00, निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय 05.05.2026, 11.00 बजे।

इस ई–निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या www.ireps.gov.in पर देखें।

मंडल इंजीनियर/यां०कार०/गोरखपुर

मुजाधि/यांत्रिक – 164

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



## कार्यालयः जिला कलेक्टर, लखनऊ।

पत्रांक :– 32/08–अ0जि0अ0 (भू0अ0), शा0सहा0परि0, लखनऊ, दिनांक :– 30.03.2026

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद लखनऊ में उत्तर रेलवे के दिलकुशा–मल्हौर रेल सेक्शन के किमी0 1084/15–17 पर स्थित सम्पार संख्या–186 स्पेशल पर 02 लेन उपरिगामी सेतु के निर्माण हेतु ग्राम भरवारा की भूमि का अर्जन किया जाना प्रस्तावित है।

प्रस्तावित भूमि के सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी, सदर, लखनऊ द्वारा प्रेषित विस्थापन सम्बन्धी प्रारम्भिक स्कीम / आख्या दिनांक 30.03.2026 को कार्यालय में प्रस्तुत की गयी है। जिसके क्रम में भूमि अर्जन से पूर्व भूमि अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के अनुसार पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन की पूर्ण आख्या/स्कीम तैयार किये जाने हेतु निम्नलिखित दिनांक व समय व स्थान पर लोक सुनवाई की जानी है:–

| क्रम सं0 | लोक सुनवाई हेतु नामित अधिकारी | ग्राम का नाम | लोक सुनवाई का स्थान | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | उप जिलाधिकारी, सदर, लखनऊ | भरवारा | निकट भरवारा रेलवे क्रासिंग | 05.04.2026 | पूर्वान्ह 12:00 बजे |

उपरोक्तानुसार अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार वर्णित भूमि के सम्बन्ध में कोई आपत्ति/सुझाव है तो वह अपनी आपत्ति / सुझाव उपरोक्तानुसार नियत दिनांक/समय व स्थान पर उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है।

UP-249094 दिनांक 31.03.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(विशाख जी0)
जिलाधिकारी, लखनऊ।





न्यूज ब्रीफ

## घर में घुस कर किशोरी से की छेड़खानी

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** एक सप्ताह पूर्व घर में घुस कर दरवाज बंद कर किशोरी से छेड़खानी करने वाले आरोपी के खिलाफ मंगलवार को पुलिस ने केस दर्ज किया। पीड़ित मां का आरोप है कि 23 मार्च 2026 को उसकी 15 वर्षीय बेटी घर पर अकेली थी। उस वक्त शाम करीब 05 बजे वह पडोस में गई थी। आरोप हे कि उसी दौरान गांव का राकेश उसके घर में घुस कर दरवाजा बंद कर दिया। आरोपी उसकी नाबालिक बेटी के साथ छेड़छाड़ करने लगा। जब उसने इस बात से मना किया तो उसे गाली गलौज व जान से मारने की धमकी दिया। उसकी बेटी ने शोर मचाया तो काफी संख्या में लोग इकट्ठा होने लगे। दरवाजा खोलकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया। तब से वह और उसकी नाबालिक बेटी काफी भय व आक्रोश में जीवन व्यतीत कर रही है। कोतवाल जय प्रकाश दूबे ने बताया कि आरोपी राकेश के खिलाफ छेड़छाड़ और पॉक्सों एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।

## कपिलवस्तु में 165 लाख के गबन के आरोप में बैंक कर्मचारी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** पड़ोसी देश नेपाल के कपिलवस्तु में बैंकिंग अपराध के मामले में एक बैंक कर्मचारी को गिरफ्तार किया गया है। मायादेवी ग्रामीण नगरपालिका-1, पकाड़ी के निवासी 28 वर्षीय ऋषभ कार्की को पकड़ी स्थित क्षेत्रीय पुलिस कार्यालय की एक टीम ने हिरासत में लिया। पुलिस ने बताया है कि एनआईएमबी बैंक की तौलिहवा शाखा में काम करने वाले कार्की को ग्राहकों के खातों से पैसे की हेराफेरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। नेपाल पुलिस के मुताबिक कार्की ने अलग-अलग तारीखों और समय पर अनाधिकृत रूप से बैंकिंग प्रणाली में प्रवेश किया और कुछ ग्राहकों के मोबाइल नम्बर बदल दिये।

# पति का भरण-पोषण दायित्व मृत्यु के बाद भी समाप्त नहीं होता

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने भरण-पोषण से जुड़े एक मामले पर सुनवाई करते हुए कहा कि पत्नी के भरण-पोषण का दायित्व पति पर केवल वैवाहिक जीवन तक सीमित नहीं रहता, बल्कि कानून में ऐसी व्यवस्था भी है, जहां पति की मृत्यु के बाद भी विधवा को अपने ससुर से भरण-पोषण प्राप्त करने का अधिकार होता है। न्यायमूर्ति अरिंदम सिन्हा एवं न्यायमूर्ति सत्यवीर सिंह की खंडपीठ ने भरण-पोषण को पति की स्थापित कानूनी जिम्मेदारी बताते हुए अकुल रस्तोगी द्वारा दाखिल अपील को प्रारंभिक स्तर पर ही खारिज कर दिया। याचिका में परिवार न्यायालय, रामपुर के 6 फरवरी 2026 के आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसमें कोर्ट ने पत्नी के खिलाफ कथित झूठे बयान की कार्यवाही चलाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति स्वयं को बेरोजगार बताता है तो उसे नकारात्मक तथ्य सिद्ध करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता, इसका दायित्व आरोप लगाने वाले पक्ष पर ही होता है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी रेखांकित किया कि पति का पत्नी के भरण-पोषण का दायित्व कानून में सुव्यवस्थित सिद्धांत है, जो अलगाव की स्थिति में भी लागू होता है और कुछ परिस्थितियों में पति की मृत्यु के बाद भी विधवा को भरण-पोषण का अधिकार मिलता है।



- भरण-पोषण से जुड़े मामले पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने किया स्पष्ट

## स्त्रीधन पत्नी की निजी संपत्ति पति का संयुक्त अधिकार नहीं

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने वैवाहिक विवाद से जुड़े एक आपराधिक मामले में स्पष्ट किया कि विवाह से पहले, विवाह के समय या उसके बाद महिला को प्राप्त 'स्त्रीधन' उसकी व्यक्तिगत और पूर्ण स्वामित्व वाली संपत्ति होती है। इस पर पति या किसी अन्य का संयुक्त अधिकार नहीं माना जा सकता है। कोर्ट ने माना कि केवल स्त्रीधन से जुड़े विवाद के आधार पर आईपीसी की धारा 406 के तहत पत्नी के खिलाफ आपराधिक विश्वासभंग का अपराध नहीं बनता, जब तक संपत्ति के बेईमानी से दुरुपयोग के स्पष्ट तत्व साबित न हों। उक्त आदेश न्यायमूर्ति चवन प्रकाश की एकलपीठ ने अनामिका तिवारी और चार अन्य की याचिका स्वीकार करते हुए पारित किया। याचिका में कानपुर नगर की अदालत द्वारा पारित समन आदेश तथा उससे संबंधित आपराधिक कार्यवाही को चुनौती दी गई थी।

## कोविड मृत्यु प्रमाण के अभाव में अनुग्रह राशि का दावा अमान्य

**विधि संवाददाता, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कोविड-19 से हुई कथित मृत्यु के आधार पर मुआवजे की मांग को लेकर दाखिल याचिका खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि बिना ठोस चिकित्सीय प्रमाण के कोविड मृत्यु मानकर मुआवजा नहीं दिया जा सकता है। कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि सरकारी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए यह साबित करना अनिवार्य है कि मृतक वास्तव में कोविड-19 से संक्रमित था या उसकी मृत्यु कोविड के कारण हुई। केवल महामारी के दौरान हुई मृत्यु को स्वत: कोविड मृत्यु नहीं माना जा सकता। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अजीत कुमार और न्यायमूर्ति गरिमा प्रसाद की खंडपीठ ने अजय कुमार की याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। मामले के अनुसार याची ने दावा किया कि उसकी पत्नी बेसिक विद्यालय में सहायक अध्यापिका थी और 7 अप्रैल 2021 को वह चुनाव ड्यूटी पर गईं और वहीं से वह कोविड से संक्रमित हुईं और 27 अप्रैल 2021 को उनकी मृत्यु हो गई। अत: पत्नी की मृत्यु को कोविड संक्रमण से जोड़ते हुए याची ने अनुग्रह राशि की मांग की। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर किसी व्यक्ति के पास कोविड-19 के कारण मृत्यु का प्रमाण पत्र है, तो परीक्षण रिपोर्ट की अनुपस्थिति में मुआवजा दिया जा सकता है।

## लूट की योजना बना रहे गिरोह को पकड़ा, 4 आरोपी गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थाना शोहरतगढ़ पुलिस व एसओजी की टीम ने शोहरतगढ़ क्षेत्र में लूट की योजना बना रहे एक शातिर गिरोह का भण्डाफोड़ कर 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया की पुलिस ने लूट की योजना बना रहे एक शातिर गिरोह का भण्डाफोड़ किया है और पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से अवैध तमंचा, जिन्दा कारतूस और दो मोटर साइकिल बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में रियाज अहमद उर्फ अकील अहमद, शिवकुमार चौहान उर्फ मनगाठू, कौशल मिश्रा और अखिलेश गड़ेरिया शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक उक्त आरोपी किसी बड़ी लूट की घटना को अंजाम देने की फिराक में थे, लेकिन पुलिस ने समय रहते कार्रवाई कर घटना को टाल दिया। वहीं इस सफल अभियान में प्रभारी निरीक्षक शोहरतगढ़ नवीन कुमार सिंह, एसओजी प्रभारी मिथिलेश कुमार राय सहित तमाम अन्य पुलिसकर्मियों की त्वरित कार्रवाई कर क्षेत्र में सम्भावित बड़े घटनाएं होने से बचा लिया। वहीं गिरफ्तार व्यक्तियो के ऊपर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजने की कार्रवाई में जुट गई।

# कुशीनगर में इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कॉन्क्लेव शुरू

## महापरिनिर्वाण मंदिर परिसर में पारंपरिक बौद्ध वंदना के साथ उद्घाटन, मौजूद रहे प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह

उपेन्द्र तिवारी, कुशीनगर।

**अमृत विचारः** कुशीनगर में तीन दिवसीय इंटरनेशनल बुद्धिस्ट कांक्लेव कुशीनगर 2026 का शुभारंभ राज्य मंत्री, (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार, कृषि निर्यात एवं जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने किया। महापरिनिर्वाण मुख्य मंदिर परिसर में पारंपरिक बौद्ध वंदना के साथ किया गया, जहां देश-विदेश से आए बौद्ध भिक्षु, उपासक और श्रद्धालु उपस्थित रहे। प्रभारी मंत्री जी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मेहमानों एवं बौद्ध भिक्षु ऑन के सम्मान में जिलाधिकारी एवं पूरा प्रशासन विशेष रूप से सराहनीय प्रयास किया है। यह कार्यक्रम बहुत ही पवित्र एवं पवन है जो आज से पहले नहीं आयोजित किया गया था उन्होंने कहा कि हम सब विभिन्न रूपों में इस दुनिया में आकर अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं कोई इतिहास बनाता है तथा कोई इतिहास बन जाता है उन्होंने कहा कि मुझे गर्व है कि इस पावन पवित्र निर्माण स्थल में को वैश्विक पहचान मिले यह सपना पहली बार किसी जिलाधिकारी ने देखा है.उन्होंने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री ने इसी प्रकार से काशी तमिल संगम के नाम से कार्यक्रम वाराणसी में कराया जिससे दक्षिण भारत के लोग आकर यहां की संस्कृति से जुड़े। प्रभारी मंत्री जी ने कहा कि आज महावीर जी की जयंती भी है उनकी जयंती के इस पावन अवसर पर जिलाधिकारी ने बुद्धिस्म एवं जैनिज्म का संगम का भी कार्यक्रम रखा है यह एक पवित्र विचार है जो भारतीय संस्कृति एवं संस्कार के संगम में मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के पद चिन्हों पर चलते हुए कुशीनगर प्रशासन एवं सभी जनप्रतिनिधि गण मिलकर भारतीय संस्कृति संस्कार के संवर्धन में एक है उन्होंने कहा कि अंग्रेजी मित्रों से बेहतर संस्कृति हमारे बुद्धिस्म एवं जैनिज्म की है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जिला अधिकारी ने हमारे सामने प्रस्ताव रखा था तो हमने तत्काल मंजूरी दे दी थी।



बौद्ध स्तूप का भ्रमण करते प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह। अमृत विचार

### भारत युद्ध का नहीं बुद्ध का देश है : प्रभारी मंत्री

प्रभारी मंत्री ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य सात समुंदर पार से भगवान बुद्ध के अनुयाई देख सुन एवं समझ रहे हैं ।उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के बहुत से उद्देश्य हैं कुशीनगर को भारत की बौद्ध शैक्षणिक राजधानी के रूप में स्थापित करना है। तीन दिवसीय आयोजन में विचार एवं मंथन होगा जिससे बहुत सी चीज निकल कर आएंगे जो देश एवं विश्व के लिए उपयोगी साबित होगी। कार्यक्रम का उद्देश्य है क्रॉस नेशनल शोध का निर्माण करना आधारभूत संबंधों का दस्तावेजीकरण करना जो आने वाली पीढ़ी को हमारी सभ्यता से पहचान करावेगी। भारत युद्ध का नहीं बुद्ध का देश है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी दुनिया को बार-बार यह संदेश दिया है।

### सरकार की 9 वर्ष की गिनाई उपलब्धियां

प्रदेश सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियां की जानकारी देते हुए प्रभारी मंत्री ने कहां की कुशीनगर के विकास के लिए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 434 करोड़ की लागत से कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की जा रही है जो निर्माणाधीन है। 254 करोड़ की लागत से अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का निर्माण हो गया है। जिससे दूसरे देशों के लोग हवाई मार्ग से आसानी से यहां पहुंच सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 281 करोड़ से मेडिकल कॉलेज का निर्माण हो रहा है। 228 करोड़ की लागत से गृह विभाग द्वारा जिला कारागार का निर्माण कराया जा रहा है ।तमकुही राज में 72 एकड़ में मल्टी मॉडल हाउस का निर्माण 500 करोड़ की लागत से हो रहा है।

## बच्चों को अंक पत्र देकर दीं शुभकामनाएं

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** उसका बाजार अंतर्गत आरजेटी पब्लिक मेमोरियल पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से कक्षा आठ तक के छात्र छात्राओं को अंक पत्र वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक अभिषेक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि हर एक छात्र छात्राओं को शिक्षित बनाना अनिवार्य है। परिजन अपने बच्चो को नियमित स्कूल भेजे, जिससे शिक्षण ग्रहण कर सकें। वही छात्र-छात्राओं ने अंक पत्र पाकर चेहरे खिल उठे। शिक्षक अखिलेश कुमार त्रिपाठी ने उज्ज्वल भविष्य का शुभकामना देते हुए कहा की बच्चे मेहनत कर जिले का नाम रोशन के साथ-साथ अपने प्रदेश का भी नाम रोशन करें। इस दौरान शिक्षक अमन चौधरी, सूर्य पाण्डेय, संगीता तनुजा, दिव्या, आरसी गुप्ता, हरिप्रकाश, इन्द्रजीत वैभव आदि लोगो ने उज्ज्वल भविष्य का कामना किया।

# 14 टॉपर्स को चेयरमैन ने मेडल से किया सम्मानित

बढ़नी (सिद्धार्थनगर)।

**अमृत विचार।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर बढ़नी मे अंक पत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ,जिसमें क्लास टॉप, स्कूल टॉप तथा ओलंपियाड में प्रदेश में 5वाँ स्थान पाए कुल 14 मेधावी छात्रों को नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरी द्वारा शुद्ध चांदी का मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने पर छात्रों के चेहरे उच्च मनोबल से दमक उठे।

सरस्वती शिशु मंदिर,बढ़नी में आयोजित अंकपत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यातिथि/चेयरमैन सुनील अग्रहरी द्वारा प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को चांदी का मेडल प्रदान कर उन्हें और आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया1 कक्षाओं में द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले छात्रों को विशिष्ट अतिथि अजय प्रताप गुप्त (वरिष्ठ पत्रकार) तथा विद्यालय के उपाध्यक्ष संजय मित्तल, रामगोपाल मित्तल, अखिलेश मद्धेशिया, हिमांशु कंचल के हाथों पुरस्कार तथा प्रमाणपत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि सुनील अग्रहरी ने कहा कि शिक्षा व ज्ञान प्राप्त करना जरूरी है।बालिकाएं निर्भीक पढ़ाई करें कहीं कोई दिक्कत पेश आती है तो पढ़ाई न छोड़े, दिक्कत का डटकर मुकाबला करें। विशिष्ट अतिथि अजय प्रताप गुप्त ने कहा कि आज प्रतियोगिता के इस दौर में निरंतर अभ्यास तथा समय का प्रबंधन हरेक क्षेत्र में बहुत जरूरी है। आगे बढ़ना है तो मोबाइल का भी प्रयोग जितना जरूरी है,उतना ही करें अन्यथा आपका कीमती समय व्यर्थ होगा। करीब 32 छात्रों को शील्ड, अंक एवं प्रमाणपत्र, पुरस्कार तथा चांदी का मेडल प्रदान किया गया।



सम्मानित किए गए मेधावी बच्चे। अमृत विचार

## अटेवा आज मनाएगा काला दिवस

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** अटेवा मंच उत्तर प्रदेश के आह्वान पर अटेवा सिद्धार्थनगर प्रत्येक वर्ष एक अप्रैल को काला दिवस मनाता चला आ रहा है क्योंकि इसी दिन एक अप्रैल दो हजार पांच को उत्तर प्रदेश के शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए एन पी एस रूपी काला कानून आया था इसलिए एन पी एस के विरोध को अनवरत जारी रखते हुए एक अप्रैल को काला दिवस मनाया जायेगा। जिलाध्यक्ष बृजेश द्विवेदी ने बताया कि उक्त तारीख को शिक्षक कर्मचारी अपने कार्यस्थल पर कार्य करते हुए अपनी बांह में काली पट्टी बांधकर एनपीएस/यू पी एस का विरोध करेंगे और पुरानी पेंशन बहाली की मांग को मजबूती प्रदान करेंगे।

# करौली शंकर महादेव बने महामंडलेश्वर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** श्री करौली शंकर महादेव धाम, मिश्री मठ के परमाध्यक्ष करौली शंकर महादेव महाराज का मंगलवार को हरिद्वार में वैदिक पद्धति और परंपरा से पट्टाभिषेक समारोह आयोजित कर महामंडलेश्वर की उपाधि से अलंकृत किया गया। श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन निर्वाण में आयोजित भव्य समारोह के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधियों से पूरा वातावरण सनातन की आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर रहा।

श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन निर्वाण के मुखिया महंत भगतराम जी महाराज ने पट्टाभिषेक समारोह में कहा कि करौली शंकर महादेव योग, मंत्र दीक्षा, ध्यान साधना व भारतीय संस्कृति के संवाहक हैं। अखाड़ा की परम्पराओं का पालन करते हुए मान-मर्यादा व सम्मान को और आगे बढ़ाएंगे। सचिव मुखिया महंत जगतार मुनि जी ने कहा कि महामण्डलेश्वर के रूप में करौली शंकर महादेव श्री पंचायती अखाड़ा नया उदासीन निर्वाण की गौरवशाली परम्परा को आगे बढ़ाएंगे। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महानिर्वाणी अखाड़े के सचिव श्रीमहंत रविन्द्र पुरी जी महाराज ने कहा कि करौली शंकर महादेव महाराज विलक्षण संत हैं। श्री पंचायती निर्मल अखाड़ा श्री महंत ज्ञानदेव सिंह जी महाराज ने कहा कि करौली शंकर महादेव उच्च कोटि के साधक हैं। नया अखाड़ा ने उन्हें महामण्डलेश्वर बनाकर संत समाज को नयी ऊर्जा व शक्ति प्रदान की है।



# गैस एजेंसी पर महिला के साथ अभद्रता व मारपीट, दी तहरीर

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थाना मिश्रौलिया अंतर्गत ग्राम मांझारिया की निवासनी एक महिला के साथ गैस एजेंसी पर अभद्रता, छेड़खानी और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता अनीता पुत्री रामजीत ने इस संबंध में थाना प्रभारी को लिखित शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।घटना का विवरणः शिकायत के अनुसार, पीड़िता अनीता दिनांक 29 मार्च को दोपहर लगभग 4:30 बजे चेतिया स्थित एच पी गैस एजेंसी पर गैस सिलेंडर लेने गई थी। वहां गैस एजेंसी की मालकिन के पति हरिश्चंद्र और उनके अन्य कर्मचारियों ने सिलेंडर देने की बात को लेकर पीड़िता से कहा-सुनी शुरू कर दी।पीड़िता का आरोप है कि जब उसने विरोध किया, तो हरिश्चंद्र और उसके कर्मचारियों ने उसके साथ अभद्रता की और उसका दुपट्टा खींचकर उसके सम्मान को ठेस पहुंचाई। इतना ही नहीं, आरोपियों ने गैस सिलेंडर (बाटला) उठाकर महिला के पैर पर मार दिया, जिससे वह चोटिल हो गई। जाते-जाते आरोपियों ने पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी।पीड़िता ने बताया कि इस पूरी घटना का वीडियो भी मौजूद है, जिसे साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। आरोपियों के इस व्यवहार से क्षुब्ध होकर पीड़िता ने थाना मिश्रौलिया में प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

# नामित तीन सभासदों को दिलाई पद व निष्ठा की शपथ

बढ़नी (सिद्धार्थनगर)।

**अमृत विचार।** उप्र शासन द्वारा नगर पंचायत बढ़नी में नामित किए गए तीन सभासदों को भव्य समारोह में पद व कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई गई। भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य के नगर में प्रथम आगमन पर चेयरमैन आदि द्वारा भव्य स्वागत किया गया।जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा ही एक पार्टी है जो कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है,उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देती है।

नगर पंचायत बढ़नी के प्रांगण में शासन द्वारा मनोनीत सभासदों के शपथ ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया,जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील अग्रहरि तथा ईओ अजय कुमार ने तीनों मनोनीत सभासदों का स्वागत किया। उप जिलाधिकारी विवेकानंद मिश्रा ने बारी बारी से रामधनी मौर्य,अनिता जायसवाल तथा तीन बार से मनोनीत हो रहे त्रियुगीनाथ अग्रहरि को पद व कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई और शुभकामना दी।उन्होंने सदस्यों को उनके दायित्वों के प्रति सजग रहने और नगर के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस मौके पर भाजपा के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष दीपक मौर्य के बढ़नी में प्रथम आगमन पर चेयरमैन सुनील अग्रहरि एवं सभासदों आदि द्वारा जोरदार स्वागत किया गया।

दीपक मौर्य ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है और समय आने पर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर देती है।देश प्रदेश की डबल इंजन की सरकार पूरी गति से विकास की इबारत लिख रही है। तमाम कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक बिना भेदभाव के लाभ पहुंचा रही है। पार्टी ने जिस विश्वास से उन्हें यह जिम्मेदारी दी है उसे प्राण प्रण से पूरा करेंगे। चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने कहा कि नगर के समग्र विकास के लिए ठोस योजनाएं हैं। समारोह को वरिष्ठ भाजपा नेत्री साधना चौधरी, जिला मंत्री फतेह बहादुर सिंह, मंडल अध्यक्ष योगेंद्र तिवारी, उसका के मंडल अध्यक्ष राजकुमार सिंह(राजू शाही), सिद्धार्थ पाठक, सतीश शर्मा, त्रियुगीनाथ अग्रहरि, सूर्य प्रकाश पांडेय,अंश जायसवाल आदि ने संबोधित किया। संचालन प्रभात तिवारी द्वारा किया गया।



शपथ ग्रहण व सम्मान समारोह में मौजूद नामित सभासद और अतिथि।

# निर्माण कार्य के चलते गाड़ियों का संचलन रहेगा प्रभावित

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा लखनऊ मंडल के गोरखपुर-आनन्दनगर-नौतनवा खंड के लक्ष्मीपुर एवं कैम्पियरगंज स्टेशन पर पैदल उपरिगामी पुल के निर्माण हेतु गर्डर लांचिंग के लिए यातायात एवं पावर ब्लॉक दिए जाने के कारण गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन रहेगा। बढ़नी से 12 अप्रैल को चलने वाली 55076 बढ़नी-नकहा जंगल सवारी गाड़ी नकहा जंगल के स्थान पर आनन्दनगर स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी आनन्दनगर-नकहा जंगल के मध्य निरस्त रहेगी। - नकहा जंगल से 12 अप्रैल को चलने वाली 55071 नकहा जंगल-नौतनवा सवारी गाड़ी नकहा जंगल के स्थान पर आनन्दनगर स्टेशन से चलाई जायेगी। यह गाड़ी नकहा जंगल-आनन्दनगर के मध्य निरस्त रहेगी।

### विशेष गाड़ी का संचलन

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु 05096/05095 मऊ-कोलकाता-मऊ विशेष गाड़ी का संचलन मऊ से 08 अप्रैल से 15 जुलाई तक प्रत्येक बुधवार को तथा कोलकाता से 09 अप्रैल से 16 जुलाई तक प्रत्येक गुरुवार को 15 फेरों के लिए किया जायेगा। इस गाडी में एस.एल. आर.डी. के 02, साधारण द्वितीय श्रेणी के 10, शयनयान श्रेणी के 05, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी का 01, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 01 कोच सहित कुल 19 कोच लगाये जायेंगे।

कथा | नेपाल में भव्य श्री रामकथा के छठें दिन हुआ जानकी विवाह, मंगल गान

# परशुराम के क्रोध व लक्ष्मण के व्यंग्य का किया वर्णन

बढ़नी (सिद्धार्थनगर)।

**अमृत विचार।** पड़ोसी नेपाल के सीमावर्ती कृष्णनगर स्थित श्रीलक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रहे भव्य श्रीरामकथा के छठवें दिन अंतरराष्ट्रीय कथावाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज ने धनुष भंग पश्चात हुए प्रसंगों का जीवंत वर्णन करते हुए परशुराम लक्ष्मण संवाद का रोचक व्याख्यान किया। बारात आगमन, मां जानकी समेत 4 कुमारियों के भी विवाह होने की अद्भुत कथा कही, जिसका वर्णन सुन भक्तगण रोमांचित हो गए।

नेपाल में चल रहे श्रीरामकथा के छठें दिन अंतरराष्ट्रीय कथावाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज ने शिव धनुष भंग की कथा को आगे बढ़ाते हुए परशुराम लक्ष्मण संवाद का रोचक व्याख्यान विभिन्न चौपाइयों के साथ सुनाया। परशुराम के आगमन, शिव धनुष के टूटे पड़े होने को देखने के बाद सातवें आसमान पर पहुंचे उनके क्रोध को वर्णित करते हुए कहा कि उनके क्रोध से सभी राजा भयभीत हो गए। इस पर राम, उन्हें शिवभक्त जानकर अत्यंत धीरज और विनम्रता से बोले कि धनुष तोड़ने वाला आपका ही कोई दास होगा। परशुराम कहते हैं कि सेवक वह है जो सेवा करे,धनुष को जिसने तोड़ा है वह सहस्रबाहु के समान मेरा शत्रु है। उन्होंने सभा में उपस्थित राजाओं को मारने की चेतावनी दी। इस पर लक्ष्मण ने परशुराम पर व्यंग्य करते हुए कहा कि 'बहु धनुही तोरी लरकाईं',तब कबहुं न असि रिस कीन्ह गोसाईं'।



कथा सुनाते कथावाचक अतुल कृष्ण भारद्वाज व मौजूद श्रद्धालु।



## शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही नहीं होगी

**संतकबीरनगरः अमृत विचार।** जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने और लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने गूगल मीट के माध्यम से ऑनलाइन गोष्ठी कर समीक्षा बैठक की। गोष्ठी के दौरान एसपी ने कहा कि जन शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही किसी भी स्तर पर क्षम्य नहीं होगी। जन-शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ करने का निर्देश दिया। गोष्ठी के दौरान सीएम डैशबोर्ड, आई-गॉट कर्मयोगी, सीसीटीएनएस रैंकिंग, लंबित प्रार्थना पत्रों, महिला संबंधी अपराधों तथा समग्र कानून-व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई।

# जलवायु परिवर्तन पर जताई चिंता

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सामाजिक संस्था गौतम बुद्ध जागृति समिति, द्वारा संचालित एवं रोहिणी नीलेकनी फिलोंथरोपिस फाउण्डेशन एवं पानी संस्थान से सहायतित मौसम परियोजना के अन्तर्गत संस्था कार्यालय उसका बाजार में पंचायत वार्ड सदस्यों का एक दिवसीय जलवायु परिवर्तन पर संवेदीकरण हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे संस्था सचिव श्रीधर पाण्डेय ने मुख्य रूप से ग्राम पंचायत विकास कार्ययोजना पर विस्तृत जानकारी साझा किये।

उन्होने बताया कि यह पंचायत स्तर पर विकास कार्यो की योजना बनाने और उन्हें लागू करने की प्रक्रिया है। इसमें मौसम और परिस्थितियों के अनुसार स्थानीय जरूरतों को प्राथमिकता दी जाती है। इसमें पंचायत स्तर पर संसाधन जुटाने, विकास कार्यों की मॉनिटरिंग और मूल्यांकन करने, ग्राम सभा की भूमिका और प्रभावी बैठको का आयोजन करना होता है। इससे पंचायत की योजनाएं अधिक प्रभावी बनेंगी, विकास कार्यों में पारदर्शिता आयेगी, ग्रामीण विकास में समुदाय की भागीदारी बढ़ेगा। इसी क्रम में क्लाइमेट वारियर लीड सुनील कुमार ने ग्राम पंचायत विकास कार्ययोजना को जलवायु के मुद्दे से जोड़कर बताया कि जलवायु परिवर्तन से हमारे खेती पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। जैसे बारिश देर-से या तेज होना, सूखा-बाढ़ की आवृत्ति बढ़ना, फसल-चक्र बिगड़ना। गर्म माहौल में नये रोगजनक फैलते हैं एवं निरन्तर लागत बढ़ती है और यह तभी सम्भव हैं।




जलवायु परिवर्तन पर आयोजित संवेदीकरण कार्यशाला में मौजूद लोग।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### गांदरबल में मुठभेड़ के बाद आतंकवाद विरोधी अभियान जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले के एक वन क्षेत्र में मंगलवार शाम को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच गोलीबारी हुई जिसके बाद आतंकवाद विरोधी अभियान जारी है। सेना ने कहा कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर गांदरबल के अरहामा क्षेत्र में जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान शुरू किया गया। सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने एक्स पर लिखा, तलाशी अभियान के दौरान सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि देखी। चुनौती मिलने पर आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी और हमारे सैनिकों ने जवाबी कार्रवाई की। अभियान जारी है।" सूत्रों ने कहा कि गोलीबारी के बाद किसी भी तरह की घुसपैठ रोकने के लिए पूरे इलाके को तुरंत घेर लिया गया।

### महाराष्ट्र: आईएएस अधिकारी का 21 साल में 24वां तबादला

**मुंबई।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी तुकाराम मुंधे का मंगलवार को महाराष्ट्र सरकार द्वारा तबादला कर दिया गया। नौकरशाही में 21 वर्षों की सेवा में यह उनका 24वां तबादला है। एक ईमानदार सिविल सेवक माने जाने वाले मुंधे उन कई आईएएस अधिकारियों में शामिल हैं, जिनका तबादला सरकार ने किया है। अधिकारियों ने बताया कि जिन अधाकरियों का तबादला किया गया, उनमें अश्विनी भिडे, विकास चंद्र रस्तोगी और लोकेश चंद्र भी शामिल हैं। मुंबई स्थित मंत्रालय में दिव्यांग कल्याण विभाग के सचिव मुंधे का तबादला राज्य सचिवालय में सचिव, आपदा प्रबंधन, पुनर्वास, राजस्व और वन विभाग के पद पर किया गया है। उन्हें अगस्त 2025 में, यानी एक साल से भी कम समय पहले दिव्यांग कल्याण विभाग के सचिव के पद पर तैनात किया गया था।

### अवैध पटाखा फैक्टरी में धमाका, एक व्यक्ति की मौत, दो घायल

**लुधियाना।** पंजाब के लुधियाना के जोधन गांव में मंगलवार को एक अवैध पटाखा निर्माण फैक्टरी में हुए धमाके में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 16 वर्षीय लड़की सहित दो अन्य घायल हो गए। यह जानकारी पुलिस ने दी। पुलिस उपाधीक्षक (मुल्लनपुर) वरिंदर सिंह खोसा ने बताया कि प्रारंभिक जांच से यह बात सामने आयी है कि इमारत में अवैध रूप से पटाखे बनाए जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान कैफ शाह के रूप में हुई है और दो घायलों में अलीशा (16) भी शामिल है। पुलिस ने बताया कि घटना शाम करीब साढ़े सात बजे हुई। धमाके की आवाज दूर तक सुनाई दी।

# विश्वसनीय सेमीकंडक्टर आपूर्तिकर्ता के रूप में भूमिका मजबूत कर रहा है भारत : मोदी

## केन्स सेमीकॉन के आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर संयंत्र का साणंद में किया उद्घाटन, शुरू हुआ उत्पादन

साणंद (गुजरात), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 21वीं सदी अपने साथ कई चुनौतियां लेकर आई है और संघर्षों के कारण वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं प्रभावित हुई हैं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि सरकार आने वाले दशकों के लिए प्रौद्योगिकी और ऊर्जा सुरक्षा की एक मज़बूत नींव रख रही है। मोदी ने साणंद में केन्स सेमीकॉन के 'आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर' संयंत्र का उद्घाटन किया, और इसके साथ ही वहां उत्पादन शुरू हो गया।



सेमीकंडक्टर प्लांट के उद्घाटन के बाद इंजीनियरों से बात करते प्रधानमंत्री मोदी।

उन्होंने कहा कि भारत वैश्विक बाज़ार में एक भरोसेमंद विश्वसनीय आपूर्तिकर्ता के तौर पर अपनी भूमिका को मज़बूत कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक तरह से आज साणंद और सिलिकॉन वैली के बीच एक नया सेतु बन गया है। मोदी ने इस अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सक्रिय रूप से एक मज़बूत सेमीकंडक्टर तंत्र का निर्माण कर रहा है और साथ ही कच्चे माल के लिए एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के लिए महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है। उन्होंने रेखांकित किया कि जब कोविड महामारी ने आपूर्ति श्रृंखलाओं को बाधित किया तो भारत ने सेमीकंडक्टर निर्माण का केंद्र बनने का निर्णय लिया।

प्रधानमंत्री ने कहा, भारत सक्रिय रूप से एक मज़बूत सेमीकंडक्टर तंत्र बना रहा है और साथ ही कच्चे माल के लिए एक लचीली आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने के लिए भी महत्वपूर्ण प्रयास कर रहा है। पैक्स सिलिका में भारत की भागीदारी इसी प्रयास का एक प्रमाण है।

### अशांति का सामना कर रही दुनिया के लिए सम्राट संप्रति संग्रहालय का संदेश जरूरी: प्रधानमंत्री

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि गुजरात में नवनिर्मित सम्राट संप्रति संग्रहालय ऐसे समय में शांति और अहिंसा का सशक्त संदेश देता है जब दुनिया अस्थिरता और अशांति की आग में जल रही है। वर्तमान वैश्विक स्थिति का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि संग्रहालय की विरासत और संदेश न केवल भारत के लिए बल्कि मानवता के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। महावीर जयंती के अवसर पर गांधीनगर के पास कोबा गांव में श्री महावीर जैन आराधना केंद्र परिसर में स्थित संग्रहालय का उद्घाटन करने के बाद उन्होंने कहा, हम पिछली सरकारों की गलतियों को सुधार रहे हैं, जो बहुमूल्य पांडुलिपियों को संरक्षित करने में विफल रहीं। उन्होंने कहा, वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में जहां दुनिया अस्थिरता और अशांति की आग में झुलस रही है, इस संग्रहालय की विरासत और संदेश का बहुत महत्व है।

- गांधीनगर के कोबा गांव के पास संग्रहालय का किया उद्घाटन

# एफसीआरए विधेयक पर लोकसभा में आज घमासान होने के आसार

## कांग्रेस ने विधेयक पारित न होने देने का किया एलान, सांसदों को सदन में रहने का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने दावा किया कि सरकार बुधवार को लोकसभा में विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन (एफसीआरए) विधेयक, 2026 को पारित कराने की योजना बना रही है, लेकिन ऐसा नहीं होने दिया जाएगा क्योंकि यह विधेयक असंवैधानिक है और गैर सरकारी संगठनों, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा संचालित संगठनों को नष्ट कर देगा।

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को बताया कि कांग्रेस सांसदों को दिल्ली पहुंचने और बुधवार को सदन में मौजूद रहने के लिए कहा गया है। कांग्रेस बुधवार सुबह संसद परिसर में इस विधेयक के खिलाफ प्रदर्शन करेगी। वेणुगोपाल ने एक्स पर पोस्ट किया, भाजपा कल संसद में एफसीआरए संशोधनों को पारित करने की योजना बना रही है। यह ऐसे समय हो रहा है जब कांग्रेस और कई विपक्षी दल चुनावों में व्यस्त



हैं। उन्होंने दावा किया कि यह स्पष्ट रूप से असंवैधानिक विधेयक है, जो गैर सरकारी संगठनों और सामुदायिक संगठनों, विशेष रूप से अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा संचालित संगठनों को नष्ट कर देगा।

वेणुगोपाल ने कहा, हम भाजपा को इस कठोर विधेयक के माध्यम से ईमानदार परोपकारी संस्थानों का गला नहीं घोंटने देंगे। कांग्रेस नेता ने कहा, कांग्रेस इस विधेयक के खिलाफ सुबह 10.30 बजे संसद के बाहर प्रदर्शन करेगी। हम इसे किसी भी हालत में पारित नहीं होने देंगे। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बीते बुधवार को लोकसभा में विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया था। इस विधेयक का उद्देश्य विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम, 2010 में संशोधन करना है। राय ने कहा था कि यह विधेयक विदेशी अंशदान के उपयोग को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाएगा।

### विदेशी धन का अवैध गतिविधियों में दुरुपयोग रोकने के लिए लाया जा रहा विधेयक: रीजीजू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने मंगलवार को कहा कि एफसीआरए संशोधन विधेयक का उद्देश्य किसी धार्मिक संगठन को निशाना बनाना नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा एवं हितों के खिलाफ विदेशी धन के इस्तेमाल को रोकना है। रीजीजू ने भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों के साथ बातचीत में कांग्रेस और वामपंथी दलों पर तीखा हमला बोला तथा उन पर एफसीआरए में प्रस्तावित संशोधन को लेकर झूठी बातें फैलाने का आरोप लगाया। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा कि विधेयक को लेकर उनके दावे पूरी तरह से झूठे, मनगढ़ंत और गुमराह करने वाले हैं। विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम में संशोधन के लिए 25 मार्च को लोकसभा में एक विधेयक पेश किया गया, जिसमें सरकार ने यह स्पष्ट किया कि विदेशी धन के ज़रिए ज़बरन धर्म परिवर्तन कराने में शामिल व्यक्तियों को बख्शा नहीं जाएगा। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने विदेशी अंशदान विनियमन संशोधन (एफसीआरए) विधेयक, 2026 पेश करते हुए कहा था कि इस कानून का उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना और विदेशों से प्राप्त धन का उचित उपयोग सुनिश्चित करना है। विधेयक को लेकर विपक्ष के दावों के बारे में पूछे जाने पर रीजीजू ने कहा, केरल में वामपंथी दल और कांग्रेस ने कुछ अफ़वाहें फैलाई हैं कि भारत सरकार विभिन्न धार्मिक संगठनों की गतिविधियों को रोकने के लिए एफसीआरए संशोधन विधेयक ला रही है।

- केंद्रीय मंत्री ने विपक्ष पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया

## साहित्योत्सव में चौबीस लेखकों को मिला साहित्य अकादमी पुरस्कार

**नई दिल्ली।** साहित्योत्सव के दूसरे दिन मंगलवार को भारतीय भाषाओं के कुल 24 लेखकों और कवियों को साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कमानी सभागार में आयोजित समारोह में पुरस्कार पाने वालों में अंग्रेजी लेखक और पूर्व राजदूत नवतेज सरना शामिल थे, जिन्हें उनके उपन्यास 'क्रिमसन स्प्रिंग' के लिए पुरस्कार मिला और हिंदी लेखिका ममता कालिया को उनके संस्मरण 'जीते जी इलाहाबाद' के लिए पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार विजेताओं को एक पट्टिका, शॉल और एक लाख रुपये की राशि प्रदान की गई। कवि और साहित्य अकादमी के पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद तिवारी ने कहा कि योग्य व्यक्तियों को सम्मानित करना समाज का कर्तव्य है, अन्यथा समाज मूल्यों से विरक्त हो जाएगा। तिवारी ने अपने संबोधन में कहा, योग्य व्यक्तियों को पुरस्कार देना और सम्मानित करना समाज का दायित्व है। जो समाज योग्य व्यक्तियों का सम्मान नहीं करता, वह धीरे-धीरे मूल्यों से विरक्त हो जाता है और अंततः ढह जाता है।

अन्य विजेताओं में प्रसून बंद्योपाध्याय को बांग्ला में 'श्रेष्ठ कविता' के लिए सम्मानित किया गया। योगेश वैद्य को गुजराती में 'भट्ठखाडकी', अमरेश नुगडोनी को कन्नड़ में 'दादा सीरिसु तंदे' और एन. प्रभाकरण को मलयालम में 'मायामनुष्यर' के लिए पुरस्कार मिला। राजू बाविस्कर को मराठी में 'कल्याणील्या रेशा', जिंदर को पंजाबी में 'सेफ्टी किट', जितेंद्र कुमार सोनी को राजस्थानी में 'भरखमा' और सा. तमिलसेलवन को तमिल में 'तमिज सिरुकथैयिन थडंगल' के लिए सम्मानित किया गया।

- नवतेज सरना, ममता कालिया ने भी ग्रहण किया पुरस्कार

## महाराष्ट्र : अश्विनी भिडे बीएमसी की पहली महिला आयुक्त बनीं



**मुंबई।** भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) की वरिष्ठ अधिकारी अश्विनी भिडे को मंगलवार को बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) की पहली महिला आयुक्त नियुक्त किया गया। बीएमसी की स्थापना 1872 में हुई थी। यह भारत के सबसे पुराने स्थानीय स्व-शासी निकायों में से एक है। भिडे ने पदभार संभालने के बाद पत्रकारों से कहा कि उनका प्रयास महिला यात्रियों के लिए सार्वजनिक परिवहन की सुरक्षा में सुधार करना होगा। वह यह भी सुनिश्चित करेंगी कि मॉनसून शुरू होने से पहले शहर में नालों की सफाई का काम तेज गति से पूरा किया जाए। वर्ष 1995 बैच की आईएएस अधिकारी भिडे मुख्यमंत्री कार्यालय में अतिरिक्त मुख्य सचिव थीं।

## चुनौतियों के बीच वीर विक्रम यादव बने डीजीसीए के नए प्रमुख



**नई दिल्ली।** विमानन क्षेत्र में चुनौतियों के बीच वीर विक्रम यादव नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के नए महानिदेशक कार्यभार संभालने जा रहे हैं और फैज अहमद किदवई का स्थान लेंगे। किदवई के कार्यकाल में डीजीसीए ने कई चुनौतियों का सामना किया। इनमें पिछले साल दिसंबर में इंडिगो में की उड़ानों भारी बाधाएं, विभिन्न एयरलाइंस में चूक, गैर-अनुसूचित परिचालकों के विमानों की दुर्घटनाएं और जून, 2025 में एयर इंडिया के विमान की दुर्घटना शामिल है।ओडिशा कैडर के 1996 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी यादव वर्तमान में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव हैं।

## अमरावती को आंध्र की राजधानी की मान्यता का विधेयक आज पेश कर सकती है सरकार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रमुख घटक दल तेलुगु देसम पार्टी (तेदेपा) और मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू की महत्वाकांक्षी परियोजना को साकार करने की दिशा में अमरावती को आंध्र प्रदेश की एकमात्र और स्थायी राजधानी के रूप में मान्यता देने संबंधी विधेयक बुधवार को लोकसभा में पेश कर सकती है।

यह प्रस्तावित कानून अमरावती को एकमात्र और स्थायी राजधानी बनाने के निर्णय को भविष्य में बदल दिए जाने के किसी भी ऐसे प्रयास को रोक देगा, जैसा कि वाईएसआर कांग्रेस अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली पिछली सरकार द्वारा किया गया था। बीते 28 मार्च को राज्य विधानसभा ने भी एक प्रस्ताव पारित किया जिसमें आंध्र प्रदेश की नयी राजधानी के रूप में 'अमरावती' का नाम शामिल करने के मकसद से आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा पांच में संशोधन के लिए केंद्र से अनुरोध किया गया।

वर्ष 2014 और 2019 के बीच विभाजित आंध्र प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री के रूप में तेदेपा प्रमुख नायडू ने घोषणा की थी कि अमरावती राज्य की राजधानी होगी और इसके विकास में बड़े पैमाने पर निवेश किया जाएगा। हालांकि, 2019 के विधानसभा चुनाव में तेदेपा ने सत्ता गवां दी और रेड्डी ने मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाला। अपने कार्यकाल के दौरान रेड्डी ने नायडू के फैसले को बदल दिया और घोषणा की कि आंध्र प्रदेश की तीन राजधानियां होंगी जिसके तहत विशाखापत्तनम को प्रशासनिक राजधानी, अमरावती को विधायी राजधानी और कुरनूल को न्यायिक राजधानी घोषित किया गया। वर्ष 2024 में सत्ता में लौटने के बाद नायडू ने घोषणा की कि अमरावती राज्य की एकमात्र राजधानी होगी।

- चंद्रबाबू नायडू का अमरावती को एकमात्र राजधानी बनाने का सपना होगा साकार

## सोनिया गांधी को अस्पताल से छुट्टी मिली

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को संक्रमण से ठीक होने के बाद मंगलवार सुबह सर गंगाराम अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। सोनिया गांधी को बुखार की शिकायत के बाद 24 मार्च की रात 10:20 बजे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, अस्पताल में सात दिन उनका उपचार किया गया। अस्पताल के चेयरमैन डॉ. अजय स्वरूप के अनुसार सोनिया गांधी (79) का, एक गंभीर संक्रमण के लिए इलाज किया गया और एंटीबायोटिक दवाओं से उन्हें काफी फायदा हुआ।





पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव **महासंग्राम**



# असम में पांच लाख करोड़ के निवेश और लव जिहाद पर कानून का वादा

## केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जारी किया भाजपा का घोषणापत्र

गुवाहाटी, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने असम विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणापत्र जारी किया। इसमें मूल निवासियों की जमीन, विरासत और सम्मान की सुरक्षा करने तथा बुनियादी ढांचा के लिए पांच लाख करोड़ रुपये के निवेश का वादा किया गया है।

भाजपा के संकल्प पत्र में 31 वादे किये गए हैं, जिनमें बांग्लादेशियों द्वारा अतिक्रमण की गई जमीन की वापस लेना, समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करना, लव जिहाद और लैंड जिहाद से निपटने को कड़े कदम उठाने और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करना शामिल है। घोषणापत्र में असम के मूल निवासियों की जमीन, विरासत और गरिमा की हिफाजत का वादा किया गया है, जिसके लिए आप्रवासी (असम से निष्कासन) अधिनियम, 1950 को लागू कर अवैध प्रवासियों की पहचान और उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर संविधान की छठी अनुसूची और जनजातीय क्षेत्रों को छोड़कर असम के लोगों की सभ्यता, विरासत और अधिकारों की रक्षा के लिए कानून को मजबूत करेगी, ताकि जातीय समुदायों के अधिकार सुनिश्चित किए जा सकें। मिशन वसुंधरा योजना के तहत अवैध प्रवासियों द्वारा किए गए हर इंच अतिक्रमण को हटाकर असम के सभी वास्तविक नागरिकों को भूमि अधिकार देने का वादा किया है।

### खास वायदे

- समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू कर असम के लोगों की सभ्यता, विरासत और अधिकारों की रक्षा के कानून को मजबूत किया जाएगा।
- मिशन वसुंधरा योजना के तहत अवैध प्रवासियों द्वारा किए गए हर इंच अतिक्रमण को हटाकरवास्तविक लोगों को भूमि अधिकार दिलाया जाएगा।
- लव जिहाद और लैंड जिहाद की समस्या को समाप्त करने के लिए प्रभावी कानून बनाएगी, साथ ही मुक्त करायी जाएगी सत्रों, नामघरों, देवालयों और अन्य पूजा स्थलों की अतिक्रमित जमीन।




घोषणापत्र जारी करते वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और असम के सीएम हिमंत विश्वशर्मा।

## केरलः गरीबों को मुफ्त एलपीजी सिलेंडर और आर्थिक सहायता देने का वादा

**तिरुवनंतपुरम।** भाजपा नीत राजग ने केरल विधानसभा चुनाव के लिए मंगलवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया, जिसमें जरूरतमंद महिलाओं और 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को आर्थिक सहायता, गरीब परिवारों को हर साल दो मुफ्त एलपीजी सिलेंडर, राज्य में एक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान स्थापित करने और मंदिरों के संरक्षण का वादा किया गया है।

घोषणा पत्र में, तिरुवनंतपुरम को कन्नूर से जोड़ने वाले हाई-स्पीड रेलवे नेटवर्क, प्रत्येक परिवार के लिए 20,000 लीटर मुफ्त पानी और मुल्लापेरियार बांध के संबंध में तमिलनाडु के लिए पानी और केरल को सुरक्षा का भी वादा किया गया है। नवीन ने दावा किया कि केरल में दशकों से एलडीएफ और यूडीएफ की सरकार रहने के परिणामस्वरूप राज्य में नगण्य औद्योगिक विकास, आर्थिक ठहराव और राजकोषीय कुप्रबंधन हुआ है।

### खास वायदे

- 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को 3000 रुपये मासिक कल्याण पेंशन
- गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले परिवार की प्रत्येक महिला को 2500 रुपये रिचार्ज वाला आरोग्य सुरक्षा कार्ड। इससे किराना वस्तुएं एवं दवाएं खरीदी जा सकेंगी।
- ओणम और क्रिसमस पर एक-एक मुफ्त एलपीजी सिलेंडर
- देवस्वओम बोर्ड का पुनर्गठन कर शबरिमा, गुरुवायूर और अन्य सभी पूजास्थलों का संरक्षण
- शबरिमला सोना चोरी मामले में समयबद्ध सीबीआई जांच के कराकर भ्रष्टाचार खात्मा करेंगे।

### सीएम की तलाशी



तिरुचिरापल्ली में मंगलवार को चुनाव प्रचार के लिए तिरुवरूर जा रहे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के वाहन की तिरुची-नागपट्टिनम राजमार्ग पर अधिकारियों ने जांच की।

### कोलकाता में सैकड़ों बीएलओ ने सीईओ कार्यालय पर किया प्रदर्शन, मतदाता सूची में हेराफेरी के आरोप लगाए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में बूथ-स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) के एक समूह ने मतदाता सूची में हेराफेरी का आरोप लगाते हुए मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान उनकी पुलिस और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ झड़प भी हुई। विरोध प्रदर्शन के दौरान, सीईओ के कार्यालय की सुरक्षा में तैनात केंद्रीय बलों के जवानों पर कथित तौर पर पथराव किया गया, जबकि पास में खड़े दोपहिया वाहनों को नुकसान पहुंचाया गया। स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए बाद में वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अतिरिक्त सुरक्षाबलों के साथ मौके पर पहुंचे।

## अवैध वोटरों को शामिल करने की कोशिश कर रही है भाजपा: ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा बिहार, राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के अवैध मतदाताओं के नाम राज्य की मतदाता सूची में शामिल करने की कोशिश कर रही है ताकि चुनाव नतीजे को अपने पक्ष में मोड़ा जा सके।

ममता बनर्जी ने पश्चिम मेदिनीपुर के चंद्रकोना में एक चुनावी रैली में यह बात कही। उन्होंने रैली में अपनी अपील दोहराई कि जनता इस पर ध्यान न दे कि विधानसभा क्षेत्रों में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार कौन हैं बल्कि उन्हें ही सभी 294 सीटों पर उम्मीदवार मानें। तृणमूल प्रमुख ने कहा, कल अभिषेक बनर्जी ने मुझे बताया कि नए मतदाताओं को शामिल करने के लिए एक ही दिन में लगभग 30,000 फॉर्म जमा होने की सूचना मिलने पर उन्हें अपने चुनाव प्रचार कार्यक्रम के बीच से ही निर्वाचन आयोग कार्यालय जाना पड़ा।



### सीईसी को तीखा पत्र

ममता बनर्जी ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को एक पत्र लिखकर तीखे लहजे में कहा कि जिनका बंगाल से कोई वैध संबंध नहीं है, उनसे संबंधित फॉर्म 6 के आवेदन अवैध, असंवैधानिक और मौलिक रूप से अलोकतांत्रिक हैं, जो दुर्भावनापूर्ण इरादे को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा बंगाल की सूची में बाहर से अवैध मतदाताओं को जबरदस्ती शामिल करने की कोशिश करती है तो लोग इसका विरोध करेंगे।

# पीएम मोदी चाहते हैं कि केरल में एलडीएफ जीते : राहुल

कन्नूर (केरल), एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चाहते हैं कि केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) विधानसभा चुनाव जीते। उन्होंने यहां एक चुनावी सभा में यह आरोप दोहराया कि कांग्रेस के नेतृत्व वाला संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) एलडीएफ और भाजपा की मिलीजुली ताकत से लड़ रहा है।

माकपा के दो पूर्व नेता कुन्हिकृष्णन और टीके गोविंदन भी मंच पर मौजूद थे। दोनों नेता यूडीएफ के समर्थन से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष गांधी ने कहा, यह चुनाव दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई है। माकपा के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे और यूडीएफ के बीच की लड़ाई है। पहली बार, हम भाजपा और वाम मोर्चे के बीच साझेदारी देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह काफी आश्चर्यजनक है कि एक वामपंथी पार्टी एक अति दक्षिणपंथी पार्टी के साथ गठबंधन कर रही है जबकि दोनों की विचारधारा एक-दूसरे बिल्कुल विपरीत है। गांधी ने कहा, तो सवाल यह है कि यह कैसे संभव है कि एक वामपंथी पार्टी एक दक्षिणपंथी पार्टी के साथ गठबंधन कर ले, यह एक पहेली की तरह है। उन्होंने कहा, इस पहेली के कुछ जवाब मंच पर बैठे हैं। आज यहां माकपा के दो दिग्गज नेता हैं। वे हमारे मंच पर क्यों बैठे हैं और माकपा और मुख्यमंत्री के लिए प्रचार नहीं कर रहे हैं। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि जिसे आज वाम मोर्चा कहा जाता है वह अब वामपंथी या मध्यमार्गी गठबंधन नहीं है। उन्होंने कहा, वास्तव में, वे भाजपा के साथ हैं क्योंकि वे कॉर्पोरेट पार्टियां हैं। वे अब लोगों की पार्टियां नहीं हैं।



कन्नूर में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ राहुल गांधी।

- कांग्रेस नेता का आरोप, कॉर्पोरेट से जुड़ाव के चलते अति दक्षिणपंथी पार्टी और वामपंथी पार्टी एक साथ

# अमृत विचार

बुधवार, 1 अप्रैल 2026






जीवन के प्रति निराशा के बिना जीवन के प्रति प्रेम संभव नहीं है।

**-अल्बेयर कामू,** फ्रांसीसी दार्शनिक

## सफाए के बाद सवाल

गृहमंत्री अमित शाह ने देश को नक्सलियों से मुक्त होने के घोषणा कर दी। 24 अगस्त 2024 को उन्होंने प्रण लिया था कि 31 मार्च तक वे देश से नक्सल समस्या का खात्मा कर देंगे और उसके एक दिन पहले लोकसभा में यह घोषणा की। निःसंदेह देश में अब भी दो प्रमुख नक्सली कमांडर, कुछ एरिया कमेटियां और चंद नक्सली बाकी हैं। जल्द ही इनकी भी गिरफ्तारी, समर्पण अथवा खात्मा होने के बाद आधिकारिक तौर पर यह कहा जा सकता है कि दुनिया का सबसे लंबे समय से चल रहा माओवादी उग्रवाद का अवसान हो चुका है।

निश्चित तौर पर छह दशक से चल रही, इस समस्या के निवारण का श्रेय केंद्रीय गृहमंत्री को जाता है, जिनकी नीति अनुसार सुरक्षाबलों, जंगलों में गुरिल्ला लड़ाई के लिए विशेष प्रशिक्षित बलों, राज्य की पुलिस इकाइयों ने मिलकर उस काम को अंजाम दिया, जो कुछ ही बरस पहले तकरीबन असंभव माना जा रहा था। 2019 से 2026 के बीच 7049 नक्सली गिरफ्तार किए गए और 5880 ने आत्म समर्पण किया। गृहमंत्री के प्रण के बाद तेलंगाना-छत्तीसगढ़ सीमा पर 23 मई 2025 को 'ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट' के दौरान कई हार्डकोर नक्सलियों की मौत ने उनकी कमर तोड़ दी। इसी साल कई कमांडरों के साथ 317 नक्सली मारे गए, 800 पकड़े और 2300 ने सरेंडर किया। सुरक्षा बलों ने 2024 के बाद से 748 गुरिल्लों को मार कर कीर्तिमान बनाया। इन सबके चलते बीते महीने तक, माओवादी गतिविधियों वाले जिलों की संख्या 800 से घटकर केवल सात रह गई। इस बरस के पहले तीन महीनों में ही तकरीबन 700 नक्सलवादी हिंसा का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटे। सरकार के प्रलोभन और प्रताड़ना, पुचकारने और फटकारने वाली नीति भी सफल रही। उसने पिछड़े जिलों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बैंकिंग और मोबाइल कनेक्टिविटी मिशन चलाया। सख्ती बढ़ाने के साथ नक्सलियों के लिए सरेंडर और रिहैबिलिटेशन पॉलिसी, नकद प्रोत्साहन का लालच, नौकरी, कौशल प्रशिक्षण की बात की और समझा दिया कि अन्याय का समाधान संविधान में है, हथियार में नहीं। इन सबका फलितार्थ आज सामने है और नक्सलवाद की बस चंद सांसें ही बची हैं।

इस समाधान के पश्चात भी कुछ सवाल शेष हैं। क्या 'जंगल राज' के अंत के बाद आदिवासी क्षेत्रों में 'न्याय का राज' स्थापित होगा, या उसकी जगह 'खनन राज' ले लेगा? देश के लगभग 40 प्रतिशत खनिज भंडार आदिवासी बहुल क्षेत्रों में स्थित हैं और स्वतंत्रता के बाद विकास परियोजनाओं के नाम पर करोड़ों लोगों के विस्थापन का इतिहास हमारे सामने है, जिनमें बड़ी संख्या आदिवासियों की ही है। नक्सलवाद के खात्मे के बाद इन क्षेत्रों में केवल सड़कें, खदानें और उद्योग ही दिखाई दें और सामाजिक न्याय, स्थानीय भागीदारी न आए, तो इस शांति के स्थायित्व पर शंका बनी रहेगी। यदि विकास आदिवासियों की सहमति और भागीदारी के बिना थोपा गया, तो यह असंतोष को जन्म दे सकता है और बेशक उपेक्षा और अन्याय विद्रोह की जमीन तैयार करते हैं। नक्सल विचारधारा से सहानुभूति रखने वाले ग्रामीण और आदिवासी अभी मौजूद हैं, इसलिए नक्सलवाद भले मरे पर विचारधारा जिंदा रही, तो वह फिर हिंसक या अहिंसक रूप सामने आ सकती है।

### प्रसंगवश

## अमेरिकी लेखिका कैथरीन को जवाब थी 'मदर इंडिया'

1957 में रिलीज हुई महबूब खान निर्देशित कालजयी हिट फिल्म मदर इंडिया एक ऐसी ग्रामीण भारतीय नारी की कहानी थी, जो गरीबी, शोषण और संघर्ष से जूझते, अदम्य साहस का परिचय देते हुए अंत में अपने विद्रोही बेटे बिरजू को मार देती है। यह फिल्म 1940 में महबूब खान द्वारा ही बनाई गई फिल्म 'औरत' का रीमेक थी। यह एक ऐसी फिल्म थी, जिसने सामाजिक मुद्दों, जमींदारी और मातृत्व के चित्रण को दर्शकों के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।

यह फिल्म अमेरिकी लेखिका कैथरीन मायो की 1927 में छपी विवादास्पद पुस्तक 'मदर इंडिया' का जवाब थी, जिसमें भारतीय समाज व संस्कृति को गलत ढंग से पेश किया गया था। पुस्तक में भारतीय महिलाओं की दुर्दशा, अछूतों के प्रति भेदभाव और राजनेताओं पर हमला किया गया था। महबूब खान को फिल्म बनाने और उसके शीर्षक का ख्याल 1952 में आया था। खान ने फिल्म बनाकर भारतीय महिलाओं की ताकत को पुरजोर ढंग से दिखाने का प्रयास किया था।



दीपक नौगांई

लेखक

फिल्म में राधा का मुख्य किरदार नरगिस द्वारा निभाया गया था। यह एक ऐसा किरदार था, जो आज भी उनके जीवंत अभिनय के लिए याद किया जाता है। नरगिस महबूब खान की 1943 में बनी फिल्म तकदीर में काम कर चुकी थीं। उस समय हिंदी फिल्मों में नरगिस बहुत लोकप्रिय थीं। मदर इंडिया का रोल नरगिस के लिए बहुत अहम था। एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, 'जब मुझे मदर इंडिया का रोल दिया गया, तब मुझे लगा कि एक कलाकार होने के नाते मैंने जो उम्मीदें लगा रखी हैं, आखिर उनके पूरे होने का वक्त आ गया।' इस फिल्म में उनके बेटे की भूमिका सुनील दत्त (बिरजू) तथा राजेंद्र कुमार (रामू) ने निभाई थी। अभिनेता राजकुमार ने फिल्म में नरगिस के पति की तथा कन्हैयालाल ने जमींदार सूखीलाल का अभिनय किया था। फिल्म का बजट 25 लाख रखा गया था, जो बाद में बढ़कर 60 लाख हो गया। फिल्म बनाने में पूरे तीन साल लगे थे और लगभग 100 दिनों में शूटिंग हुई थी। फिल्म में मदर इंडिया की भूमिका निभाने वाली नरगिस एक्टर सुनील दत्त और राजेंद्र कुमार की हमउम्र थीं। इस फिल्म के सेट पर ही नरगिस और सुनील दत्त के बीच प्यार परवान चढ़ा था। कहते हैं, आग के एक दृश्य की शूटिंग के दौरान नरगिस आग में फंस गईं थीं, तब सुनील दत्त ने उन्हें आग से निकाला था। इसी दौरान वे करीब आए और बाद में उन्होंने शादी कर ली। 1958 में मदर इंडिया को तीसरी सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया था। यह उस समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी और जिसने बेस्ट फिल्म और बेस्ट एक्ट्रेस सहित कई फिल्म फेयर पुरस्कार जीते। फिल्म भारत की ओर से प्रतिष्ठित ऑस्कर पुरस्कार के लिए नामित होने वाली पहली फिल्म थी।

फिल्म के गीत बहुत लोकप्रिय हुए थे। शकील बदायूंनी के लिखे गीतों को नौशाद ने सुरों में बांधा था। नौशाद के संगीत की खूबी यह थी कि वे अपनी धुनों में लोक संगीत को बड़ी कुशलता से इस्तेमाल करते थे। फिल्म में कुल 12 गाने थे, जिनमें 'दुनिया में हम आए हैं', 'दुख भरे दिन बीते रे भैया', तथा 'होली आई रे कन्हाई' बहुत चर्चित रहे थे। फिल्म के ज्यादातर गीत शमशाद बेगम, मोहम्मद रफ़ी और मन्ना डे से गंवाए गए, जबकि नरगिस पर फिल्माए गीतों को लता मंगेशकर ने अपनी मधुर आवाज दी। फिल्म का छायांकन फरदून ए ईरानी ने किया था, जिनके साथ महबूब पहले भी फिल्म बना चुके थे। फिल्म में फरदून का छायांकन इतना बेहतर था कि गांव-देहात के दृश्य बड़े जीवंत होकर उभरते हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# युद्धः ताकत, रणनीति और जिद के बीच फंसी दुनिया





राजेश जैन

वरिष्ठ पत्रकार

मध्य-पूर्व एक बार फिर उस उबाल पर है, जहां हर मिसाइल सिर्फ सीमाओं को नहीं, बल्कि वैश्विक राजनीति, अर्थव्यवस्था और आने वाले समय की दिशा को प्रभावित कर रही है। ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच चल रहा यह संघर्ष पारंपरिक युद्ध से कहीं ज्यादा जटिल है। यह एक ऐसी लड़ाई है, जिसमें हर पक्ष जीत को अलग तरीके से परिभाषित कर रहा है। कोई वर्चस्व चाहता है, कोई सुरक्षा और कोई सिर्फ अपने अस्तित्व को बचाए रखना।

इस संघर्ष की पृष्ठभूमि दशकों पुरानी है। 1979 की ईरानी क्रांति के बाद से अमेरिका और ईरान के रिश्तों में अविश्वास स्थायी हो गया। इजराइल के लिए ईरान हमेशा एक संभावित खतरा रहा, खासकर उसके परमाणु कार्यक्रम और मिसाइल क्षमता के कारण। समय के साथ ईरान ने अपने प्रभाव का विस्तार लेबनान, सीरिया, यमन और गाजा तक किया, जिससे यह टकराव केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरे क्षेत्र में फैल गया। आज की स्थिति उसी लंबे तनाव का परिणाम है, जहां हर पक्ष, दूसरे को सीमित या कमजोर करना चाहता है।

अमेरिका इस युद्ध में सबसे उलझी हुई स्थिति में दिखता है। उसका घोषित उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकना है, लेकिन व्यवहार में उसके लक्ष्य कई परतों में बंटे हुए हैं। कभी वह सिर्फ सैन्य क्षमता घटाने की बात करता है, कभी ईरान की क्षेत्रीय पकड़ खत्म करने की और कभी सीधे सत्ता परिवर्तन की उम्मीद जताता है। यही अस्पष्टता उसकी रणनीति को कमजोर बनाती है। दूसरी तरफ घरेलू दबाव भी कम नहीं है। तेल की बढ़ती कीमतें, महंगा सैन्य अभियान और एक और लंबे मध्य-पूर्वी युद्ध में फंसने का डर। ऐसे में अमेरिका के लिए जीत को परिभाषित करना ही सबसे बड़ी चुनौती बन गया है।

**ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच चल रहा यह संघर्ष पारंपरिक युद्ध से कहीं ज्यादा जटिल है। इस युद्ध का सबसे बड़ा असर उन देशों पर भी पड़ रहा है, जो सीधे इसमें शामिल नहीं हैं।**

इजराइल इस युद्ध में सबसे स्पष्ट लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है। उसके लिए ईरान की मिसाइल क्षमता और परमाणु कार्यक्रम सीधा अस्तित्व का सवाल है, इसलिए उसकी रणनीति बेहद आक्रामक और सटीक है-मिसाइल ठिकानों को नष्ट करना, कमांड सिस्टम तोड़ना और इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) के नेटवर्क को कमजोर करना। इजराइल सिर्फ तत्काल नुकसान पहुंचाना नहीं चाहता, बल्कि वह एक दीर्घकालिक डिटरेंस यानी ऐसा डर कि ईरान भविष्य में दोबारा ऐसी ताकत खड़ी करने से पहले कई बार सोचे, बनाना चाहता है, इसीलिए वह युद्ध को जल्दी खत्म करने के बजाय अपनी शर्तों पर समाप्त करना चाहता है।

ईरान इस संघर्ष को अलग नजरिए से देख रहा है। उसके लिए यह जीत-हार की लड़ाई नहीं, बल्कि अस्तित्व की लड़ाई है। वह जानता है कि पारंपरिक युद्ध में वह अमेरिका या इजराइल का मुकाबला नहीं कर सकता, इसलिए उसने अपनी रणनीति को 'असममित युद्ध' पर आधारित किया है। यहीं पर इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) उसकी सबसे बड़ी ताकत बनकर सामने आता है। यह सिर्फ एक सैन्य संगठन नहीं, बल्कि एक वैचारिक और रणनीतिक ढांचा है, जिसके पास अपनी थल, वायु और नौसेना, मिसाइल प्रोग्राम, ड्रोन तकनीक और अंतरराष्ट्रीय प्रॉक्सी नेटवर्क है। आईआरजीसी ने ईरान को एक हाइब्रिड वॉर मशीन में बदल दिया है- जहां ड्रोन, गुरिल्ला रणनीति और प्रॉक्सी समूह मिलकर युद्ध को लंबा और महंगा बनाते हैं। ईरान के लिए यही रणनीति सबसे बड़ी सुरक्षा है। वह जानता है कि अगर वह टिक गया, तो वह इस युद्ध को अपनी जीत के रूप में पेश कर सकता है।

इस युद्ध का सबसे बड़ा असर उन देशों पर पड़ रहा है, जो सीधे इसमें शामिल नहीं हैं। सऊदी अरब, यूएई और कतर जैसे देश लगातार हमलों और अस्थिरता का सामना कर रहे हैं। उनके लिए सबसे बड़ा खतरा आर्थिक है- तेल आपूर्ति, निवेश और क्षेत्रीय स्थिरता पर असर। होर्मुज़ जलडमरूमध्य इस पूरे संघर्ष का सबसे संवेदनशील बिंदु बन गया है। दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल इसी रास्ते से गुजरता है। अगर यह मार्ग बाधित होता है, तो इसका असर तेल की कीमतों से लेकर सप्लाई चेन तक, पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ता है। यानी यह युद्ध अब सिर्फ सैन्य नहीं, बल्कि आर्थिक और रणनीतिक मोर्चे पर भी लड़ा जा रहा है।

सबसे बड़ा सवाल यही है कि यह युद्ध कब और कैसे खत्म होगा। फिलहाल तीन संभावनाएं दिखती हैं। पहली, अगर किसी तरह का कूटनीतिक समझौता होता है-हालांकि मौजूदा हालात में इसकी संभावना सीमित है। दूसरी, अगर सभी पक्ष युद्ध से थक जाएं और एक अनौपचारिक विराम बन जाए। तीसरी, अगर इजराइल, ईरान की सैन्य क्षमता को काफी हद तक कमजोर कर दे और ईरान सिर्फ टिके रहने को अपनी जीत मान ले, लेकिन सच्चाई यह है कि इस संघर्ष का कोई स्पष्ट और स्थायी अंत नजर नहीं आता। यह युद्ध रुक भी जाए, तो दूसरे रूप में जारी रह सकता है- प्रॉक्सी युद्ध, साइबर हमले या आर्थिक टकराव के रूप में।

ईरान युद्ध को समझने के लिए सिर्फ यह देखना काफी नहीं कि कौन किस पर हमला कर रहा है। असली कहानी यह है कि हर पक्ष क्या हासिल करना चाहता है और किस हद तक जाने को तैयार है। अमेरिका व्यवस्था बदलना चाहता है, इजराइल खतरा खत्म करना चाहता है और ईरान सिर्फ टिके रहना चाहता है। यही तीनों लक्ष्य इस युद्ध को लंबा और जटिल बना रहे हैं। दुनिया इस आग को जल्दी बुझते देखना चाहती है, लेकिन मध्य-पूर्व का इतिहास बताता है- यहां युद्ध खत्म नहीं होते, सिर्फ अपना रूप बदलते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

## आमने सामने



आजकल दिल्ली में कोई भी उन पर ध्यान नहीं दे रहा है। कभी-कभी तो मुझे बड़ा तरस आता है। वैसे आप वरिष्ठ नेता हैं, मेरी संवेदनाएं आपके साथ हैं। आपने जैसा किया, वैसा आप भर रहे हैं। यह तो समय है, बड़ा बलवान है। आपने तड़पाया तो तड़पना तो आपको भी पड़ेगा।

**-भजनलाल शर्मा**
मुख्यमंत्री, राजस्थान

मुख्यमंत्री को कांग्रेस पार्टी के अंदरूनी मामलों पर अटकलें लगाने के बजाय शासन पर ध्यान देना चाहिए। कौन हमारी बात पर ध्यान दे रहा है या नहीं, यह आपकी चिंता का विषय नहीं है। ये हमारे अंदरूनी मामले हैं। आपको अपनी सरकार से जुड़े सवालों के जवाब देने चाहिए।

**-अशोक गहलोत**
पूर्व मुख्यमंत्री, राजस्थान



# पश्चिम एशिया युद्ध में एआई का जमकर प्रयोग



रनबीर सिंह

वरिष्ठ पत्रकार

ऐसी सूचनाएं हैं, माइक्रोसॉफ्ट और ओपन एआई सहित प्रमुख अमेरिकी टेक कंपनियों ने इज़राइली सेना को कमर्शियल एआई मॉडल और क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाएं प्रदान की हैं। यह ऐसी टेक्नोलॉजी है, जिसने गाज़ा और लेबनान में बमबारी अभियानों को चुपचाप सशक्त बनाया है। सन् 2024 की शुरुआत में, इज़राइली मीडिया में ऐसी रिपोर्टें सामने आई थी, जिनसे अनुमान लगाया गया कि इज़राइल गाज़ा में बमबारी के लक्ष्यों को चुनने में मदद के लिए एआई का इस्तेमाल कर रहा है। इज़राइल, हमास और हिज़्बुल्लाह के साथ अपने युद्ध में अमेरिकी टेक दिग्गजों के कमर्शियल एआई मॉडलों का इस्तेमाल कर रहा था। बताया गया था कि माइक्रोसॉफ्ट के एज़र प्लेटफ़ॉर्म पर बने अमेरिकी मॉडल इज़राइल के एआई सिस्टम के साथ एकीकृत किए गए थे, जिससे कमर्शियल एआई टेक्नोलॉजी का इजराइली सेना द्वारा इस्तेमाल लगभग 200 गुना बढ़ गया था।

अमेरिकन नेवी और एयरफोर्स ने प्रमुख रूप से एन्थ्रोपिक द्वारा विकसित क्लॉड का उपयोग ईरान और वेनेज़ुएला में युद्ध अभियानों के समर्थन में रीयल-टाइम टारगेटिंग और प्राथमिकता तय करने के लिए किया है। क्लॉड, मावेन स्मार्ट सिस्टम में एंबेडेड है, जो सेटेलाइट और अन्य खुफिया डेटा से संभावित लक्ष्यों की पहचान करने के लिए एआई एल्गोरिदम का उपयोग करता है, जोकि मिलिट्री कमांड और कंट्रोल के लिए इस्तेमाल होता है। पालांतीर का मावेन स्मार्ट सिस्टम इमेज प्रोसेसिंग और सामरिक सहायता सहित विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए एआई का उपयोग करता है, जिससे लक्ष्यों का सुझाव देकर और उन्हें प्राथमिकता देकर हमले की क्षमताओं में तेज़ी आती है।

**प्रमुख अमेरिकी टेक कंपनियों ने इज़राइली सेना को कमर्शियल एआई मॉडल और क्लाउड कंप्यूटिंग सेवाएं प्रदान की हैं। इसने बमबारी अभियानों को सशक्त बनाया है।**

पश्चिम एशिया में मौजूदा सशस्त्र संघर्ष के दौरान अमेरिका की नेवी और एयरफोर्स ने एआई का जम कर इस्तेमाल किया है। यह अनेक स्तरों पर हुआ है- व्यूह-रचना और हमले की योजना बनाने के लिए, हमलों की कामयाबी परखने के लिए, युद्ध किस दिशा में जाएगा, यह जानने के लिए और कौन से अस्त्र ईरानी ठिकानों पर सटीक निशाना लगा कर उन्हें तबाह कर सकते हैं आदि की सटीकता की जांच करने के लिए और खुद अपने बचाव की रणनीति अपनाने के लिए भी। दूसरी ओर, ईरान ने तेहरान में पिछले दसेक साल में अपना जो विशाल डाटा सेंटर खड़ा किया था, उससे भी ईरानी कमांडरों और नेताओं ने बहुत मदद ली है। इस डाटा और प्रोसेसिंग सेंटर ने दुनियाभर से इनफार्मेशन डाउनलोड करके, ख़ुफ़िया तरीके से या खरीद कर जैसे भी, से प्रोसेस किया होगा, उसके बारे में हम सोच भी नहीं सकते। मुझे इसका थोड़ा सा अनुमान तीनेक साल पहले लगा था, तब मैं तेहरान के डाटा एंड प्रोसेसिंग सेंटर की क्षमता देखकर हैरान हुआ था। प्रेसिडेंट डॉनल्ड ट्रंप ने ईरानियों को उसी तरह से बेवकूफ और नालायक समझा था, जैसा सद्दाम हुसैन को, और सोचा था कुवैत और इराक में जो किया वैसा ही रिजल्ट अब मिलेगा। उत्तरी विएतनाम के विएतकॉंग्स ने छापामार युद्ध करके अमेरिका के छक्के छुड़ाए थे। तब प्रीसीजन बम और कंप्यूटर टेक्नोलॉजी का विकास नहीं हुआ था। न ही अमेरिका की चिप बनाने वाली कंपनियां सन् 1980 तक ऐसी चिप बनाने में सक्षम हुईं थीं, जिन्हें मिसाइल गाइडेंस और टारगेट पहचान के लिए इस्तेमाल किया जा सके।

चालू युद्ध में हाई-टेक अमेरिका की हिम्मत नहीं हो रही है। वे मरींस को ईरानी मुख्य भूमि पर उतारें और इन्फेंट्री, आर्टिलरी और आर्मर्ड डिवीज़न को लगा दें। बेशक अमेरिका के पास ईरान और आसपास के इलाके के उच्च गुणवत्ता वाले सेटेलाइट इमेजेज हैं और उन्होंने अपने जासूसी उपग्रहों को ईरान के ऊपर फिक्स कर दिया है, लेकिन युद्ध में असल मायने रखता है, हमला कहां से, कब और कितनी ताकत से होना है, इसकी जानकारी होना। इस युद्ध में छलावा तकनीक भी इस्तेमाल हो रही है। बावजूद इसके कि एआई रिसोर्सेज को अमेरिका ने पूरी तरह झोंक दिया है। वह ईरानी गार्ड्स की युद्ध नीति और मूवमेंट पर पूरी नज़र रखने में अक्षम नज़र आता है। युद्ध के दौरान कम लागत, कम समय में लक्ष्य को प्राप्त करने वाले उपयुक्त फ़ैसले तभी लिए जा सकते हैं, जब जानकारी काफ़ी हो, चाहे ग्राउंड बेस्ड रिसोर्सेज से हों या, रिमोट रिसोर्सेज से। ईरान द्वारा बहरीन में अमेज़न का क्लाउड सेंटर उड़ाना इसी योजना का हिस्सा है। हैरानी की बात है कि लॉजिस्टिक्स की कमी के चलते भी ईरान ने अमेरिका, इजराइल और इनके समर्थक अरब देशों में महत्वपूर्ण इंस्टालेशन और प्रॉपर्टी को ध्वस्त किया है। युद्ध में सटीक सूचनाएं मिलना एक जोखिम वाला काम है, फिर भी कुछ सूचनाएं बाहर आ रही हैं। बहुत सी तो अमेरिकी सूचना तंत्र से हैं, वेस्टर्न यूरोपियन मीडिया प्रतिनिधियों के हवाले से हैं और अंतर्राष्ट्रीय सूचना एजेंसीज के माध्यम से भी। ताक़तवर लोगों के पास हालात को तोड़-मरोड़कर पेश करने की वजहें होती हैं, इसलिए संघर्ष से जुड़ा डाटा देने वाली संस्थाएं ख़बरों, रिपोर्टों, स्थानीय स्रोतों और जानकारियों का विश्लेषण करने के लिए इंसानी कोडर्स का इस्तेमाल करती हैं। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## स्त्री के हिस्से की प्रतिक्रियाएं

स्त्रियों के मामले में इस समाज की फ़िक्र और यक़ीन perfect victim औरतों के लिए reserve हैं। इस सड़े समाज में मज़बूत लड़कियों के साथ बुरे से बुरा हो गया, लेकिन पहला सवाल उसकी मजबूती पर हुआ, फिर एक बड़े तबके ने उन पर यक़ीन करने से इंकार किया, फिर एक तबके ने उन्हें नीचा दिखाना, उनकी बेइज्जती करना, उनकी सरेआम witch hunting करना अपना पुश्तैनी अधिकार समझा, एक तबका तो ख़ैर ये मानकर चला कि इस तरह की लड़कियों को इन सब से तकलीफ़ होती ही नहीं।



आशिमा आशी

वरिष्ठ पत्रकार

सांत्वना के सारे शब्द कुर्बानी देने वाली, so called सब सह लेने वाली संस्कारी और performative औरतों के हिस्से आए, भले ही इनमें से बहुतों ने अपने privileges की ख़ातिर ये सब किया, लेकिन सब अनदेखा कर दिया गया। आपने मजबूती चुनी, आज़ादख्याली चुनी, तो तकलीफ़ के सुबूत हर क़दम मांगे जाएंगे, या फिर मान ही नहीं सकते कि आपको भी तकलीफ हो सकती है।

कभी कोई जिम जाने वाली लड़की कह दे कि उसे डर लग रहा है, तो सबसे पहली प्रतिक्रिया हंसने की आती है।

दिल दुख से भर जाता है जब कोई आपका अपना कहे कि उसको तुम्हारी कभी फिक्र नहीं करनी पड़ी, क्योंकि उसे पता था कि तुम ख़ुद को संभाल लोगी, मजबूती से मुसीबत का सामना कर लोगी, अपने लिए स्टैंड ले लोगी, देर-सवेर सब ठीक कर ही लोगी, लेकिन ये सब करने में तुम्हें बीमार कर देने की हद तक तकलीफ़ होगी, कोई नहीं मानेगा। धीरे धीरे मजबूती की पहली पहचान यही बन जाएगी कि आपकी फिक्र ही नहीं की जा रही, सब मान कर चल रहे हैं कि तुम तो ठीक ही हो।

बहुत समय नहीं बीता, जब देश की मेडलधारी पहलवान लड़कियां अपने शोषण के ख़िलाफ़ खड़ी हुईं। तब उनका भी बहुत लोगों ने यह कह कर मजाक उड़ाया था कि इतनी पहलवान बनती हैं, इनको कौन प्रताड़ित कर लेगा और इनको प्रताड़ित होता देख एक तबके को सबसे ज़्यादा मज़ा आया।

यह बात सच है कि कमज़ोर लड़कियां narcissistic abuse की आसान शिकार रहीं, लेकिन एब्यूज करने वालों ने सबसे ज्यादा pleasure मजबूत लड़कियों को बेइंतहा तकलीफ़ देकर पाया।

**-फेसबुक वाल से**

### सामयिकी

## सरल कर्ज के मायाजाल में जकड़ रहे हैं लोग

आज देश में 'सरल कर्ज' की नीति को विकास और आर्थिक समावेशन के नाम पर तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। बैंक, माइक्रो-फाइनेंस संस्थान और डिजिटल लोन ऐप्स मिनटों में कर्ज देने का दावा कर रहे हैं। 'अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें', 'शून्य ब्याज EMI', 'बिना दस्तावेज़ लोन' जैसी योजनाएं आम लोगों को आकर्षित कर रही हैं, लेकिन इस आसान कर्ज की संस्कृति कहीं देश को आर्थिक रूप से कमजोर करने की दिशा में तो नहीं ले जा रही— यह सवाल अब गंभीर बहस का विषय बनता जा रहा है।

पहले कर्ज एक जिम्मेदारी माना जाता था। व्यक्ति कर्ज लेने से पहले कई बार सोचता था और केवल आवश्यकता होने पर ही ऋण लेता था, लेकिन अब कर्ज को जीवनशैली का हिस्सा बना दिया गया है। मोबाइल फोन, कार, फर्नीचर, पर्यटन, शादी-समारोह, हर चीज के लिए कर्ज आसानी से उपलब्ध है। परिणामस्वरूप लोगों की आय का बड़ा हिस्सा ईएमआई में चला जाता है और बचत की प्रवृत्ति कमजोर होती जा रही है। यह प्रवृत्ति केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरनाक है। जब बड़ी संख्या में लोग कर्ज चुकाने में असमर्थ होते हैं, तो बैंकों का एनपीए (Non-Performing Assets) बढ़ता है। इससे बैंकिंग प्रणाली पर दबाव बढ़ता है और अंततः सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ता है। यह बोझ अंततः करदाताओं पर ही पड़ता है। इस प्रकार आसान कर्ज का भार पूरे देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ता है।



आकाश सपेलकर

वकील, सुप्रीम कोर्ट

सरकारें भी लोकप्रियता हासिल करने के लिए समय-समय पर कर्ज माफी योजनाएं और आसान ऋण वितरण योजनाएं लागू करती हैं। अल्पकालिक दृष्टि से यह कदम राहत देने वाले प्रतीत होते हैं, लेकिन दीर्घकाल में यह वित्तीय अनुशासन को कमजोर करते हैं। इससे कर्ज लौटाने की जिम्मेदारी की भावना कम होती है और आर्थिक व्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

सरल कर्ज का सबसे घातक रूप घरेलू स्तर पर दिखता है। सरकारी योजनाओं, जैसे- पीएम किसान सम्मान निधि या मुद्रा लोन के नाम पर किसानों और छोटे व्यापारियों को आसानी से ऋण मिलता है, लेकिन बिना वित्तीय साक्षरता के ये कर्ज डूब जाते हैं। नेशनल सैंपल सर्वे के अनुसार, 40% से अधिक किसान कर्ज के जाल में फंसे हैं, जो आत्महत्याओं का कारण बन रहा है। सरल कर्ज विकास का वरदान लगता है, लेकिन वास्तव में यह निर्भरता का जाल बुनता है, जिसमें ब्याज चक्रवृद्धि होकर परिवार को बर्बाद कर देता है। क्या यह सुनियोजित है? कुछ अर्थशास्त्री इसे 'ऋण जाल' (Debt Trap Diplomacy) कहते हैं। चीन का बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव अफ्रीका और एशिया में कई देशों को इसी तरह फंसाकर बंदरगाह हड़प चुका है। भारत में भी बड़े विदेशी निवेशक सरल कर्ज देकर संपत्ति पर कब्जा जमाने को उत्सुक हैं। अगर समय रहते नहीं चेते, तो आने वाली पीढ़ियां कर्ज के बोझ तले दबी रहेंगी। टैक्स बढ़ेंगे, सब्सिडी कटेंगी और विकास रुक जाएगा।

डिजिटल लोन ऐप्स ने इस समस्या को और गंभीर बना दिया है। कई ऐप्स अत्यधिक ब्याज दरों पर कर्ज देते हैं और भुगतान में देरी होने पर मानसिक दबाव और धमकियों का सहारा लेते हैं। इससे आम नागरिक आर्थिक संकट के साथ-साथ मानसिक तनाव का भी देश का युवा अक्सर अपनी अनावश्यक आवश्यकता के लिए सरल माध्यम से कर्ज लेता है और निजी संस्थान के लालच पर आकर फंसता जाता है। वैश्विक सत्तर पर भी देखा गया है कि लोगों ने आत्महत्या की, जिसका मुख्य कारण बैंको द्वारा कर्ज था। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 से मुद्रित एवं 25/16-ए, जापलिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत*** 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।



## सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय प्रतिभाओं को मिलता है मौका

नगर पालिका परिषद के सांस्कृतिक मंच पर स्थानीय प्रतिभाओं को मौका मिलता है। यहां लोक कला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भरमार रहती है। काव्य गोष्ठियां, लोक गायन, नृत्य, नाट्य मंचन, शायरी और स्कूली बच्चों के कार्यक्रम इस मेले को जीवंत बना देते हैं। यह मंच स्थानीय और क्षेत्रीय प्रतिभाओं को अपनी कला दिखाने का सुनहरा अवसर देता है।

# आस्था, परंपरा का अद्भुत संगम चैती मेला

गोला गोकर्णनाथ की पावन धरती पर जब चैत्र की मंद बयार बहती है, तो वातावरण में भक्ति, उल्लास और लोकजीवन की मधुर गूंज एक साथ सुनाई देने लगती है। गोकर्णनाथ महादेव मंदिर की घंटियों की अनुगूंज के बीच सजी यह नगरी मानो समय के किसी प्राचीन अध्याय में प्रवेश कर जाती है, जहां हर कदम पर आस्था की छाप और हर चेहरे पर उत्सव की आभा झलकती है।

*– विकास शुक्ल*
*लखीमपुर खीरी*

इसी पावन भूमि पर सदियों से सजी आ रही है चैती मेले की वह परंपरा, जिसने समय के साथ न केवल अपनी पहचान बनाई, बल्कि लोकसंस्कृति के संरक्षण का एक जीवंत माध्यम भी बन गई। वर्ष 2026 में यह मेला अपने 121 वें वर्ष में प्रवेश करते हुए इतिहास और वर्तमान के अद्भुत संगम का साक्षी बन रहा है। यह मेला केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि भावनाओं, रंगों और रचनात्मकता का विशाल उत्सव है। यहां जब लोकगायक अपनी स्वर लहरियों में गांव की मिट्टी की महक घोलते हैं, तो श्रोता अनायास ही उस सांस्कृतिक विरासत में डूब जाते हैं। काव्य गोष्ठियों में शब्दों की सरिता बहती है, तो नाट्य मंचन और नृत्य प्रस्तुतियां जीवन के विविध रंगों को साकार करती हैं।

मेले की गलियों में चलते हुए ऐसा प्रतीत होता है मानो हर दुकान, हर झूला, हर स्वर किसी कहानी का हिस्सा हो। एक ऐसी कहानी, जो पीढ़ियों से कही-सुनी जाती रही है। लकड़ी से बनी वस्तुएं, क्राकरी, हस्तशिल्प की निपुणता और सोफ्टी का स्वाद इस मेले को केवल व्यापार का नहीं, बल्कि जीवन के उत्सव का केंद्र बना देती है। भीड़ का बढ़ता सैलाब यह बताता है कि बदलते समय के बावजूद इस मेले की आत्मा आज भी वैसी ही है, अडिग, जीवंत और आत्मीय। यहां आने वाला हर व्यक्ति केवल दर्शक नहीं रहता, बल्कि इस परंपरा का एक हिस्सा बन जाता है। बहरहाल, गोकर्णनाथ का चैती मेला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि समय की धारा में बहती वह सांस्कृतिक कविता है, जो हर वर्ष नए भाव, नए रंग और नई ऊर्जा के साथ जनमानस को जोड़ती है और यही इसकी सबसे बड़ी विशेषता है।



## पहली बार पर्यटन विभाग से मिले 40 लाख रुपये

नगर पालिका परिषद का ऐतिहासिक चैती मेला करीब 121 साल पुरानी परंपरा है, लेकिन पहली बार पर्यटन विभाग ने 40 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह राशि जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद लखीमपुर खीरी को जारी होने से मेले की व्यवस्थाएं अब और अधिक व्यवस्थित, आकर्षक और दर्शनीय हो गई हैं। इस धनराशि के पारदर्शी उपयोग के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने एक समिति गठित कर दी है, जिसकी कमान एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह को अध्यक्ष के रूप में सौंपी गई है। समिति में वरिष्ठ कोषाधिकारी, एसडीएम गोला, पीडी-डीआरडीए, पर्यटन अधिकारी और ईओ गोला को सदस्य बनाया गया है।



## शिव मंदिर कॉरिडोर से बढ़ेगा मेले का आकर्षण

चैती मेला की परंपरा के पीछे गहरी आस्था जुड़ी हुई है। होली के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां पूर्णागिरि के दर्शन के लिए जाते हैं और वहां से लौटकर छोटी काशी में भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। इसी धार्मिक परंपरा के चलते हर वर्ष श्रद्धालु मां पूर्णागिरि से लौटकर यहां पहुंचते हैं, शिव मंदिर में जल चढ़ाते हैं और फिर मेले का आनंद लेते हैं। यही कारण है कि सावन मेले के बाद चैती मेले का भी विशेष महत्व माना जाता है। इस बीच पौराणिक शिव मंदिर कॉरिडोर का निर्माण कार्य तेजी से जारी है, जो मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में शामिल है। कॉरिडोर के तहत मंदिर के परिक्रमा मार्ग का निर्माण 108 स्तंभों पर किया जा रहा है। इसके पूर्ण होने पर मुख्य मंदिर के साथ ही कुल 11 मंदिरों का निर्माण भी कराया जाएगा। स्थानीय जानकारों का मानना है कि कॉरिडोर निर्माण पूरा होने के बाद सावन और चैती मेले में श्रद्धालुओं की संख्या में काफी वृद्धि होगी, जिससे धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## इतिहास की पगडंडियों पर चैती मेला

- प्राचीन अभिलेखों में इसका उल्लेख 1905 से पूर्व भी एक पारंपरिक मेले के रूप में मिलता है।
- वर्ष 1905 में ब्रिटिश शासन के दौरान इसे औपचारिक स्वरूप मिला और नियमबद्ध आयोजन शुरू हुआ।
- 1877 में यहां लगभग एक लाख लोगों की उपस्थिति दर्ज की गई थी।
- 1905 तक यह संख्या बढ़कर डेढ़ लाख के आसपास पहुंच गई।
- वर्ष 1936 तक इसका संचालन नगर समिति के अधीन रहा।
- 1945 में नगर पालिका परिषद के गठन के बाद से यह मेला उसी के संरक्षण में निरंतर आयोजित हो रहा है।
- वर्तमान में हर वर्ष दो से ढाई लाख श्रद्धालु इस मेले में सम्मिलित होते हैं।



> चैती मेला हमारी सांस्कृतिक विरासत और आस्था का जीवंत प्रतीक है। यह मेला न केवल श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि क्षेत्र की सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक गतिविधियों को भी नई ऊर्जा प्रदान करता है। नगर पालिका परिषद द्वारा मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। हमारा प्रयास है कि हर आगंतुक को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और सुखद अनुभव मिले। सभी श्रद्धालुओं से अपील है कि व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और इस पावन आयोजन को सफल बनाएं।
>
> **–विजय शुक्ल रिंकू**, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद गोला



## आर्ट गैलरी

# जैक्सन पोलॉक की नंबर 26



'नंबर 26' जैक्सन पोलॉक द्वारा 1949 में बनाई गई एक महत्वपूर्ण कलाकृति है, जो एक्शन पेंटिंग नामक कला आंदोलन के अंतर्गत आती है, जो अमूर्त कला की व्यापक शैली का एक हिस्सा है। यह कृति पोलॉक की कैनवास पर अपनाई गई नवीन तकनीक और ऊर्जावान दृष्टिकोण का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो उनकी कलात्मकता की एक विशिष्ट विशेषता है और जिसने अमूर्त अभिव्यक्तिवादी आंदोलन में योगदान दिया। 'नंबर 26' का अवलोकन करने पर, कैनवास पर फैले ऊर्जावान छींटों, बूंदों और लूपों से युक्त गतिशील रचना दिखाई देती है। कलाकृति में मुख्य रूप से एकरंगीय कलर का प्रयोग किया गया है, जिन्हें पीले, लाल और नारंगी रंगों के रणनीतिक विस्फोटों से उभारा गया है।



### जैक्सन के बारे में

जैक्सन पॉलॉक अमूर्त अभिव्यक्तिवादी आंदोलन के एक प्रभावशाली कलाकार थे। उनका जन्म व्योमिंग में हुआ, लेकिन उनका पालन-पोषण मुख्य रूप से एरिज़ोना और कैलिफ़ोर्निया में हुआ। अपने शुरुआती बीस के दशक में, वे न्यूयॉर्क शहर चले गए, जहां उन्होंने थॉमस हार्ट बेंटन के मार्गदर्शन में आर्ट स्टूडेंट्स लीग में अध्ययन किया। इस दौरान, उन्होंने डब्ल्यूपीए फेडरल आर्ट प्रोजेक्ट के लिए भी काम किया, जिसने महामंदी के दौरान कलाकारों को रोजगार प्रदान किया। डेविड अल्फ़ारो सिकीरोस जैसे मैक्सिकन भित्ति चित्रकारों के साथ-साथ जोन मिरो और पाब्लो पिकासो जैसे यूरोपीय अतियथार्थवादियों से प्रभावित होकर, पॉलॉक ने अपनी विशिष्ट ड्रिप शैली विकसित करने से पहले विभिन्न तकनीकों के साथ प्रयोग करना शुरू किया। इस तकनीक में, जमीन पर बिछे कैनवास पर पेंट टपकाते या उंडेलते हुए, उसके चारों ओर घूमते हुए, बिना किसी पूर्व निर्धारित योजना या रचना के जटिल पैटर्न बनाए जाते थे।

## अनोखी परंपरा

# भिटौली: पहाड़ की बेटियों तक पहुंचता मायके का स्नेह

उत्तराखंड की वादियों में जब चैत्र का महीना दस्तक देता है, तो सिर्फ मौसम ही नहीं बदलता, रिश्तों की मिठास भी एक बार फिर ताजा हो जाती है। उत्तराखंड की इसी मिट्टी से निकली एक परंपरा है भिटौली। एक ऐसा पर्व, जिसमें मायका अपनी विवाहित बेटी तक सिर्फ उपहार नहीं, बल्कि अपना स्नेह, अपनापन और यादें भेजता है। *– रमेश जड़ौत, अल्मोड़ा*



दरअसल, भिटौली कोई औपचारिक परंपरा नहीं, बल्कि भावनाओं का उत्सव है। वह हर साल चैत्र महीने में मनाया जाता है, जो पूरे 30 दिनों का होता है। इसी दौरान माता-पिता और भाई अपनी विवाहित बेटी या बहन के लिए वस्त्र, पकवान और उपहार लेकर उसके ससुराल जाते हैं। यह यात्रा सिर्फ दूरी तय करने की नहीं होती यह उस रिश्ते को फिर से जीने की कोशिश होती है, जो शादी के बाद दूरियों में बंध जाता है। भिटौली की परंपरा की जड़ें उस समय में हैं जब संचार के साधन बेहद सीमित थे। पहाड़ों में बसी बेटियों के ससुराल कई कोस दूर हुआ करते थे। साल भर में मुलाकात भी मुश्किल होती थी। ऐसे में बुजुर्गों ने एक रास्ता निकाला भिटौली। एक ऐसा अवसर, जब परिवार अपनी विवाहित बेटी से मिलने उसके ससुराल जा सके, उसका हालचाल जान सके और उसे यह एहसास दिला सके कि मायका आज भी उतना ही करीब है।

### भिटौली की खास पहचान 'साई'

भिटौली की सबसे खास पहचान है साई। यह एक पारंपरिक पकवान है, जिसे चावल को पीसकर, भूनकर और उसमें मिठास मिलाकर तैयार किया जाता है। जब यह साई और अन्य मिष्ठान विवाहित बेटी के हाथों में पहुंचते हैं, तो वह सिर्फ स्वाद नहीं होता वह मायके की यादों का स्वाद होता है। बेटी भी इस खुशी को अपने तक सीमित नहीं रखती। वह अपने ससुराल और आस-पड़ोस में यह कहकर मिठाई बांटती है भिटौली मायके से आई है। इसी एक वाक्य में दीया होता है उसका गर्व, उसका अपनापन।

### इंटरनेट ने दूरी को किया खत्म

आज भले ही दिन में कई बार फोन पर हालचाल पूछ लिया जाता हो, वीडियो कॉल से चेहरे देख लिए जाते हों, लेकिन भिटौली की अहमियत कम नहीं हुई है क्योंकि कुछ रिश्ते सिर्फ बातों से नहीं, मिलने से, साथ बैठने से और अपने हाथों से मिठास बांटने से मजबूत होते हैं। भिटौली आज भी उसी सादगी और प्रेम के साथ मनाई जा रही है और शायद यही वजह है कि यह परंपरा आने वाले समय में भी यूं ही जीवित रहेगी। कुल मिलाकर भिटौली सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि यह याद दिलाने का तरीका है कि दूरी चाहे जितनी भी हो जाए मायका हमेशा दिल के सबसे करीब रहता हैं।

# गुरु-शिष्य परंपरा और कलागुरु बीरेश्वर भट्टाचार्य



सुमन कुमार सिंह
कलाकार/कला लेखक



गुरु-शिष्य परंपरा भारतीय शिक्षा-संस्कृति की आधारशिला रही है, जिसका प्रभाव कला-शिक्षा में विशेष रूप से दृष्टिगोचर होता है। प्राचीन भारत में ज्ञान का संप्रेषण मुख्यतः व्यक्तिगत संबंधों पर आधारित था, जहां गुरु केवल तकनीकी दक्षता ही नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टि, संवेदना और नैतिकता भी अपने शिष्यों को प्रदान करते थे। चित्रकला, मूर्तिकला और शिल्प की परंपराएं प्रायः पारिवारिक या कार्यशाला-आधारित ढांचों में पीढ़ी-दर-पीढ़ी विकसित होती रहीं। उपलब्ध ऐतिहासिक साक्ष्य चाहे वे अजंता-एलोरा की गुफाएं हों या मध्यकालीन पांडुलिपि-चित्रण यह स्पष्ट करते हैं कि कला का ज्ञान किसी औपचारिक पाठ्यक्रम से अधिक गुरु के सान्निध्य में अर्जित होता था।

यूरोप में मध्यकाल और पुनर्जागरण काल तक कला-शिक्षा का स्वरूप कुछ इसी प्रकार का था, जहां शिल्प-गिल्ड और उस्ताद-शागिर्द परंपरा प्रचलित थी। किंतु 18 वीं सदी के उत्तरार्ध में ब्रिटेन में रॉयल अकादमी ऑफ आर्ट्स जैसी संस्थाओं की स्थापना के साथ औपचारिक कला-शिक्षा का विकास हुआ। इसी मॉडल का प्रभाव ब्रिटिश औपनिवेशिक काल में भारत पर पड़ा, जिसके परिणामस्वरूप मद्रास, कोलकाता, मुंबई और लाहौर जैसे केंद्रों में कला विद्यालय स्थापित हुए। इन संस्थानों ने अकादमिक यथार्थवाद, परिप्रेक्ष्य और यूरोपीय तकनीकों को भारतीय कला-शिक्षा में स्थान दिया।

हालांकि 20 वीं सदी के प्रारंभ में भारतीय कला-जगत में एक वैचारिक पुनर्जागरण देखने को मिला, जिसका नेतृत्व अबनीन्द्रनाथ टैगोर ने किया। उन्होंने औपनिवेशिक अकादमिक शैली के विरुद्ध भारतीय परंपराओं, लघुचित्रों और पूर्वी एशियाई प्रभावों को आधार बनाकर 'बंगाल स्कूल' की स्थापना की। उनके शिष्य नंदलाल बोस ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया और विश्व भारती विश्वविद्यालय के कला भवन में गुरु-शिष्य संबंध को एक जीवंत शैक्षिक मॉडल के रूप में विकसित किया। यहां शिक्षा केवल कक्षा तक सीमित नहीं थी, बल्कि प्रकृति, लोकजीवन और अनुभव के साथ एक समग्र संवाद थी।

इसी परंपरा में रामकिंकर बैज, शंखो चौधरी, के. जी. सुब्रमण्यम और गुलाम मोहम्मद शेख जैसे कलाकारों ने न केवल अपनी विशिष्ट कलाभाषा विकसित की, बल्कि एक शिक्षक के रूप में भी पीढ़ियों को प्रभावित किया। इनकी शिक्षण पद्धति में संवाद, प्रयोग और आलोचनात्मक चिंतन को प्रमुख स्थान मिला, जो पारंपरिक गुरु–शिष्य संबंध का आधुनिक रूप था। उत्तर भारत में भी अनेक शिक्षकों जैसे रणबीर सिंह बिष्ट, जय कृष्ण अग्रवाल और के. एस. कुलकर्णी ने अपने संस्थानों में इस परंपरा को जीवित रखा। उनके विद्यार्थियों के साथ आजीवन संबंध, मार्गदर्शन और व्यक्तिगत हस्तक्षेप इस बात का प्रमाण हैं कि कला-शिक्षा केवल पाठ्यक्रम का विषय नहीं, बल्कि एक सतत संवाद है। वर्तमान समय में यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन द्वारा लागू किए गए शैक्षिक सुधार -जैसे सेमेस्टर प्रणाली, क्रेडिट-आधारित पाठ्यक्रम और अंतर्विषयी अध्ययन ने कला-शिक्षा को अधिक संरचित और व्यापक बनाया है। फिर भी, इन औपचारिक ढांचों के भीतर गुरु-शिष्य परंपरा का महत्व कम नहीं हुआ है। कला के क्षेत्र में तकनीकी दक्षता के साथ-साथ संवेदनात्मक परिपक्वता, दृष्टि और मौलिकता का विकास आज भी व्यक्तिगत मार्गदर्शन और संवाद पर निर्भर करता है। स्पष्ट है कि भारतीय कला-शिक्षा में संस्थागत विकास के बावजूद गुरु-शिष्य परंपरा एक जीवित और सक्रिय तत्व के रूप में मौजूद है। यह परंपरा केवल अतीत की विरासत नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य की कला-चेतना को आकार देने वाली एक सतत प्रक्रिया है। जहां अन्य विषयों में शिक्षक-छात्र संबंध संस्थान तक सीमित रह जाता है, वहीं कला, संगीत और नृत्य में यह संबंध जीवनपर्यंत बना रहता है।

ऐसे ही एक विरल उदाहरण थे कलागुरु बीरेश्वर भट्टाचार्य। 22 मार्च 2026 को उनके निधन का समाचार न केवल उनके शिष्यों, बल्कि पूरे कला-जगत के लिए अपूर्णीय क्षति के रूप में सामने आया। यह और भी मार्मिक है कि उनके सम्मान में आयोजित समारोह तथा उन पर केंद्रित मोनोग्राफ और पुस्तक के विमोचन की तैयारियां कला एवं शिल्प महाविद्यालय, पटना और पटना म्यूजियम के सौजन्य से 23 और 24 मार्च को होने वाली थीं। देश-विभाजन की पृष्ठभूमि में 1950 में सपरिवार ढाका से पटना आए इस किशोर ने 1952 में राजकीय कला एवं शिल्प विद्यालय, पटना में प्रवेश लिया। आगे चलकर यही विद्यार्थी बिहार ही नहीं, बल्कि भारतीय समकालीन कला इतिहास का एक महत्वपूर्ण हस्ताक्षर बना। वर्ष 1957 से 1993 तक के अपने दीर्घ अध्यापन काल में उन्होंने अपने छात्रों में आधुनिक और समकालीन कला के प्रति जो अभिरुचि जगाई, उसने उन्हें मात्र शिक्षक नहीं, बल्कि 'कलागुरु' के रूप में प्रतिष्ठित किया।

बीरेश्वर भट्टाचार्य का जीवन संघर्ष, संवेदना और सृजन की एक सशक्त यात्रा रहा। उनकी कला में मानवीय त्रासदी, सामाजिक असमानताओं और हिंसा के विरुद्ध गहरी संवेदनशीलता स्पष्ट दिखाई देती है। उन्होंने चित्रकला को केवल सौंदर्यबोध का माध्यम नहीं रहने दिया, बल्कि उसे सामाजिक यथार्थ के प्रति सजग हस्तक्षेप की भाषा में रूपांतरित किया। एक शिक्षक के रूप में उनका योगदान अत्यंत महत्त्वपूर्ण रहा, उन्होंने अनेक पीढ़ियों के कलाकारों को न केवल तकनीकी दक्षता प्रदान की, बल्कि उन्हें वैचारिक रूप से भी समृद्ध किया। उनके शिष्यों की उपलब्धियां उनके शिक्षकीय व्यक्तित्व का प्रमाण हैं। उनकी कृतियां और उनके द्वारा निर्मित शिष्य-परंपरा आज भी भारतीय समकालीन कला में जीवंत रूप से उपस्थित है। इस महान कलागुरु पर केंद्रित मोनोग्राफ और पुस्तक के प्रकाशन के लिए कला-जगत रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी एवं विश्वरंग का आभारी रहेगा। अंततः बीरेश्वर भट्टाचार्य का जीवन और उनकी कला हमें यह सिखाती है कि गुरु-शिष्य परंपरा केवल शिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि संवेदना, विचार और सृजन की वह सतत धारा है, जो पीढ़ियों को जोड़ती हुई आगे बढ़ती रहती है। विनम्र श्रद्धांजलि।



"मुझे पिंक कलर पसंद आ रहा है। पीला रंग थोड़ा पुराना लगने लगा था, लेकिन मैं बस मज़ाक कर रहा हूं। ज़ाहिर है, सीएसके जैसी फ्रेंचाइजी छोड़ना, शुरू में थोड़ा मुश्किल था। अच्छी बात यह थी कि मैं अब उस टीम के साथ हूं जहां मैंने पहली बार आईपीएल टाइटल जीता था।"
–रविंद्र जडेजा, राजस्थान रॉयल्स



**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

लखनऊ सुपर जायंट्स
बनाम
दिल्ली कैपिटल्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

### औरेंज कैप



- रियन रिकलटन मुंबई 81 रन
- ईशान किशन हैदराबाद 80 रन
- रोहित शर्मा मुंबई 78 रन

### पर्पल कैप



- जैकब डफी आरसीबी 3 विकेट
- शार्दुल ठाकुर मुंबई 3 विकेट
- रोमारियो शैफर्ड आरसीबी 3 विकेट

# एलएसजी का पहला मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से आज

लखनऊ, एजेंसी।

लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) बुधवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल 2026 में अपने अभियान की शुरूआत करेगी तो कप्तान ऋषभ पंत पर प्रदर्शन में सुधार का काफी दबाव रहेगा। पिछले साल लखनऊ टीम के साथ बतौर कप्तान और स्टार बल्लेबाज अपने पहले साल में पंत अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके थे। प्रमुख खिलाड़ियों खासकर तेज गेंदबाजों की चोटों ने उनकी मुश्किलें और बढा दी थी। इस साल उनके पास पूरी तरह से फिट टीम है और मोहम्मद शमी तथा एनरिच नॉर्किया जैसे अनुभवी गेंदबाजों के आने से आक्रमण मजबूत हुआ है।

अक्सर चोटिल रहने वाले तेज गेंदबाज मयंक यादव ने पिछले एक साल में अपनी फिटनेस पर काफी काम किया है और लखनऊ को उम्मीद होगी कि वह उस भरोसे पर खरे उतरें जो टीम ने उन पर किया है। तेज गेंदबाज मोहसिन खान भी चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं जबकि प्रिंस यादव ने भी अपनी मध्यम तेज गेंदबाजी से प्रभावित किया है। स्पिनर दिग्वेश सिंह राठी ने पहले साल में ही अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी थी और वह उस प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। गेंदबाजी की तुलना में लखनऊ की बल्लेबाजी बेहतर लग रही है। मिचेल मार्श और एडेन माक्ररम आईपीएल की सबसे खतरनाक सलामी जोड़ियों में से है। पिछले सत्र में चौथे नंबर पर कोई कमाल नहीं कर सके पंत ने तीसरे नंबर पर शतक जमाया था। वह तीसरे नंबर पर ही उतरेंगे जबकि निकोलस पूरन चौथे नंबर पर खेलेंगे। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले सत्र में सात सलामी जोड़ियों को आजमाया लेकिन बात नहीं बनी। इस सत्र में उन्हें शीर्षक्रम में स्थिरता की उम्मीद होगी। केएल राहुल पारी का आगाज करेंगे लेकिन उनके साथ पृथ्वी साव, अभिषेक पोरेल या पाथुम निसांका में से कौन होगा, अभी तय नहीं है। मध्यक्रम को मजबूती देने के लिये डेविड मिलर को लाया गया है जबकि दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स भी टीम में हैं। चोट के कारण मिचेल स्टार्क पहला मैच नहीं खेल सकेंगे लेकिन दिल्ली का गेंदबाजी आक्रमण मजबूत है। कप्तान अक्षर पटेल और कुलदीप यादव जैसे दो मैच विनर उसके पास है। उनके साथ लुंगी एंगिडि भी हैं जो टी20 विश्व कप में जबर्दस्त फॉर्म में थे।



लखनऊ : अभ्याससत्र के दौरान एकदूसरे से बातचीत करते एलएसजी और दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेटर।

**टीमें**

- **लखनऊ सुपर जाइंट्स :** ऋषभ पंत (कप्तान), आयुष बडोनी, मैथ्यू ब्रीज्के, एडेन माक्ररम, निकोलस पूरन, अर्शिन कुलकर्णी, मिचेल मार्श, शाहबाज अहमद, आकाश महाराज सिंह, आवेश खान, मोहम्मद शमी, प्रिंस यादव, दिग्वेश सिंह राठी, अर्जुन तेंदुलकर, मयंक यादव, वानिंदु हसरंगा, एनरिच नॉर्किया, जोश इंगलिस, अब्दुल समद, हिम्मत सिंह, नमन तिवारी, अक्षत रघुवंशी, मोहसिन खान, मनिमारन सिद्धार्थ, मुकुल चौधरी
- दिल्ली कैपिटल्स : अक्षर पटेल (कप्तान), अभिषेक पोरेल, केएल राहुल, नीतिश राणा, समीर रिजवी, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, दुष्मंता चामीरा, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, त्रिपुराना विजय, डेविड मिलर, आकिब नबी दर, पाथुम निसांका, लुंगी एंगिडि, पृथ्वी साव, काइल जैमीसन, अजय मंडल, टी नटराजन, माधव तिवारी, करूण नायर, साहिल पारख।

## हमारे पास गेंदबाजों की फौज : जस्टिन लैंगर



**अमृत विचार, लखनऊ :** आईपीएल 2026 के अपने पहले मुकाबले से पूर्व लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने टीम के संतुलन पर खुशी जाहिर की है। मंगलवार को इकाना स्टेडियम में आयोजित प्रेस वार्ता में लैंगर ने स्वीकार किया कि टीम में मौजूद विकल्पों के कारण अंतिम एकादश का चयन करना उनके लिए बड़ी चुनौती है। लैंगर ने कहा कि हमारे पास मोहम्मद शमी, रफ्तार के जादूगर मयंक यादव, नमन तिवारी, मोहसिन खान, आवेश खान और अर्जुन तेंदुलकर जैसे बेहतरीन गेंदबाज हैं। सभी पूरी तरह फिट और फॉर्म में हैं, ऐसे में किसे बाहर बैठाया जाए, यह तय करना मुश्किल है। बल्लेबाजी पर चर्चा करते हुए उन्होंने कप्तान ऋषभ पंत को टीम का मुख्य स्तंभ बताया और कहा कि पंत की सही बैटिंग पोजीशन तय करना उनकी प्राथमिकता है। साथ ही उन्होंने मिचेल मार्श और निकोलस पूरन जैसे पावर-हिटर्स पर भी पूरा भरोसा जताया।

## दो अभ्यास मैचों से हमने कसी कमर : चमीरा



**अमृत विचार, लखनऊ :** दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा ने भी हुंकार भरी है। चमीरा ने मीडिया से बातचीत में कहा कि भले ही लखनऊ की टीम संतुलित है, लेकिन दिल्ली की नजरें जीत के साथ अभियान शुरू करने पर टिकी हैं। हमारा अभ्यास सत्र शानदार रहा है और हमने दो प्रैक्टिस मैचों के जरिए अपनी कमियों को दूर कर रणनीतियों को परखा है। भारतीय पिचों की बल्लेबाजी के अनुकूल प्रकृति को स्वीकार करते हुए कहा कि गेंदबाजों ने इसके लिए विशेष योजनाएं तैयार की हैं। चमीरा के अनुसार दिल्ली की टीम लखनऊ को उसके घर में कड़ी चुनौती देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

**हाईलाइट**

### प्रिया की शानदार जीत, जादूमणि हारे

उलानबटोर, एजेंसी। भारत की प्रिया ने एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के दूसरे दिन मंगलवार को 5 .0 से जीत दर्ज की जबकि जादूमणि सिंह जुझारू प्रदर्शन करने के बावजूद हार गए। महिलाओं के 60 किलो वर्ग में प्रिया ने कजाखस्तान की रिम्मा वोलोस्सेंको को 5 .0 से हराया। अब उनका सामना दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की चेंग्यू यांग से होगा। जादूमणि को जापान के रिम्मा यामागुची ने 3 .2 से हराया। यामागुची ने अस्ताना में हुए टूर्नामेंट में रजत और मुक्केबाजी विश्व कप फाइनल्स में कांस्य पदक जीता था।

### फखर जमां पर लगा दो मैच का बैन

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने मंगलवार को कन्फर्म किया कि टूर्नामेंट के कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल 3 के उल्लंघन का दोषी पाए जाने के बाद फखर जमां को पीएसएल 2026 के दो मैचों के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। यह आरोप आर्टिकल 2.14 के उल्लंघन से जुड़ा है, जो 29 मार्च को गद्दाफी स्टेडियम में कराची किंग्स के खिलाफ लाहौर कलंदर्स के मैच के दौरान गेंद की हालत बदलने से जुड़ा है। यह घटना मैच के आखिरी समय में हुई जब ऑन-फील्ड अंपायरों ने लाहौर कलंदर्स पर पांच रन की पेनल्टी लगाई और कराची किंग्स की पारी के आखिरी ओवर से पहले गेंद बदलने का आदेश दिया। फखर पर ऑन-फील्ड अंपायर शाहिद सैकत और फैसल खान आफरीदी के साथ-साथ टीवी अंपायर आसिफ याकूब और चौथे अंपायर तारिक रशीद ने आरोप लगाए। उन्होंने गलती से इनकार किया और आरोप का विरोध करने का विकल्प चुना, जिसके कारण पूरी डिसिप्लिनरी सुनवाई हुई।

### चीन ने जीते 13 गोल्ड

तियानजिन, एजेंसी। 10वीं वर्ल्ड जूनियर वुशु चैंपियनशिप छह दिन के कॉम्पिटिशन के बाद यहां खत्म हुई, जिसमें चीन ने 13 गोल्ड और चार सिल्वर मेडल जीतकर मेडल स्टैंडिंग में दूसरा स्थान हासिल किया। हांगकांग, 13 गोल्ड, सात सिल्वर और छह ब्रॉन्ज़ मेडल के साथ टेबल में टॉप पर रहा, जबकि इंडोनेशिया नौ गोल्ड, 11 सिल्वर और सात ब्रॉन्ज़ मेडल के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

# आईपीएल : कोनोली के अर्धशतक की बदौलत पंजाब ने गुजरात को हराया

## पंजाब किंग्स ने लगातार छठे साल जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की

मुल्लांपुर, एजेंसी।

अपना पहला आईपीएल मुकाबला खेल रहे कूपर कोनोली (नाबाद 72) के शानदार अर्धशतक से पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस को मंगलवार को तीन विकेट से हराकर लगातार छठे साल जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। पंजाब ने गुजरात को 20 ओवर में छह विकेट पर 162 रन पर रोकने के बाद 191 ओवर में सात विकेट पर 165 रन बनाकर जीत हासिल की।

कोनोली ने 44 गेंदों पर नाबाद 72 रन में पांच चौके और पांच छक्के लगाए। कोनोली ने विजयी चौका मारा। पंजाब किंग्स ने अपने होम ग्राउंड पर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की। प्रियांश आर्य ने एक छक्का लगाकर शुरुआत की, लेकिन कैगिसो रबाडा ने उन्हें एक तेज़ शॉर्ट बॉल पर आउट कर दिया। कूपर कोनोली प्रभसिमरन सिंह के साथ आए और दोनों ने ज़बरदस्त बैटिंग की। इसकी शुरुआत रबाडा के खिलाफ़ एक अटैक से हुई, जहां उन्होंने एक ओवर में तीन छक्के मारे और रेगुलर इंटरवल पर बाउंड्री लगती रहीं। राशिद ने प्रभसिमरन के आउट होने पर 76 रन की पार्टनरशिप खत्म की। इस बीच, आईपीएल में डेब्यू कर रहे ऑस्ट्रेलिया के कोनोली ने जमकर रन बनाए। उनके कुछ छक्के आसान लग रहे थे। श्रेयस अय्यर ने अशोक की गेंद पर कुछ छक्के मारे और होस्ट टीम के लिए रन-चेज़ आसान लग रहा था। लेकिन पहली इनिंग की तरह, इसमें भी कुछ रुकावट आई। 13वें ओवर में आए प्रसिद्ध ने अपनी पहली ही बॉल पर श्रेयस को आउट कर दिया और पंजाब अचानक 110/2 से 118/6 पर आ गया, क्योंकि वढेरा, शशांक और स्टोइनिस सस्ते में आउट हो गए।

कोनोली ने 34 गेंदों में एक चौका लगाकर फिफ्टी बनाई और रबाडा की गेंद पर छक्का लगाकर पंजाब कैंप का माहौल शांत किया। यानसन ने भी छक्का मारा लेकिन उसके बाद वह संघर्ष करते दिखे और आखिर में अशोक ने उन्हें आउट कर दिया। आखिरी दो ओवर में 16 रन चाहिए थे और सिर्फ 3 विकेट बाकी थे, मैच रोमांचक मोड़ पर था। लेकिन प्रसिद्ध के आखिरी से पहले वाले ओवर में 14 रन बने, जिसमें बार्टलेट का चौका और कोनोली का छक्का शामिल था। और फिर इस युवा ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने, जिसने शानदार बल्लेबाजी की, विजयी रन बनाए।




मुल्लांपुर : अर्द्धशतक लगाने के बाद अपना बल्ला उठाकर दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते पंजाब किंग्स के कूपर कोनोली।

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. | मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.509 |
| 5. | गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.509 |
| 6. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -0.687 |
| 4. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -2.907 |
| 8. | चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | -4.171 |
| 9. | दिल्ली कैपिटल्स | - | - | - | - | - | - |
| 10. | लखनऊ सुपर जायंट्स | - | - | - | - | - | - |

# सूर्यवंशी भारतीय टी 20 टीम में जगह बनाने के दावेदार : चावला

गुवाहाटी, एजेंसी।

रियान पराग, गुवाहाटी में वैभव सूर्यवंशी को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के ख़िलाफ़ बल्लेबाज़ी करते हुए देख रहे थे और बस यही सोच रहे थे, "वाह, ये कैसे करता है?" वहीं दूसरी ओर पीयूष चावला और अंबाती रायुडू मैच देखते हुए सोच रहे थे कि 15 साल के राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के इस बल्लेबाज़ के लिए भारतीय टीम का बुलावा अब ज़्यादा दूर नहीं है।

चावला ने कहा कि वह "सूर्यवंशी को जल्दी ही ऊपर के स्तर पर देखना चाहेंगे", जबकि रायुडू थोड़ा सावधान रहे लेकिन बोले कि यह युवा "निश्चित रूप से दौड़ में शामिल है।" आईपीएल के बाद भारत को अफ़ग़ानिस्तान और आयरलैंड के ख़िलाफ़ टी20 सीरीज़ खेलना है। रायुडू ने कहा, "सूर्यवंशी, देश के कई युवा खिलाड़ियों से एक स्तर ऊपर दिखते हैं और ऐसी प्रतिभा हैं, जो भारतीय क्रिकेट के लिए जरूर कमाल करेगा। हालांकि कब करेगा, यह नहीं कहा जा सकता, लेकिन भविष्य में जरूर ऐसा होगा। "जिस तरह वह बल्लेबाज़ी कर रहे हैं और जिस आज़ादी के साथ खेल रहे हैं, यह इस बात का सबूत है कि आरआर मैनेजमेंट ने शानदार काम किया है और उनके लिए चीज़ों को जटिल नहीं बनाया है। उनकी शॉट-मेकिंग और जिस आसानी से वह गेंदबाज़ों पर आक्रमण करते हैं, इस उम्र में अविश्वसनीय है।" रायुडू ने कहा, "मेरे हिसाब से टी20 में उनका पहला बुलावा आ सकता है, बशर्ते अगर उनका आईपीएल बहुत अच्छा जाता है और वह दिखाते हैं कि वह दबाव में भी शांत रह सकते हैं। मत भूलिए, हमारी भारतीय टीम अभी विश्व चैंपियन है और हाल ही में टीम ने टी20 विश्व कप जीता है। इसलिए टीम में जगह बनाना आसान नहीं होगा। मेरे हिसाब से अभी कुछ खिलाड़ी उनसे आगे हैं, क्योंकि टीमें अगले आईसीसी टूर्नामेंट को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। कई खिलाड़ी हैं जो पिछले दो-तीन साल से लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। इसलिए अगर मैं चयनकर्ता होता, तो वह निश्चित रूप से रेस में होते। लेकिन अभी कई खिलाड़ी उनसे आगे हैं।" अगर सूर्यवंशी अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचते हैं, तो चावला मानते हैं कि वह आसानी से ढल जाएंगे। उन्होंने कहा, "यही आईपीएल की ख़ूबसूरती है। 15 साल की उम्र में वह विश्व स्तरीय गेंदबाज़ों का सामना कर रहे हैं। जब वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जाएंगे, तो यह उनके लिए नया नहीं होगा। वह पहले ही 140 की गति वाली गेंदबाज़ी का सामना कर रहे हैं।" "और अगर वह ऐसे ही खेलते रहे, तो मैं उन्हें जल्दी ही ऊपर जाते हुए देखना चाहूंगा। पिछले एक साल में अंडर-19 हो या घरेलू क्रिकेट, जहां भी उन्होंने खेला, शतक लगाया है।



**खेल और राजनीति**

**भारत के महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने थामा भाजपा का हाथ**

# भारत में राजनीति से जुड़ने वाले खिलाड़ियों पर एक नजर

नई दिल्ली, एजेंसी।

भारत के महान टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस ने तृणमूल कांग्रेस के साथ पांच साल के जुड़ाव के बाद मंगलवार को भाजपा में शामिल होने का फैसला किया। जिसके बाद राजनीति में आने वाले खिलाड़ियों पर फिर सभी का ध्यान आकर्षित हुआ।

कुछ खिलाड़ी ऊंचे पदों पर पहुंचकर कैबिनेट मंत्री बन गए तो वहीं कुछ अन्य के चुनावों में मिलेजुले नतीजे रहे और वे अब भी अपना रास्ता तलाश रहे हैं। कुछ मशहूर खिलाड़ियों के नाम जिन्होंने अपने करियर में यह बदलाव किया।

### मोहम्मद अजहरुद्दीन



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान 2009 में कांग्रेस में शामिल हुए और उसी साल उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद से लोकसभा सदस्य बने। लेकिन 2014 और 2023 में हुए अगले लोकसभा और विधानसभा चुनावों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। हैदराबाद क्रिकेट संघ के प्रमुख के तौर पर कुछ समय काम करने के बाद अजहर को तेलंगाना में रेवंत रेड्डी की सरकार में कैबिनेट मंत्री बनाया गया जहां उन्हें सार्वजनिक उद्यम और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय का प्रभार सौंपा गया।

### नवजोत सिंह सिद्धू



भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कई पार्टियों भाजपा, कांग्रेस और उनकी अपनी पार्टी आवाज-ए-पंजाब के लिए काम किया। वह भाजपा के टिकट पर 2004 और 2009 के आम चुनाव जीते। लेकिन 2017 में कांग्रेस में शामिल हो गए और अमृतसर पूर्व विधानसभा सीट से चुनाव जीता। उन्हें 2022 के राज्य चुनावों में उसी सीट पर आप पार्टी के प्रतिद्वंद्वी ने हरा दिया। फिलहाल वह राजनीति से कुछ समय के लिए दूर हैं।

### बिरेन सिंह



बीएसएफ और मणिपुर के लिए खेल चुके इस फुटबॉलर ने अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत लोकतांत्रिक क्रांतिकारी जन पार्टी से की और राज्य चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचे। बाद में उन्होंने कांग्रेस में शामिल होकर 2007 और 2012 में अपनी सीट बनाए रखी। लेकिन 2016 में वह भाजपा से जुड़े और 2017 के चुनाव में जीत हासिल कर मणिपुर के मुख्यमंत्री बने। उन्होंने यह उपलब्धि 2022 में भी दोहराई। लेकिन 2025 में राज्य में हुई जातीय हिंसा के बाद उनका सफर समाप्त हो गया।



**चेतन चौहान :** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज खेल करियर के बाद भाजपा में शामिल हो गए। वह 1991 और 1998 में अमरोहा से सांसद रहे। लेकिन 1996, 1999 और 2004 में वे वहां से चुनाव हार गए। उन्होंने 2017 में राजनीति में वापसी की और नगावां सादात से उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव जीता। चौहान का निधन 2020 में हो गया।



**हरभजन सिंह :** भारत के पूर्व स्पिनर दो विश्व कप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे और उनके नाम 400 से ज्यादा टेस्ट विकेट दर्ज हैं। वह 2022 में आम आदमी पार्टी के साथ राजनीति में शामिल हुए। बाद में आपने उन्हें राज्यसभा के लिए नामित किया।



**राज्यवर्धन सिंह राठौड़ :** इस शीर्ष निशानेबाज ने ओलंपिक में भारत के लिए निशानेबाजी का पहला रजत पदक जीता था। वह 2013 में भाजपा से जुड़े और 2014 के आम चुनावों में जयपुर से लोकसभा के लिए चुने गए। उन्होंने 2019 के चुनावों में भी जीत हासिल की। 2023 में उन्होंने राज्य की राजनीति का रुख किया और उसी साल चुनाव जीता जिसके बाद उन्होंने लोकसभा से इस्तीफा दे दिया।



**कीर्ति आजाद :** विश्व कप 1983 की विजेता टीम के सदस्य ने सबसे पहले भाजपा के जरिए राजनीति में कदम रखा और बिहार के दरभंगा से विधानसभा और लोकसभा चुनाव जीता। लेकिन 2015 में आजाद को वरिष्ठ नेता अरुण जेटली के साथ अनबन के चलते भाजपा से निलंबित कर दिया गया और बाद में वह 2019 में कांग्रेस में शामिल हो गए। 2021 में वह तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए और पश्चिम बंगाल के बर्धमान-दुर्गापुर निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल करके फिर से लोकसभा में पहुंचे।



**बाईचुंग भूटिया:** भारतीय फुटबॉल टीम के पूर्व कप्तान 2014 में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए लेकिन दार्जिलिंग से आम चुनाव हार गए। हालांकि 2021 के बंगाल विधानसभा चुनावों के दौरान उन्होंने वाम मोर्चा का समर्थन किया। बाद में उन्होंने अपनी खुद की पार्टी 'हमारो सिक्किम' बनाई, लेकिन चुनावों में कोई खास असर नहीं डाल पाए।



**दिलीप टिर्की :** भारत के पूर्व हॉकी कप्तान 2012 में बीजू जनता दल में शामिल हुए और उन्हें राज्यसभा के लिए नामित किया गया। लेकिन वह 2024 में सुंदरगढ़ निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव नहीं जीत पाए।



**साइना नेहवाल :** दुनिया की पूर्व नंबर एक और लंदन ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली बैडमिंटन की इस दिग्गज खिलाड़ी 2020 में अपनी बहन के साथ भाजपा से जुड़ी लेकिन उन्होंने अभी तक चुनावों में अपनी किस्मत नहीं आजमाई है।



**गौतम गंभीर :** दो बार की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और भारतीय टीम के मौजूदा कोच ने 2019 में भाजपा के जरिए राजनीति में कदम रखा। इसी साल उन्होंने पूर्वी दिल्ली से आम चुनाव जीता। लेकिन 2024 में उन्होंने एक क्रिकेट कोच के तौर पर अपने खेल करियर को फिर से शुरू करने के लिए सक्रिय राजनीति से दूरी बना ली।



**कर्णी सिंह :** बीकानेर के अंतिम महाराजा कर्णी सिंह 1962 में काहिरा में आयोजित विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में भारत के पहले पदक विजेता थे जहां उन्होंने रजत पदक जीता था। बाद में उन्होंने 25 वर्षों तक लोकसभा में स्वतंत्र सांसद के रूप में काम किया और 1952 से 1977 तक बीकानेर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। 1988 में उनका निधन हुआ।

### विनेश फोगाट व बजरंग पूनिया



दोनों कामयाब और उतने ही विवादित पहलवान रहे, दोनों 2024 में कांग्रेस पार्टी में एक साथ शामिल हुए। इससे पहले उन्होंने भारतीय कुश्ती महासंघ के तत्कालीन प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया था। बृज भूषण भाजपा के नेता थे और उन पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। फोगाट ने जहां जुलाना निर्वाचन क्षेत्र से जीत हासिल करके हरियाणा में विधायक का पद संभाला तो पार्टी ने पूनिया को अखिल भारतीय किसान कांग्रेस का प्रमुख नियुक्त किया।

## सुविचार



यह सच है कि पानी में तैरने वाले ही डूबते हैं, किनारे पर खड़े रहने वाले नहीं, मगर किनारे पर खड़े रहने वाले कभी तैरना भी नहीं सीख पाते। - सरदार वल्लभ भाई पटेल


## लखनऊ के प्रमुख समाचार

- घरेलू सिलेंडर से वैन में भर रहे थे गैस, लगी आग II
- पालकी पर निकले भगवान महावीर III
- प्रदेश में लविवि को मिले सर्वाधिक शोध प्रोजेक्ट ग्रांट IV


## शहर में आज



- बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी अलीगंज में वार्षिक परीक्षा के सभी कक्षाओं के टॉप 10 के 190 मेधावियों का सम्मान- 10:00 बजे से।
- झूलेलाल वाटिका में सनातन महासभा की ओर से 11 कुंडी श्री महालक्ष्मी महायज्ञ और मां गोमती की महाआरती- 6:00 बजे से।
- रंगभारती की ओर से वीन्द्रलाय में 'घोंघाबसंत सम्मलेन' में छंटी हुई विभूतियों को मूर्ख रत्न से किया जाएगा सम्मानित- 6:30 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# हुलासखेड़ा की नगरीय सभ्यता लखनऊ से दो हजार वर्ष पुरानी

- भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग की खुदाई में मिले गुप्तकालीन और कुषाणकालीन अवशेष
- नबाव आसिफुद्दौल्ला ने 1775 में लखनऊ की स्थापना की थी, उसके पहले की दीवार मिली है

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मोहनलालगंज रोड पर स्थित हुलासखेड़ा गांव लखनऊ शहर से भी दो हजार वर्ष पुराना है। इसके प्रमाण भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) की खुदाई में मिले हैं। इस गांव के नीचे करीब दो हजार वर्ष पुराने गुप्तकालीन और कुषाणकालीन अवशेष और उन्नत नगरीय सभ्यता की दीवार मिली है।

नबाव आसिफुदौल्ला ने 1775 में लखनऊ की स्थापना की थी, जबकि पुरातत्व विद इससे भी दो हजार वर्ष पूर्व हुलासखेड़ा में उन्नत नगरीय सभ्यता विकसित होना मान रहे हैं। मंगलवार को नेशनल पीजी कॉलेज के स्नातक इतिहास के छात्रों ने हुलासखेड़ा में उत्खनन स्थल पर बारीकियों को समझा। दल विभागाध्यक्ष डॉ. आकृति के पर्यवेक्षण में पहुंचा था। शैक्षणिक प्रशिक्षण के अंतर्गत छात्रों को रिमोट सेंसिंग और जीपीएस तकनीक के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक उपयोग से भी परिचित कराया गया। हुलासखेड़ा में उत्खनन के पश्चात प्राचीन दबे हुए नगर की दीवारों के अवशेष भी मिले हैं। इस खोज ने यह स्पष्ट किया कि पुरातात्विक स्थल किस प्रकार प्राचीन नगरीय संरचनाओं की समझ को पुनः स्थापित करते हैं।



हुलासखेड़ा उत्खनन स्थल को देखते नेशनल पीजी कॉलेज के प्राचीन इतिहास के विद्यार्थी।

### कुषाण काल के दो बड़े पात्र भी उत्खनन में मिले

- हुलासखेड़ा स्थल से कुषाण कालीन कलाकृतियां व प्रारंभिक गुप्त कालीन बस्तियों के प्रमाण मिले हैं। इस स्थल से प्राप्त कुषाण कालीन कार्तिकेय की मूर्ति ने इस स्थल के काल निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अतिरिक्त, कुषाण काल के दो बड़े पात्र भी उत्खनन में प्राप्त हुए हैं, जिन्हें वर्तमान में स्थल के समीप स्थित संग्रहालय में संरक्षित किया गया है, हालांकि संग्रहालय अभी निर्माणाधीन अवस्था में है।

### कुषाण काल और गुप्तकाल

- गुप्तकाल में समुद्रगुप्त के शासनकाल को स्वर्ण युग कहा जाता है, जब भारतवर्ष साहित्य, विज्ञान और आर्थिक उन्नति के चरमोत्कर्ष पर था। समुद्रगुप्त को भारत का नेपोलियन कहा गया क्यों कि उसने दक्षिणापथ अभियान से दक्षिण क्षेत्रों को समाहित कर लिया था। इसी कालखंड में कालीदास जैसे महाकवियों ने अपनी रचनाएं की और वात्सायन जैसे मुखर और उदार रचनाकार भी हुए। इस कालखंड को 320–550 ई. का माना गया है। जबकि कुषाण काल 30 ईस्वी से लेकर करीब 375 ईस्वी तक माना जाता है।

## वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट के लिए निकाला गया टेंडर

**अमृत विचार, लखनऊ :** वेस्ट-टू-एनर्जी प्लांट निर्माण को कंसल्टेंट चयन करने के लिए नगर निगम ने टेंडर निकाला है। 200 करोड़ से बनने वाले प्लांट में कचरे के वेस्ट से बिजली बनाई जाएगी। कंसल्टेंट को दो महीने में विस्तृत रिपोर्ट नगर आयुक्त को सौंपनी होगी।

अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव ने बताया कि प्लांट शिवरी में 25 एकड़ में लगाया जाएगा। वहां निगम के 700-700 मीट्रिक टन क्षमता के तीन कूड़ा निस्तारण प्लांट संचालित हैं। जिनमें प्रतिदिन 2000 मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण किया जाता है। उसी वेस्ट बिजली बनाई जाएगी।

## सिटी ब्रीफ

### चार डॉक्टर समेत आठ स्वास्थ्यकर्मियों ने दिया इस्तीफा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत संचालित सरकारी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों के चार डॉक्टरों समेत कुल आठ स्वास्थ्यकर्मियों ने इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा देने वाले डॉक्टरों में रामसागर मिश्रा अस्पताल के ईएमओ डॉ. अमित कुमार, अर्बन हेल्थ वेलनेस सेंटर के डॉ. अभय, कसाईबाड़ा पीएचसी की डॉ. प्रियंका त्रिपाठी और आशियाना हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के डॉ. राजीव कुमार शामिल हैं। इन सभी का चयन पीजी पाठ्यक्रम में हो गया है। चार स्टाफ नर्स ने भी सरकारी सेवा में चयन होने के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सभी इस्तीफों को जिला स्वास्थ्य समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां उन्हें स्वीकार कर लिया गया। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि खाली पदों पर जल्द ही इंटरव्यू के जरिये भरा जाएगा।

### ट्रॉमा सेंटर के डॉक्टर पर वसूली का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** थाना सैरपुर क्षेत्र के पूरब गांव की शिवकांती ने जानकीपुरम स्थित ट्रॉमा सेंटर के डॉक्टर पर वसूली का आरोप लगाया है। उनका आरोप है कि कच्चा प्लास्टर करने के नाम पर 600 रुपये ऑनलाइन लिए गए। फिर पक्का प्लास्टर के लिए 800 रुपये मांगे गए। जानकारी पर मंगलवार को भाजपा नेता रज्जन पांडे ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। उनकी डॉक्टर से तीखी बहस हो गई। रज्जन ने डॉक्टर पर धक्का-मुक्की का आरोप लगाया है। ट्रॉमा सेंटर के इंचार्ज डॉ. मुनीश कुमार ने कहा कि वसूली करने का आरोप गलत है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीकेटी के महिंगवां शाहपुर चौराहा स्थित एक मेडिकल स्टोर के विरुद्ध कार्रवाई की मांग करते हुए भारतीय किसान यूनियन की तरफ से औषधि निरीक्षक को पत्र लिखा गया है। संगठन के तहसील अध्यक्ष अमरेंद्र सिंह पवांर का आरोप है कि मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस के संचालित किया जा रहा है। साथ ही लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते हुए यहां प्रतिबंधित दवाओं की विक्री भी की जाती है। एफएसडीए के सहायक आयुक्त ब्रजेश कुमार ने बताया कि शिकायत का संज्ञान लेकर मामले की जांच कराई जाएगी।

# एलडीए की पौने दो करोड़ से बनी सड़क बिल्डर ने खोद डाली

## सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में सड़क पर गहरा गड्ढा खोदने से आवागमन हुआ बाधित

संवाददाता गोसाईगंज

**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में एलडीए की ओर से पौने दो करोड़ खर्च कर बनाई गई सड़क पर मेसर्स ओमेक्स लि. कंपनी ने कब्जा कर लिया है। कंपनी ने सड़क पर बड़ा गड्ढा खोद दिया है, इससे आवागमन बंद हो गया है। परेशान लोगों ने सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस थाने में शिकायत की है।

सरस्वती पुरम, लल्लन सिंह नगर और सरसवां निवासी शांति यादव, मानसिंह यादव, अम्बर और अर्जुन ने बताया कि डॉक्टर विनोद तिवारी ने बताया कि न्यूरो हॉस्पिटल के सामने से ओमेक्स आर-1 डिवाइडर रोड को जोड़ने वाली मुख्य सड़क को बंद कर दिया गया है। सड़क का निर्माण लखनऊ विकास प्राधिकरण ने लगभग पौने दो करोड़ से कराया था। लोगों ने कहा कि रास्ता बंद होने से आवागमन में परेशानी हो रही है। आशीष पांडे, लक्ष्मण मिश्रा, संजय पांडे, सुनील सिंह, शांति यादव, मानसिंह यादव, अम्बर और अर्जुन आदि ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में शिकायत की है।

- स्थानीय लोगों ने थाने में तहरीर देकर की कार्रवाई की मांग

इस संबंध में एसीपी गोसाईगंज ऋषभ यादव ने बताया कि ओमेक्स कंपनी द्वारा सार्वजनिक रास्ता बंद करने के संबंध में क्षेत्रीय लोगों का प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि शिकायत की जांच की जा रही है और जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी।



सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में सड़क पर खोदे गए गड्ढे को पुलिस को दिखाते स्थानीय लोग। अमृत विचार

### बनाई रिटेनिंग वॉल, भरी जाएगी मिट्टी

- **अमृत विचार, लखनऊ :** विनय खंड में भूखंड पर मिट्टी खोदाई और निर्माण कार्य कराने के लिए स्वामी ने रिटेनिंग वॉल बना ली। मानकों को ताख पर रख की गई खोदाई से धसी पड़ोस के मकान की नींव भराई जाएगी। जहां, मिट्टी धसने से मकान बास-बलियों और लोहे के एंगल पर टिकाया है। पूर्व आईआरएस परवीन तलहा के मकान से सटे भूखंड पर पड़ोसी ने मानकों का पालन न करके बेसमेंट बनाने के लिए खोदाई कराई। उनके मकान की सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए। इस कारण खोदाई से मकान की नींव धस गई और मिट्टी भूखंड में गिर गई। हादसे की आशंका जताकर एलडीए में पहले ही शिकायत की थी, लेकिन समय रहते कार्रवाई नहीं की। इससे मकान बास-बल्लियों और लोहे के पिलर पर टिकाया गया। मंगलवार को मामला तूल पकड़ा तो एलडीए ने सख्ती दिखाई और टीम मौके पर गई। भूखंड स्वामी ने रिटेनिंग वॉल बनाई। जोनल अधिकारी देवांश त्रिवेदी ने बताया कि आवासीय मकान का मानचित्र स्वीकृत है। भूखंड स्वामी ने सुरक्षा की दृष्टि से रिटेनिंग वॉल बना ली है। उनके द्वारा मकान की धंसी मिट्टी भरी जाएगी। कार्रवाई की चेतावनी दी है।

### आज से भवन मानचित्र पास कराना महंगा

- **अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में आज से भवन निर्माण के लिए मानचित्र पास कराना लोगों के लिए महंगा हो जाएगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने शुल्क में चार फीसद की बढ़ोतरी की है। इससे भवन स्वामियों की जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण की पिछली बोर्ड बैठक में आवासीय और व्यावसायिक भवन के मानचित्र शुल्क बढ़ाने का प्रस्ताव पास हुआ था। ये व्यवस्था 1 अप्रैल 2026 से लागू हो गई है। नए नियमों के तहत भवन निर्माण के लिए पहले से चार प्रतिशत तक बढ़ा शुल्क देना होगा। इसमें निरीक्षण शुल्क, अनुज्ञा शुल्क, विकास शुल्क शामिल है। भूखंड स्वामियों को आवेदन पहले की तरह ऑनलाइन करने होंगे। इसकी तरह बड़े प्रोजेक्ट जैसे टाउन शिप, अपार्टमेंट, कॉम्प्लेक्स आदि कमर्शियल भवन निर्माण के लिए पहले से अधिक शुल्क अदा करना होगा।

### तीन माह तक चलेगी ओटीएस स्कीम

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विकास प्राधिकरण की 18 अप्रैल से शुरू होने वाली एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस) तीन माह तक चलेगी। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर अफसर आवासीय व व्यावसायिक संपत्ति के बकायेदारी की सूची बनाने लगे हैं। चिह्नित बकायेदारों के मोबाइल पर एसएमएस भेजा जाएगा। कॉल सेंटर और आईटी सेल सेल से बकायेदारों को फोन, मैसेज व ई-मेल से जानकारी देकर भुगतान कराया जाएगा। संपर्क न होने पर पत्र भेजा जाएगा। आवासीय एवं व्यावसायिक सम्पत्तियां, सरकारी संस्थाओं को आवंटित सम्पत्तियां, स्कूल भूखंड, चैरिटेबल संस्था, मानचित्र एवं शमन मानचित्रों के बकायेदार, नीलामी अथवा अन्य पद्धति से आवंटित संपत्तियों व सहकारी आवास समितियों को आवंटित संपत्तियां बकाया जमा किया जाएगा।

## योगी आज दिखाएंगे ई-वाहनों को हरी झंडी

**अमृत वितार, लखनऊः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को राजधानी लखनऊ में 250 इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों को हरी झंडी दिखाएंगे, जिससे शहर की कूड़ा प्रबंधन व्यवस्था को नई गति मिलेगी। यह पहल हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने और सतत विकास के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। शहर में 981 इलेक्ट्रिक और 169 सीएनजी वाहनों से कूड़ा एकत्र किया जा रहा है। नए 250 वाहनों के जुड़ने से यह प्रणाली और मजबूत होगी। इसके साथ ही 13 स्थानों पर 520 चार्जिंग प्वाइंट स्थापित किए गए हैं।



मंगलवार को दिन में तेज धूप के कारण प्राणि उद्यान में गर्मी से बेहाल बाघ राहत पाने के लिए पानी से भरे हौज में बैठा रहा। देर रात मौसम में एकाएक बदलाव आया और गरज-चमक के साथ शहर के कई हिस्सों में बूंदाबांदी हुई। अमृत विचार

# अंतिम दिन जमा हुआ 66 करोड़ गृहकर

## 625 करोड़ लक्ष्य के सापेक्ष 556 करोड़ से अधिक जमा कराए





कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** नगर निगम में वित्तीय वर्ष 2025-26 में शाम तक 556 करोड़ से अधिक गृहकर वसूल किया। वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन 66 करोड़ से अधिक गृहकर जमा हुआ। विद्युत विभाग से 41 करोड़ और केजीएमयू से 15.67 करोड़ रुपये जमा किए। रात तक नगर आयुक्त गौरव कुमार खुद वसूली की मॉनिटरिंग करते रहे। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह ने कम्प्यूटर कक्ष में वसूली के आंकड़े देखे।

नगर निगम ने सभी आठों जोन को मिलाकर 556 करोड़ से अधिक गृहकर जमा कराया है। पिछले वित्तीय वर्ष में करीब 498 करोड़ रुपये गृहकर जमा हुआ था। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अशोक सिंह और विनय कुमार राय ने बताया कि इस बार 625 करोड़ रुपये गृहकर वसूली का लक्ष्य मिला था।

वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन कैश काउंटर और जोनल कार्यालय मंगलवार के बावजूद खुले रहे। दरअसल वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद बकाया गृहकर पर 12 प्रतिशत ब्याज के साथ भुगतान करना पड़ेगा, इस कारण भी बड़ी संख्या में लोगों ने गृहकर जमा किया।

### 446 करोड़ सीवर व जलकर जमा कराया

- जलकल विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 446 करोड़ रुपये सीवर एवं जल कर जमा कराके रिकार्ड बनाया है। जलकल महाप्रबंधक कुलदीप सिंह ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष में विभाग ने लगभग 333 करोड़ रुपये सीवर एवं जल कर के रूप में जमा कराए थे। सबसे अधिक जोन 4 के गोमती नगर में वसूली हुई। उन्होंने बताया कि अधिशासी अभियंता अमरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में अंतिम दिन मंगलवार को 5 करोड़ रुपये से अधिक वसूली हुई। जबकि पूरे मार्च में 9 करोड़ रुपये जमा कराए।

### कलेक्ट्रेट कोषागार में 2380 करोड़ के बिल पास

- **अमृत विचार, लखनऊ :** वित्तीय वर्ष 2025-26 समाप्ति के अंतिम दिन मंगलवार को कलेक्ट्रेट आदर्श कोषागार में करीब 150 विभागों के 1497 बिल भुगतान के लिए प्रस्तुत किये गए। लगभग 2380 करोड़ रुपये के बिल पास किए गए। इनमें समग्र शिक्षा अभियान, खाद्य एवं रसद विभाग की उज्ज्वला योजना और पावर कारपोरेशन के बड़े भुगतान शामिल हैं। यह जानकारी मुख्य कोषाधिकारी साधना कोरी ने दी। उन्होंने बताया कि पिछले एक हफ्ते में विभिन्न विभागों द्वारा लगभग 7000 बिल भुगतान के लिए कोषागार में प्रस्तुत किये गए थे। इन सबका भुगतान कर दिया गया। मुख्य कोषाधिकारी ने बताया कि मंगलवार को कलेक्ट्रेट कोषागार को सुबह से देर शाम तक भुगतान के लिए खोला गया।

# शहर के ब्लड बैंक और जिम्मेदार अधिकारी कर रहे नियमों का खून

## कई बार खामियां मिलने पर भी ब्लड बैंकों पर ठोस कार्रवाई नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नोटिस तक सीमित है एफएसडीए स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई
- बिना मानक जांच लिया गया रक्त मरीजों के लिए खतरनाक

**अमृत विचार :** शहर में संचालित ब्लड बैंकों में नियमों की अनदेखी मरीजों की सेहत के लिए चिंताजनक होती जा रही है। जांच में कई बार गड़बड़ी मिलने के बावजूद ब्लड बैंकों पर ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है।

शहर में करीब 60 ब्लड बैंकों का पंजीयन है। इनमें 29 चैरिटेबल और सोसाइटी के माध्यम से चलाए जा रहे हैं। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) के निरीक्षण में कई ब्लड बैंकों में गंभीर कमियां मिली थीं। किंतु इन ब्लड बैंकों पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इनमें कई ब्लड बैंकों में पहले भी गड़बड़ियां मिल चुकी हैं। तब भी केवल नोटिस देकर औपचारिकता पूरी कर ली गई थी। विशेषज्ञों के अनुसार, बिना मानक जांच के लिया गया रक्त मरीजों के लिए गंभीर खतरा बन सकता है। इससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है और कई मामलों में मरीजों की हालत गंभीर हो सकती है।



हैरानी की बात यह है कि बार-बार खामियां मिलने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी सख्त कदम उठाने से बच रहे हैं। कुछ ब्लड बैंकों को अस्थायी रूप से बंद जरूर किया गया, लेकिन बाद में उन्हें फिर से संचालन की अनुमति दे दी गई। सहायक आयुक्त ब्रजेश कुमार ने बताया कि ऐसे जिन ब्लड बैंकों के विरुद्ध पूर्व में कार्रवाई हो चुकी है उनका भी निरीक्षण किया जा रहा है। मानक पूरे किए बिना संचालित होते मिले तो कार्रवाई होगी।

**केजीएमयू**

नेत्र रोग विभाग की एमएस छात्रा डॉ. शिवानी सुरेश ने किया शोध

# थ्रीडी प्रिंटिंग और एआई से 10 रुपये में बनेगी आंख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** थ्रीडी प्रिंटिंग और एआई की मदद से मात्र 10 रुपये में आंख बन जाएगी। अपने शोध में ये तकनीक किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) ने विकसित की है। थ्रीडी प्रिंटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की मदद से तैयार कस्टमाइज्ड पीएलए इम्प्लांट से नेत्रविहीन मरीजों, खासकर रेटिनोब्लास्टोमा से पीड़ित बच्चों के इलाज को नई दिशा मिली है।

इस तकनीक के तहत उन बच्चों के लिए विशेष इम्प्लांट तैयार किया गया है, जिनकी बीमारी के चलते आंख निकालनी पड़ी। शोध के अनुसार, यह थ्रीडी प्रिंटेड इम्प्लांट न केवल सुरक्षित है, बल्कि आईबॉल न होने से होने वाली हीनभावना को दूर करने में भी प्रभावी साबित हुआ है। विशेषज्ञों का कहना है कि पारंपरिक इम्प्लांट की तुलना में यह तकनीक अधिक सटीक, बेहतर फिटिंग वाली और जटिलताओं के कम जोखिम वाली है। सबसे खास बात यह है कि इसकी लागत 10 रुपये से भी कम बताई गई है। प्रो. संजीव कुमार गुप्ता के मार्गदर्शक और . अरुण कुमार शर्मा, प्रो. सिद्धार्थ अग्रवाल व डॉ. विशाल कटियार के सह-मार्गदर्शन में नेत्र रोग विभाग की एमएस छात्रा डॉ. शिवानी सुरेश ने ये शोध किया है।

### अभी तक एक हजार रुपये में लगती है कृत्रिम आंख

- विभागाध्यक्ष प्रो. अपजित कौर ने बताया कि दुर्घटना, गंभीर बीमारी या जन्मजात विकार के कारण आंख खराब हो जाती है। एक आंख गंवाने के बाद चेहरे पर आंख का स्थान रिक्त हो जाता है, जो देखने में अटपटा लगता है। इससे लोगों में हीनभावना आ जाती है। कृत्रिम नेत्र लगाने के बाद व्यक्ति में आत्मविश्वास बढ़ता है। विभाग में संचालित ऑक्युलोप्लास्टी क्लीनिक 1000 रुपये में कृत्रिम आंख बनती है।

### क्या है ऑर्बिटल इम्प्लांट

- जब किसी कारणवश (जैसे ट्रॉमा या सर्जरी) आंख (आईबॉल) निकालनी पड़ती है, तो आंख की जगह खाली जगह बन जाती है। ऐसे में आर्टिफिशियल आंख लगाने पर भी सही कॉस्मेटिक परिणाम नहीं मिल पाते। इसके समाधान के लिए ऑर्बिटल इम्प्लांट लगाया जाता है, जो आंख की हड्डी में फिट किया जाता है। यह आमतौर पर ऐक्रेलिक या सिलिकॉन मटीरियल से बना होता है और बाजार में इसकी कीमत लगभग 1500 से 2500 रुपये तक होती है। नई थ्री प्रिंटिंग तकनीक इस क्षेत्र में सस्ता और प्रभावी विकल्प बनकर उभर रही है।

### रोबोटिक सर्जरी से लिवर खराब होने से बचाया

- **अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू डॉक्टरों ने रोबोटिक सर्जरी से 21 वर्षीय महिला का लिवर खराब होने से बचा लिया गया। जटिल बीमारी से जूझ रही महिला बार-बार पीलिया होने, उल्टी और भीषण पेट दर्द से परेशान रहती थी। संस्थान के जनरल सर्जरी विभाग में पहली बार रोबोटिक तकनीक से हेपेटिकोजेजुनोस्टॉमी सर्जरी की गई। ऑपरेशन के बाद मरीज पूरी तरह स्वस्थ है। आजमगढ़ निवासी मरीज को स्थानीय अस्पताल में पित्त की थैली के ऑपरेशन के दौरान पित्त नली में चोट लग गई थी। नली सिकुड़ने से पित्त का प्रवाह रुक गया। इससे उसके बार-बार पीलिया, उल्टी और पेट दर्द की समस्या हो गई थी। परिजन ने मरीज को केजीएमयू में डॉ. अवनीश कुमार को दिखाया। जांच के बाद डॉक्टर ने दोबारा ऑपरेशन का निर्णय लिया। रोबोटिक सर्जरी से पित्त नली को छोटी आंत (जेजुनम) से जोड़ा गया। इसे रोबोटिक रूएक्स-एन-वाई हेपेटिकोजेजुनोस्टॉमी कहा जाता है। करीब चार घंटे चली सर्जरी में रोबोटिक तकनीक के कारण ऑपरेशन अधिक सटीक, सुरक्षित और कम चीरा लगाने वाला रहा। डॉक्टरों के अनुसार, यदि इलाज में देरी होती तो मरीज का लिवर फेल हो सकता था। निजी अस्पतालों में इस तरह की सर्जरी पर चार से पांच लाख रुपये तक खर्च आता है, जबकि केजीएमयू में महज 20 से 25 हजार रुपये में ऑपरेशन हो गया। जटिल ऑपरेशन को डॉ. अवनीश कुमार, डॉ. अक्षय आनंद, डॉ. पंकज कुमार, डॉ. अमित कर्णिक सहित रेजिडेंट डॉक्टरों और एनेस्थीसिया टीम ने सफल बनाया।

# घरेलू सिलेंडर से वैन में भर रहे थे गैस, लगी आग

## धमाके के डर से पिता-पुत्र मौके से हुए फरार, सूचना पर चौक फायर स्टेशन से पहुंची दमकल गाड़ी ने पाया काबू, सिलेंडर बरामद

संवाददाता, काकोरी

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह हरदोई रोड दुर्गागंज चौराहे के पास वैन में घरेलू गैस सिलेंडर से गैस भरते समय आग लग गई। आग ने पूरी वैन को अपनी चपेट में ले लिया। लपटें देख वैन में गैस भर रहे पिता-पुत्र मौके से भाग निकले। आग की सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ी ने राहत कार्य शुरू किया। करीब आधे घंटे में दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। पुलिस ने वैन के पास से मिले सिलेंडर को कब्जे में ले लिया है।

दुर्गागंज निवासी रामशंकर राजपूत मंगलवार सुबह हरदोई रोड के किनारे स्थित एक खाली प्लॉट में अपनी वैन में एलपीजी सिलेंडर से गैस भर रहे थे। तभी इलेक्ट्रॉनिक मशीन में शार्ट सर्किट से चिंगारी निकली और वैन में आग लग गई। आग की लपटें बढ़ती जा रही थी। पिता ने बेटे दुर्गेश संग मिलकर आग बुझाने का प्रयास किया। लेकिन तब तक सिलेंडर में आग और धमाके के डर से दोनों मौके से भाग निकले। देखते ही देखते आग ने वैन को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना पर चौक फायर स्टेशन की एक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक पूरी वैन जलकर राख हो चुकी थी। काकोरी इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि घटनास्थल के पास रखे घरेलू गैस सिलेंडर को पुलिस ने जब्त कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गैस भराई का यह कार्य अवैध रूप से किया जा रहा था, जो इस हादसे का मुख्य कारण बना। इंस्पेक्टर ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

- पुलिस ने वैन के पास से मिले सिलेंडर को कब्जे में लिया



कार में लगी आग बुझाते दमकलकर्मी। अमृत विचार



छापेमारी में बरामद गैस सिलेंडर के साथ आपूर्ति विभाग की टीम। अमृत विचार

### न्यू सरदारीखेड़ा में घर और वाहन से पकड़े 52 घरेलू गैस सिलेंडर

**अमृत विचार, लखनऊ :** गैस सिलेंडर की मारामारी के बीच मंगलवार को आपूर्ति विभाग की टीम ने छापेमारी करके एक व्यक्ति के आवास और वाहन से कुल 52 घरेलू सिलेंडर बरामद किए। आपूर्ति विभाग को सूचना गैस सिलेंडर के अवैध भंडारण की सूचना मिली थी। जिस पर जिलापूर्ति अधिकारी विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में आपूर्ति विभाग की टीम ने सुनील कुमार पुत्र सियाराम निवासी 551छ/85 न्यू सरदारी खेड़ा, आलमबाग के निवास से आईओसी, एचपीसीएल और बीपीसीएल कंपनी के 40 घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए। इसके अलावा वाहन संख्या यूपी 32 सीजेड 0258 से 12 घरेलू गैस सिलेण्डर बरामद किए। गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पाये जाने पर सुनील कुमार के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई गयी।जांच टीम में सुरेश कुमार सरोज क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी आलमबाग, श्रद्धा श्रीवास्तव क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी हजरतगंज और यहियागंज, चक्रपाणि मिश्र पूर्ति निरीक्षक चौक, अशोक कुमार चौरसिया पूर्ति निरीक्षक आलमबाग शामिल थे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

## कमरे में औंधे मुंह बेड पर मिला शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नौकरी छूटने के बाद से था तनाव में, चल रहा था इलाज
- कमरे से दवाएं और पर्चे मिले, दो दिन से नहीं रिसीव नहीं हो रही थी कॉल

**अमृत विचार:** जानकीपुरम में संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गयी। दो दिन से कॉल रिसीव न होने पर परिजन ने पड़ोसी को फोन मिलाकर युवक से बात कराने को कहा। दरवाजा न खुलने पर पड़ोसियों ने परिजन को जानकारी दी। परिजन की मौजूदगी में पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो कमरे में युवक का शव औंधे मुंह बेड पर पड़ा मिला। छानबीन के दौरान पुलिस को कमरे में दवाएं और पर्चे मिले। परिजन ने पुलिस को बताया कि नौकरी छूटने के बाद से तनाव में रह रहे युवक का इलाज चल रहा था।



जानकीपुरम विस्तार निवासी रिशिंद्र (40) कॉल सेंटर में नौकरी करते थे। परिजन ने बताया कि कुछ समय पहले रिशिंद्र की नौकरी छूट गई थी। उसके बाद से उसकी मानसिक हालत बिगड़ गई थी। उसका इलाज भी चल रहा था। बहन अपर्णा ने बताया कि दो दिन से वह रिशिंद्र को फोन मिला रही थी। लेकिन कॉल रिसीव नहीं हो रही थी। दो दिन बाद बहन ने मंगलवार को फिर से फोन मिलाया। इस बार भी कॉल रिसीव न होने पर अपर्णा ने पड़ोसी को फोन मिलाकर भाई के घर जाकर बात कराने का अनुरोध किया।

पड़ोसी रिशिंद्र के घर गया तो दरवाजा अंदर से बंद था। कई आवाज लगाई, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इसपर पड़ोसी वापस लौट आए। कुछ देर बाद बहन पहुंची। लेकिन दरवाजा न खुलने पर अपर्णा ने डॉयल-112 पर सूचना दी। पुलिस ने पड़ोसियों की मदद से दरवाजा तोड़ा। भीतर गई तो कमरे में रिशिंद्र का शव बेड पर औंधे मुंह पड़ा था। पुलिस ने कमरे की तलाशी ली तो दवाएं और पर्चे मिले। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर जानकीपुरम विनोद तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह साफ नहीं हुई है। विसरा सुरक्षित कर लिया गया है।

## ड्रोन व सीसीटीवी कैमरों से होगी इकाना की निगरानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**आईपीएल मैच**

- तीन सुपर जोन, छह जोन और 16 सेक्टर में बांटा गया स्टेडियम
- एंटी टेररिस्ट स्क्वायड, एंटी माइन टीम, बम स्क्वायड भी मुस्तैद
- अर्धसैनिक बल समेत दो हजार पुलिसकर्मी लगाए जाएंगे



**अमृत विचार:** आईपीएल में बुधवार को लखनऊ और दिल्ली की टीमों के बीच मैच होने के चलते भारत रत्न अटल विहारी बाजपेयी इकाना स्टेडियम और आसपास सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। स्टेडियम परिसर को तीन सुपर जोन, छह जोन और 16 सेक्टर में बांटा गया है। सुरक्षा में अधिकारियों के अलावा, एंटी टेररिस्ट स्क्वायड, एंटी माइन टीम, बम स्क्वायड दस्ते, अर्ध सैनिक बल और पुलिस कर्मियों समेत 2000 से अधिक पुलिस बल तैनात किया गया है। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से अराजकतत्वों व टिकट ब्लैक करने वालों की निगरानी की जाएगी। कंट्रोल रूम से अधिकारी ट्रैफिक के लिहाज से रूट और सुरक्षा का जायजा लेते रहेंगे।

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था बबलू कुमार के मुताबिक सुरक्षा में तीन पुलिस उपायुक्त, छह अपर पुलिस उपायुक्त, 16 सहायक पुलिस आयुक्त, 35 इंस्पेक्टर, 254 दरोगा, 465 सिपाही तैनात किये गये हैं। इसके अलावा यातायात व्यवस्था के संचालन के लिए पूरे एरिया को दो सुपर जोनल, तीन जोनल, नौ सेक्टर व 24 सब सेक्टर बांटा गया है। जिसमें दो पुलिस उपायुक्त, तीन अपर पुलिस उपायुक्त, नौ सहायक पुलिस आयुक्त, 28 इंस्पेक्टर, 161 दोरगा, 391 मुख्य आरक्षी, आरक्षी, 108 होमगार्ड तैनात किये गये हैं। वहीं, पांच कंपनी पीएसी, एक कंपनी आरएएफ, वायरलेस यूनिट, इंटेलिजेंस (एलआईयू), एक टीम एटीएस, वॉक-थ्रू मेटल डिटेक्टर, तीन बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल स्क्वाड, एक एंटी माइन टीम को मुस्तैद किया गया है।

**महिला सुरक्षा का विशेष इंतजाम:** जेसीपी कानून-व्यवस्था बबलू कुमार के मुताबिक भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अथवा जहां महिलाओं और युवतियों का झुंड होगा वहां पर छेड़छाड़ और छींटाकशी की आशंका रहती है। ऐसे में महिलाएं अथवा युवतियां जहां ज्यादा होंगी वहां पर सादे कपड़ों में 130 महिला पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### भीड़ प्रबंधन एवं वीवीआईपी व्यवस्था

- स्टेडियम के सभी गेटों पर अलग-अलग प्रवेश/निकास व्यवस्था लागू की गई है।
- वीवीआईपी, खिलाड़ियों, मीडिया एवं आम दर्शकों के लिए पृथक मार्ग निर्धारित किए गए हैं।
- स्टेडियम के भीतर एवं बाहर स्ट्रैटेजिक पॉइंट्स पर पुलिस बूथ, मेडिकल बूथ एवं कंट्रोल यूनिट स्थापित हैं।

### जनता से अपील

- निर्धारित गेट एवं पार्किंग का ही उपयोग करें।
- सुरक्षा जांच में सहयोग करें।
- किसी भी संदिग्ध वस्तु/व्यक्ति की सूचना तत्काल पुलिस को दें।
- यातायात नियमों एवं डायवर्जन का पालन करें।
- मैच शुरू होने के दौरान और छूटने के बाद सामान्य लोग डायवर्जन का ध्यान रखें।

## पीजीआई में शिक्षिका समेत दो महिलाओं से सरेराह लूट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निजी स्कूल की शिक्षिका की खींची चेन
- कार्यालय जा रही महिला का मोबाइल छीना

**अमृत विचार :** पीजीआई क्षेत्र में बेखौफ लुटेरे लगातार पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। पंचमखेड़ा इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने निजी स्कूल की शिक्षिका की चेन लूट ली। छिनैती के दौरान गर्दन पर रगड़ लगने से महिला मामूली रूप से चोटिल हो गई। वहीं, सभाखेड़ा मोड़ पर दूसरी घटना में कार्यालय जा रही महिला का मोबाइल छीन लिया गया। सूचना पर पुलिस ने दोनों स्थानों पर पहुंचकर जांच शुरू की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

सरस्वतीपुरम मीरा पार्क निवासी सरिता एक निजी स्कूल में शिक्षिका हैं। 29 मार्च की दोपहर करीब डेढ़ बजे स्कूल से घर लौटते समय पंचमखेड़ा की गली में बाइक सवार दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनकी चेन खींच ली। सरिता ने शोर मचाते हुए पीछा किया, लेकिन बदमाश फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस को वह बाइक का नंबर नहीं बता सकीं। तहरीर के आधार पर पीजीआई पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

दूसरी ओर, आराधना यादव, जो कल्ली स्थित सभाखेड़ा में रहती हैं, 11 मार्च को ड्यूटी पर जाते समय बदमाशों का शिकार हो गईं। सभाखेड़ा मोड़ के पास बाइक सवार लुटेरों ने उनका मोबाइल छीन लिया। शोर मचाने के बावजूद आरोपी भाग निकले। पीड़िता ने पहले यूपी कॉप ऐप पर शिकायत की और बाद में 29 मार्च को थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## दो क्विंटल गांजा के साथ ट्रक चालक गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में एचसीएल चौराहे के पास एसटीएफ ने दो कुंतल गांजा लदा ट्रक पकड़कर चालक को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब 52 लाख रुपये आंकी गई है। एसटीएफ अब गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार सिंह के अनुसार, कई राज्यों से मादक पदार्थों की तस्करी कर लखनऊ और आसपास के जिलों में सप्लाई की सूचना मिल रही थी। इसी के आधार पर टीम सक्रिय थी। सोमवार रात सूचना मिली कि ओडिशा से ट्रक के जरिए भारी मात्रा में गांजा लाया जा रहा है। सुल्तानपुर रोड होते हुए ट्रक एचसीएल के पास सर्विस लेन पर पहुंचा, जहां एसटीएफ ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। तलाशी में ट्रक के भीतर बनाई गई गोपनीय कैविटी से 200 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। चालक के पास से ड्राइविंग लाइसेंस, मोबाइल, डेबिट कार्ड और 1650 रुपये भी मिले।



गांजा तस्कर व बरामद ट्रक। अमृत विचार

पूछताछ में चालक ने अपना नाम झारखंड निवासी अजीत बताया और स्वीकार किया कि वह पहले भी चार बार ओडिशा से गांजा ला चुका है। प्रत्येक खेप के लिए उसे 40 से 50 हजार रुपये मिलते थे। उसने गाड़ी मालिकों के नाम टीपू और तपन बताए हैं, जिनकी तलाश जारी है।

## ऑटो में महिला के बैग से चार लाख के जेवर चोरी, दौड़ाती रही पुलिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- चारबाग से लोहिया के बीच 24 आईटीएमएस कैमरे निष्क्रिय, महिला निरीक्षक पर अभद्रता का आरोप

**अमृत विचार :** ऑटो में सफर कर रही महिला का बैग काटकर चार लाख रुपये के जेवर चोरी कर लिए गए। घर पहुंचने पर बैग खोलने पर घटना का पता चला। जांच में चारबाग से लोहिया चौराहे के बीच लगे आईटीएमएस के 24 कैमरे निष्क्रिय मिले। पीड़िता के दिव्यांग पति को रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए गोमतीनगर और नाका कोतवाली के चक्कर लगाने पड़े। आरोप है कि नाका कोतवाली में महिला निरीक्षक ने उनसे अभद्रता कर भगा दिया।

गोमतीनगर बड़ी जुगौली निवासी शैलेश तिवारी की पत्नी नीतू 30 मार्च को कानपुर से लौटकर आलमबाग बस अड्डे से ई-रिक्शे से चारबाग मेट्रो पहुंचीं और वहां से ऑटो में बैठीं। ऑटो में दो युवक पीछे और एक चालक के पास बैठा था। चालक के कहने पर नीतू ने जेवर वाला बैग नीचे रख दिया। 1090 चौराहे के पास ऑटो खराब होने का बहाना कर यात्रियों की सीट बदली गई। लोहिया चौराहे पर उतरने के बाद घर पहुंचकर देखा तो बैग कटा मिला और जेवर गायब थे।

पीड़िता का आरोप है कि चालक की मिलीभगत से साथियों ने चोरी की। शिकायत पर पुलिस ने आईटीएमएस फुटेज जांचने को कहा, लेकिन कई प्रमुख चौराहों के कैमरे बंद मिले। दंपति ने कई थानों के चक्कर लगाए, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई। पुलिस चौकी पर कॉल करने पर भी असमर्थता जताई गई। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

## सिटी ब्रीफ

### इलाज के दौरान युवक की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट के बुद्ध विहार कॉलोनी में दो दिन पहले बहन के घर आये विशाल सिंह (20) जहरीला पदार्थ खा लिया था। उसे इलाज के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। युवक की मौत का कारण साफ न होने के कारण विसरा सुरक्षित रखा गया है। मूलत : बाराबंकी मालिनपुर के राम सनेही घाट निवासी विशाल सिंह परिवार के साथ रहता था। विशाल दो दिन पहले चिनहट के बुद्ध विहार कॉलोनी निवासी बहन सीमा के घर आया था। बहन के घर पर विशाल ने जहर खा लिया। अस्पताल प्रशासन ने युवक की मौत की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर चिनहट पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने परिजन से पूछताछ कर शव का पंचनामा भरा और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### फिनायल पी गया मासूम इलाज के दौरान मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मड़ियांव में सोमवार को मासूम ने धोखे में घर में रखा हुआ फिनायल पी लिया। बसंतनगर निवासी विपिन बाजपेई प्राइवेट नौकरी करते है। परिवार में पत्नी मामता और एक बेटी है। उन्होंने बताया कि बेटे भास्कर (6) की मानसिक हालत ठीक नहीं चल रही थी। उसका इलाज चल रहा था। सोमवार को भास्कर ने धोखे से घर पर रखा हुआ फिनायल पी लिया। कुछ देर बाद उसे खून की उल्टियां होने लगी। आनन-फानन में परिजन मासूम को लेकर ट्रॉमा सेंटर लेकर पहुंचे। देर रात इलाज के दौरान भास्कर की मौत हो गई। अस्पताल प्रशासन ने मासूम की मौत की खबर पुलिस को दी। जानकारी पर मड़ियांव पुलिस अस्पताल पहुंची। पुलिस ने परिजन से बात कर घटना की जानकारी ली। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। डॉक्टरों ने विसरा सुरक्षित कर लिया।

### यात्री के बैग में मिला कारतूस, गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईटी चौराहा मेट्रो स्टेशन पर एक युवक के बैग से 315 बोर का कारतूस मिलने पर हड़कंप मच गया। एक्सबीआईएस मशीन से स्कैनिंग के दौरान कारतूस दिखाई देने पर सुरक्षाकर्मियों ने युवक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। महानगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 30 मार्च को दोपहर करीब 1:24 बजे अंतेश्वर वर्मा निवासी लखीमपुर खीरी मेट्रो स्टेशन पहुंचा था। उस समय कंट्रोलर यामिनी ड्यूटी पर मौजूद थीं। युवक ने बैग स्कैनिंग के लिए मशीन में रखा, तभी कारतूस दिखाई दिया। तलाशी में कारतूस बरामद हुआ, लेकिन आरोपी लाइसेंस नहीं दिखा सका। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक अरुण प्रताप सरोज आरोपी को थाने ले गए। पुलिस ने आर्म्स एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कर ली है और कारतूस के स्रोत के साथ ही अन्य पहलुओं की जांच कर रही है।

### एफबी पर बनाया राज्य महिला आयोग की सदस्य का जाली अकाउंट

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य का फेसबुक पर फर्जी अकाउंट बनाया गया। इसके बाद आपत्तिजनक फोटो के साथ पोस्ट वायरल की गई। इस मामले में आयोग की सदस्य ने हुसैनगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। एसओ शिवमंगल सिंह ने बताया कि पीड़िता ने अपनी तहरीर में लिखा कि डॉ. अतुल सम्राट ने उनका फेसबुक फर्जी अकाउंट बनाया। अकाउंट पर उनकी फोटो का गलत इस्तेमाल किया गया। पोस्ट भी आपत्तिजनक लिखी गई। पोस्ट वायरल होने पर लोगों ने फोन कर घटना की जानकारी दी तब उन्हें पता चला। पुलिस साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच कर रही है।

**उलझी मौत की गुत्थी** — नहीं मार सकता बाईं कनपटी पर गोली, हत्या का आरोप

## परिजन बोले राइट हैंडर था डिप्टी बैंक मैनेजर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बैंक जाकर छानबीन करेगी गुडंबा पुलिस, कॉल डिटेल से छानबीन तेज

**अमृत विचार:** एक्सिस बैंक भूतनाथ शाखा के डिप्टी मैनेजर काजी अहमद जैद (34) की मौत की गुत्थी हत्या और आत्महत्या के बीच उलझ गयी है। परिजन का दावा है कि जैद राइट हैंडर था। वह सारे काम दाएं हाथ से करता था। ऐसे में वह बांयी कनपटी पर खुद को गोली कैसे मार सकता है? परिजन का कहना है कि गोली बाएं तरफ से लगी और दाएं तरफ से निकल गयी, आशंका है कि जैद की हत्या की गयी है। पुलिस ने जैद का मोबाइल कब्जे में ले लिया है। पुलिस ने कई बिंदुओं पर जांच शुरू कर दी है।

इंस्पेक्टर गुडंबा प्रभातेश श्रीवास्तव ने बताया कि मृतक के बड़े भाई काजी अहमद अजीज ने हत्या किए जाने की बात कही थी। उनसे तहरीर मांगी गयी है। मंगलवार रात तक मामले में कोई भी तहरीर थाने पर नहीं दी गयी है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी। फिलहाल जांच के क्रम में पुलिस कॉल डिटेल्स, व्हाट्सएप चैट व अन्य सोशल मीडिया का डेटा खंगाल रही है। मंगलवार को छुट्टी के कारण बैंक बंद थे। बुधवार को पुलिस टीम एक्सिस बैंक की शाखा में जाकर कर्मचारियों से पूछताछ करने के साथ ही छानबीन करेगी।

इंस्पेक्टर ने बताया कि मूल रूप से गोंडा जनपद के मनकापुर फरेंदा खुर्द गांव निवासी जैद कई सालों तक गोरखपुर जनपद में अबू बाजार में भी रहे। सोमवार सुबह कुर्सी रोड के आदिलनगर स्थित घर पर दूसरे माले पर कमरे के बाहर जैद का खून से लथपथ शव पड़ा मिला था। पास में ही अवैध पिस्टल भी पड़ी थी। पोस्टमार्टम में बायीं कनपटी से गोली लगने और दाएं से निकलने की पुष्टि हुई थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि बुधवार को जैद की पत्नी तैय्यबा से भी बातचीत कर बयान दर्ज किए जाएंगे।

## दोस्तों से ठगे 64.84 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर साइबर ठगों ने कारोबारी और उसके दोस्त से 64.84 लाख रुपये ठग लिए। जालसाजों ने कॉल कर संपर्क किया और क्रिप्टो करेंसी ट्रेडिंग में निवेश पर अधिक मुनाफे का लालच दिया। इसके बाद पीड़ित और उसके मित्र से कुल सात डीमैट अकाउंट खुलवाए गए और अलग-अलग किस्तों में रकम ट्रांसफर कराई गई। मुनाफा न मिलने पर छानबीन करने पर ठगी का खुलासा हुआ। पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर बृजेश यादव ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

इंदिरानगर सेक्टर-8 निवासी कारोबारी अभिनव सुल्तानिया के अनुसार, विकास चौधरी नाम के व्यक्ति ने खुद को मल्टी लेवल मार्केटिंग आधारित क्रिप्टो ट्रेडिंग और माइनिंग कंपनी से जुड़ा बताया। उसने कंपनियों को फॉरेक्स विशेषज्ञ लविश चौधरी की बताते हुए 15 प्रतिशत मासिक लाभ का दावा किया। झांसे में आकर अभिनव ने चार और उसके मित्र ने तीन डीमैट अकाउंट खोले। जालसाज रुपये ट्रांसफर कराकर क्रिप्टो खरीदने का दावा करते रहे। शुरुआत में मुनाफा दिखाया गया, लेकिन फरवरी तक निकासी न होने पर शक हुआ। जांच में लविश चौधरी के खिलाफ कई राज्यों में मामले दर्ज होने की जानकारी मिली। पुलिस ने धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## प्लाट के नाम पर एनआरआई से ठगे 28.50 लाख, घर पर किया पथराव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- धोखे का पता चलने पर छुट्टी लेकर जर्मनी से लौटे, डरकर घर में हुए कैद, छूटी नौकरी
- पीजीआई थाने में दंपति समेत पांच पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** जालसाज दंपति ने परिवार के साथ मिलकर जर्मनी में रह रहे एनआरआई व सॉफ्टवेयर इंजीनियर से कम कीमत पर प्लॉट दिलाने के नाम पर 28.50 लाख रुपये ठग लिए।

तेलीबाग बाजार स्थित गफ्फार बिल्डिंग निवासी जुनैद जर्मनी की एक कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। जनवरी 2022 में उनका संपर्क मो. मुजीब, नसरीन अहमद, इम्तियाज अहमद, परवीन और मो. इशाक से हुआ। आरोपियों ने पहले प्लॉट की कीमत 57 लाख रुपये बताई, बाद में सौदा 28.50 लाख रुपये में तय किया। मार्च 2022 में दस्तावेजों की जांच में प्लॉट की वास्तविक कीमत 21.31 लाख रुपये सामने आई, जबकि आरोपियों ने रकम लेकर भी रजिस्ट्री नहीं की और टालमटोल करते रहे।

पीड़ित फरवरी में स्वदेश लौटे और रुपये मांगे तो आरोपियों ने धमकाया। उनका कहना है कि संदिग्ध लोग पीछा करते थे और जान से मारने की धमकी देते थे। पांच मार्च की रात घर पर पथराव किया गया, जिससे वे दहशत में आ गए और मकान छोड़कर दूसरी जगह रहने को मजबूर हैं। डायल-112 पर सूचना के बावजूद पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की।

पीड़ित का कहना है कि लखनऊ में फंसे रहने से उनकी नौकरी छूट गई और जर्मनी में इंटरव्यू भी छूट रहे हैं। उन्होंने सुरक्षित एयरपोर्ट तक पहुंचाने की मांग की है। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# भाषा विश्वविद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की मिली स्वीकृति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय को शैक्षणिक सत्र 2025–26 के अंतर्गत अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) के क्षेत्र में उपलब्धि हासिल हुई है। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में प्रस्तावित 10 शोध परियोजनाओं में से एक सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस सहित अनेक परियोजनाओं को उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई है।

- रामायण के फारसी अनुवाद से स्टार्टअप की चुनौतियों तक शोध
- विवि के कई शिक्षकों की शोध परियोजनाओं को मिली मंजूरी

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के डॉ. शचीन्द्र शेखर को "आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत स्वास्थ्य संचार की उत्कृष्टता" विषय पर सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस के रूप में 3.50 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की गई है। शिक्षा शास्त्र विभाग की डॉ. नालिनी मिश्रा को "ग्रामीण क्षेत्रों में किशोरियों के बीच शैक्षिक जागरूकता को बढ़ावा" विषय पर 3.50 लाख की शोध परियोजना प्रदान की गई है। यह परियोजना ग्रामीण किशोरियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, सामाजिक एवं संरचनात्मक बाधाओं की पहचान करने तथा उनके समाधान हेतु प्रभावी रणनीतियाँ विकसित करने पर केंद्रित है।

विश्वविद्यालय के डॉ. सैयद काजिम असगर रिजवी को "स्वच्छ भारत मिशन के संदर्भ में मीडिया की भूमिका" विषय पर शोध अनुदान प्रदान किया गया है।

फारसी विभाग के डॉ. आरिफ अब्बास को "रामायण के फारसी अनुवादों का वर्णनात्मक अध्ययन" विषय पर सहायता दी गई है, जिससे भारतीय एवं फारसी साहित्यिक परंपराओं के अंतर्संबंधों को नई दृष्टि मिलेगी।

व्यवसाय एवं प्रशासन विभाग के प्रो. मुशीर अहमद को "दिव्यांगजनों हेतु सरकारी योजनाओं की प्रभावशीलता बढ़ाने के उपाय" विषय पर परियोजना प्रदान की गई है। वहीं प्रो. सैय्यद हैदर अली को "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के कार्यान्वयन में अवसंरचनात्मक एवं शैक्षणिक चुनौतियाँ" विषय पर शोध हेतु स्वीकृति दी गई है।

## 15.80 लाख की धनराशि हुई स्वीकृत

- शोध निदेशक प्रो. चन्दना डे के अनुसार विश्वविद्यालय के 5 विभागों को विभिन्न शोध परियोजनाओं के लिए कुल रुपये 15.80 लाख की धनराशि स्वीकृत की गई है। प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग की 'रिसर्च एंड डेवलपमेंट योजना' के अंतर्गत विश्वविद्यालय के चार शिक्षकों को शोध एवं शैक्षणिक नवाचार के लिए अनुदान स्वीकृत किया गया है। शिक्षा शास्त्र विभाग की डॉ. श्वेता अग्रवाल को बाराबंकी जनपद के गैर सरकारी डिग्री कॉलेजों की स्थिति के अध्ययन हेतु रुपए 2.30 लाख की राशि प्रदान की गई है। जबकि अर्थशास्त्र विभाग के डॉ. उधम सिंह को लखनऊ के स्टार्टअप्स की चुनौतियों एवं संभावनाओं पर शोध के लिए रुपये 2.50 लाख स्वीकृत किए गए हैं।

## सिविल की निदेशक डॉ. कजली सेवानिवृत्त

**अमृत विचार, लखनऊ:** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविल चिकित्सालय की निदेशक डॉ. कजली गुप्ता मंगलवार को सेवानिवृत हो गईं। वहीं, एडी मंडल व वरिष्ठ ऑर्थो सर्जन डॉ. जीपी गुप्ता ने निदेशक पद का कार्यभार ग्रहण किया। विदाई व सम्मान समारोह में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवेश चंद्र पांडे, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसआर सिंह, चीफ फार्मासिस्ट सुनील यादव, जीसी दुबे, सरवन चौधरी, आनंद प्रकाश मिश्रा, महेंद्र रावत, रजनीश पांडे मौजूद रहे।

## सिटी ब्रीफ



पीसीएच में चयनित विद्यार्थी।

### सीएमएस के दो छात्र पीसीएस में चयनित

**अमृत विचार, लखनऊ:** पीसीएस–2024 में सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस के दो छात्रों कात्यायन राजमीत उपाध्याय (रैंक 73) व शिवाली सिंह (रैंक 103) ने सफलता पाई है। कात्यायन राजमीत असिस्टेन्ट कमिश्नर, जीएसटी व शिवाली सिंह नायब तहसीलदार के पर चयनित हुए हैं। संस्थापिका–निदेशिका डॉ. भारती गांधी ने नके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### मानव तस्करी रोकथाम पर कार्यशाला हुई

**अमृत विचार, लखनऊ:** अनुसंधान अभिकल्प व मानक संगठन के ऑडिटोरियम में मंगलवार को मानव तस्करी (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग) विषय पर रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे की ओर से कार्यशाला का आयोजन किया गया। आरपीएफ और राष्ट्रीय महिला आयोग के बीच हुए एमओयू के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में आरपीएफ व आयोग के समन्वय पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्षा विजया किशोर रहीं। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के उत्कृष्ट कार्य करने वाले आरपीएफ और जीआरपी कर्मियों को सम्मानित किया गया। कानूनी विशेषज्ञ निशिकांत, मदद फाउंडेशन के संस्थापक राजेश मणि, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त अरुण त्रिपाठी, डॉ. बबीता सिंह चौहान, सत्य प्रकाश, गौरव अग्रवाल उपस्थित रहे।

### शकुंतला विवि में हुआ कला उत्सव

**अमृत विचार, लखनऊ:** डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के ललित कला विभाग में आयोजित दो दिवसीय कला उत्सव में कला के विविध आयामों पर मंथन हुआ। मुख्य अतिथि काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कला इतिहास विभाग के आचार्य शांति स्वरूप सिन्हा ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। आचार्य मनीष अरोड़ा ने अपने वक्तव्य में कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आज कला के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। आचार्य अमरेश कुमार ने मूर्तिकला में मिट्टी के महत्व पर प्रकाश डाला। अध्यक्षता प्रो. पी. राजीव नयन ने की। संचालन डॉ. अवधेश मिश्र ने किया। आचार्य शांति स्वरूप सिन्हा

### आज ठीक होगी लिफ्ट, पहुंचा सामान

**अमृत विचार, लखनऊ:** कुर्सी रोड स्थित सृष्टि अपार्टमेंट की खराब लिफ्ट का 12वें दिन एलडीए और संबंधित कंपनी ने संज्ञान लिया। मंगलवार को बेल्ट और अन्य उपकरण मंगाए गए। बुधवार को लिफ्ट की मरम्मत की जाएगी। इससे आवंटियों को राहत मिलेगी। जी–ब्लॉक टॉवर की बड़ी लिफ्ट बेल्ट टूटने की वजह से खराब हो गई थी। आवंटियों के शिकायत करने पर एलडीए और संबंधित कंपनी ने सुध नहीं ली। इस कारण 12 दिन तक लिफ्ट बंद होने से लोगों को जीने का सहारा लेना पड़ा। बच्चों, महिलाओं, बुजुर्ग और मरीज परेशान रहे। मंगलवार को मामला तूल पकड़ा तो मरम्मत के लिए बेल्ट और अन्य उपकरण कंपनी द्वारा मंगाए गए। बुधवार को मरम्मत करके संचालन किया जाएगा।




भगवान महावीर जयंती पर जैन मंदिर से निकाली गई शोभायात्रा में बग्घी पर भगवान की झांकियां। अमृत विचार

# पालकी पर निकले भगवान महावीर

## चारबाग जैन मंदिर से डीजे-बैंड के साथ घोड़े व बग्घियों पर निकाली गईं झांकियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी की जयंती मंगलवार को चारबाग जैन मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। घोड़े, बग्घियां, बैंड और डीजे के साथ पालकी में भगवान महावीर की मूर्ति विराजमान थी। सैकड़ों की संख्या में समाज के महिला, पुरुष तुमसे लागी लगन, महावीर जयंती आई है और बच्चा-बच्चा करे पुकार भजन पर थिरकते हुए चल रहे थे। नाका हिंडोला, फतेहगंज, गणेशगंज और अमीनाबाद रोड से होते हुए शोभायात्रा मंदिर परिसर में समाप्त हुई।

श्री जैन धर्म प्रवर्धनी सभा के सभापति अरविंद कुमार जैन की अध्यक्षता में यात्रा का आयोजन किया गया। शाम को डालीगंज स्थित महावीर पार्क में धर्मसभा और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजेश पाठक रहे, जिन्होंने लोगों से महावीर स्वामी के आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान मंजू श्री की ओर से सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। वहीं, अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद के अनुसार 2 अप्रैल को 11 असहाय और दिव्यांग मरीजों को ट्राई-साइकिल और 7 व्हीलचेयर वितरित की जाएंगी। इसी दिन शाम 6 बजे चौक स्थित खुन-खुन जी कोठी के सामने विराट कवि सम्मेलन आयोजित होगा।



भगवान महावीर की पालकी को कंधों पर उठाए जैन धर्मावलंबी। अमृत विचार

# हनुमान जयंती पर कल चित्रा नक्षत्र का संयोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हनुमान जयंती गुरुवार को मनाई जाएगी। चैत्र माह की पूर्णिमा 1 अप्रैल को प्रातः 07:06 बजे से 2 अप्रैल को प्रातः 07:41 बजे तक रहेगी। उदयातिथि में जयंती 2 अप्रैल गुरुवार को मनाना शुरू माना गया है। गुरुवार को चित्रा नक्षत्र का विशेष संयोग भी बन रहा है।

ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि मान्यता है कि भगवान शिव के 11वें रुद्र अवतार हनुमान जी का जन्म माता अंजना के गर्भ से हुआ था। जन्म का समय दिन में माना जाता है। कलयुग में सर्वाधिक पूजनीय हनुमान जी को संकटमोचन, बजरंगबली, पवन पुत्र, महावीर और आंजनेय नामों से भी जाना जाता है।

हनुमान जयंती के दिन भक्त व्रत रखकर श्रीराम, मां सीता, लक्ष्मण और हनुमान जी की पूजा करते हैं। सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ विशेष फलदायी माना गया है। पूजा में लाल वस्त्र, सिंदूर, चमेली का तेल, लाल फूल और बेसन के लड्डू अर्पित करने से हनुमान जी शीघ्र प्रसन्न होते हैं। इस दिन मंगल ग्रह का राशि परिवर्तन भी विशेष महत्व रखता है। पूजा के लिए अभिजीत मुहूर्त 11:45 बजे से 12:35 बजे तक श्रेष्ठ रहेगा। हनुमान जी की आराधना से बल, बुद्धि, साहस और संकटों से मुक्ति प्राप्त होती है।

## लविवि में पीएचडी में प्रवेश के लिए दी परीक्षा

**अमृत विचार, लखनऊ:** लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2025-26 के लिए अंतिम दिन 31 मार्च को दो शिफ्टों में परीक्षा हुई। पहली पाली में 13 विषयों के लिए विधि विषय में सर्वाधिक 642 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। इसमें 191 अनुपस्थित रहे। शिक्षा विषय में 335 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 103 अनुपस्थित रहे। समाजशास्त्र में 307 अभ्यर्थी उपस्थित और 76 अनुपस्थित रहे। अर्थशास्त्र में 163 उपस्थित और 56 अनुपस्थित रहे। ललित कला में 26 अभ्यर्थी उपस्थित और 23 अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में 9 विषयों की परीक्षा हुई। वाणिज्य विषय में 310 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी और 89 अनुपस्थित रहे। मनोविज्ञान में 115 अभ्यर्थी उपस्थित हुए और 44 अनुपस्थित रहे। वनस्पति विज्ञान में 187 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जबकि 43 अनुपस्थित रहे। मध्यकालीन एवं आधुनिक इतिहास में 190 अभ्यर्थी उपस्थित हुए और 56 अनुपस्थित रहे। इन विषयों में भी अभ्यर्थियों की उपस्थिति संतोषजनक रही और परीक्षा का संचालन सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुलपति प्रो. जे.पी. सैनी ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करने के बाद सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन और शिक्षकों को बधाई दी।



केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।

# मराठी, मैथिक और हिमाचली गीतों पर छात्राओं ने किया नृत्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में छात्रावास दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्योत्तमा, सोनम, सुमेधा एवं रोली के स्वागत गीत के बाद छात्राओं के सामूहिक नृत्य किया।

समृद्धि देशपांडे ने मराठी गीत पर प्रस्तुत किया। प्रियंसी ने नृत्य और सुभदा, सुमेधा और रोली ने सामूहिक गान किया। नेपाली, हिमाचली, मैथिली गीतों पर भी नृत्य प्रस्तुत किए गए। मैथिली में अलका और श्रुति ने प्रस्तुति दी। आदित्य तिवारी, माधवेश, कृष्णा पी. ने साथियों संग भांगड़ा किया। आनंदी और प्रतीक्षा सरकार ने राजस्थानी कालबेलिया नृत्य किए। आराध्या मिश्रा ने भजन, प्रेरणा, रुचि, वैष्णवी और कशिश ने घूमर नृत्य किया। परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा, डॉ. शेषमणि शुक्ल मौजूद रहे। संचालन सृष्टि शर्मा एवं समृद्धि देशपांडे ने किया

## सिटी डायरी



होली मिलन में एसबीआई पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्य।

### स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन का होली मिलन समारोह

**अमृत विचार, लखनऊ:** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया पेंशनर्स एसोसिएशन ने मुख्य शाखा परिसर में होली मिलन और सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इसके बाद सदस्यों ने गीत प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि महाप्रबंधक अनिल कुमार ने कहा कि ऐसे आयोजन पेंशनर्स के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होते हैं तथा बैंक उनके हितों की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। एसोसिएशन के महामंत्री अतुल स्वरूप ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आपसी संवाद और ऊर्जा का संचार करते हैं। करीब 300 पेंशनर्स की उपस्थिति रहे। अध्यक्ष दिनेश चंद्र और संचालन संजीव अग्रवाल ने किया।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते छात्र–छात्राएं।

### सीएमएस में 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ:** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अयोध्या रोड कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महिला कल्याण, बाल विकास एवं पोषण मंत्री बेबीरानी मौर्य ने उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि सीएमएस का पूरे देश में एक अलग मुकाम है। यह वह स्कूल है जो भावी पीढ़ी को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के साथ उनके विचारों को परिष्कृत कर देश व समाज के लिए रचनात्मक योगदान हेतु प्रेरित करता है। विशिष्ट अतिथि ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर बबलू कुमार ने कहा कि इस प्रकार के समारोह बच्चों की प्रतिभा को निखारने व उनमें सकारात्मक विचारों के पोषण हेतु अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं।




शिक्षकों व अतिथियों के साथ मेधावी।

### टीडी गर्ल्स इंटर कॉलेज में पुरस्कार वितरण किया

**अमृत विचार, लखनऊ:** गोमती नगर स्थित टीडी गर्ल्स इण्टर कालेज में सत्र 2025–26 का परीक्षाफल वितरण राज्यमंत्री जितेन्द्र बहादुर सिंह ने किया। प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले बच्चों को शील्ड व प्रमाण पत्र दिए गए। इसके पहले प्रधानाचार्या लक्ष्मी सिंह, प्रबन्धक महादेव प्रसाद यादव तथा संरक्षक आईडी यादव ने मंत्री का स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि शुभ्रा अस्थाना ने सर्वाधिक उपस्थिति रहने वाले बच्चों को वितरित कर सभी अभिभावको को धन्यवाद दिया।



भजन रिलीज करते मुख्यमंत्री योगी, साथ में नीरज बोरा, बिंदु बोरा व अन्य।

### डॉ. नीरज बोरा का श्याम भजन रिलीज

**अमृत विचार, लखनऊ:** विधायक डॉ. नीरज बोरा के नए श्याम भजन 'बस आए श्याम नजर है' का लोकार्पण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया गया। डॉ. बोरा ने सुमधुर आवाज से इसे जीवंत किया है। भजन शिवम श्रीवास्तव ने लिखा है। प्रोजेक्ट का निर्माण वत्सल बोरा ने किया है। कोरस में बिंदु बोरा, शिवम श्रीवास्तव, विपिन गुप्ता, पंकज चाहर, मधु पाठक मांझी, प्रीतू और प्रिंस ने संगीत दिया है।

## सेमिनार

डॉ. आंबेडकर महासभा ट्रस्ट ने उद्यान भवन में 'विश्व युद्ध के खतरे और बुद्ध की प्रासंगिकता' पर की गई चर्चा

# दुनिया को युद्ध नहीं, बुद्ध के शांति संदेश की जरूरत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** डॉ. आंबेडकर महासभा ट्रस्ट ने मंगलवार को उद्यान भवन में 'विश्व युद्ध के खतरे और बुद्ध की प्रासंगिकता' विषय पर सेमिनार का आयोजन किया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में दुनिया को युद्ध नहीं बल्कि भगवान गौतम बुद्ध के शांति संदेश की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत की सनातन परंपरा 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना पर आधारित है, जिसमें संपूर्ण सृष्टि को एक परिवार माना जाता है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत में प्रकृति, पशु-पक्षी और पर्यावरण के प्रति सम्मान की परंपरा रही है, लेकिन वर्तमान वैश्विक हालात चिंताजनक हैं। ऐसे समय में पूरी मानवता की रक्षा के लिए भारत को नेतृत्व करना होगा, क्योंकि बुद्ध का शांति संदेश इसी धरती से विश्व में फैला है। इससे पहले सेमिनार में आधार पत्र प्रस्तुत करते हुए पूर्व राज्यमंत्री एवं विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल ने कहा कि दुनिया आज विश्व युद्ध के मुहाने पर खड़ी है। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध, मध्यपूर्व में बढ़ते इजराइल-ईरान तनाव और चीन-ताइवान विवाद को प्रमुख खतरे बताते हुए कहा कि इन परिस्थितियों से वैश्विक ऊर्जा संकट और आर्थिक अस्थिरता गहराने की आशंका है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और रूस के बीच 'न्यू स्टार्ट' संधि के समाप्त होने से हथियारों की होड़ तेज हो गई है और परमाणु शक्ति संपन्न देश अपने भंडार बढ़ा रहे हैं। यदि विश्व युद्ध भड़का तो इसका प्रभाव पहले से कहीं अधिक विनाशकारी होगा, जिससे मानवता, पर्यावरण और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गंभीर संकट आएगा। डॉ. आर.एस. कुरील, दिलीप अग्निहोत्री, संतोष वाल्मीकि, आर.आर. जैसवार और मनीष वर्मा सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए। संचालन प्रमोद कुमार ने किया।



बुके देकर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का स्वागत करते सदस्य विधान परिषद व अन्य।

### उप मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का किया अवलोकन

**अमृत विचार, लखनऊ:** भाजपा महानगर इकाई की ओर से संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत कैंट मंडल में प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एवं महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं और उपलब्धियों, सांसद एवं विधायकों जरिए कराए गए विकास कार्यों, साथ ही पार्टी के इतिहास और विचारधारा को दर्शाया गया। मीडिया प्रभारी अनुराग साहू के अनुसार कार्यक्रम में महामंत्री धनश्याम दास अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनायक पांडेय, राकेश श्रीवास्तव, अमित गुप्ता, सतीश आडवाणी, हरशरण लाल गुप्ता, मान सिंह, नामित पार्षद संतोष बलखंडी, कैंट मंडल दो के अध्यक्ष महेंद्र राजपूत, मंडल महामंत्री कुलदीप मिश्रा, पवन लोधी एवं वार्ड अध्यक्ष लक्ष्मी सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में लविवि को मिले सर्वाधिक शोध प्रोजेक्ट ग्रांट

## प्रदेश के 7 विश्वविद्यालयों के लिए ढाई करोड़ की धनराशि मंजूर, लखनऊ विश्वविद्यालय को मिले 91 लाख 64 हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



- 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' योजना के तहत मिली बजट की स्वीकृति

**अमृत विचारः** शोध और नवाचार में प्रदेश के अन्य विश्वविद्यालयों से लंबी लकीर खींचते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय ने अकादमिक मानचित्र पर अपनी श्रेष्ठता स्थापित की है। प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा घोषित 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' योजना के तहत विश्वविद्यालय को राज्य के अन्य विश्वविद्यालयों की तुलना में सर्वाधिक शोध परियोजनाओं और भारी-भरकम बजट की स्वीकृति मिली है। शासन की विशेषज्ञ समिति (एक्सपर्ट पैनल) द्वारा गहन परीक्षण के बाद एलयू के प्रस्तावों को सबसे उच्च श्रेणी का माना गया है।

शासन ने प्रदेश के कुल 7 विश्वविद्यालयों के लिए 2,47,02,820 रुपए की कुल धनराशि मंजूर की है। लखनऊ विश्वविद्यालय इस सूची में 19 महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स के साथ सबसे आगे खड़ा है। तुलनात्मक रूप से देखे तो आगरा के डॉ. भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय को मात्र 2, डीडीयू गोरखपुर को 1 और चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ को केवल 5 प्रोजेक्ट्स ही मिल सके हैं।

**इन्हें भी मिले शोध प्रोजेक्ट ग्रांट**–डॉ. परमजीत सिंह, जूलॉजी- एंटी कैंसर केमिकल- 4 लाख रुपए, डॉ. तृप्ति यादव, जूलॉजी- लेडीबर्ड कीट-4 लाख रुपए, डॉ. संजय कुमार गौतम, केमिस्ट्री- आर्गमेटालिक केमिस्ट्री- 5,17,000 रुपए इसके अलावा डॉ. अजय सिंह, बॉटनी, डॉ. भरत कुमार, केमिस्ट्री, प्रो. अमिता कनौजिया, जूलॉजी, डॉ. आदित्य आभा सिंह, बॉटनी, हादिया हुसैन, जूलॉजी, डॉ. सीमा मिश्रा, केमिस्ट्री, डॉ. राजेश कुमार खरवार, जूलॉजी, डॉ. सुषमा मिश्रा, सोशियोलॉजी, डॉ. अनविता वर्मा, सोशल वर्क, डॉ. शालिनी पाठक, वेस्टर्न हिस्ट्री, डॉ. अर्चना तिवारी, वेस्टर्न हिस्ट्री को भी प्रदेश सरकार की ओर से अनुदान स्वीकृत किया गया है।

### प्रमुख शोध परियोजनाएं

#### कृषि और खाद्य सुरक्षा

- डॉ. मधु कांबले (बायोकेमिस्ट्री) अनाज भंडारण के कीटों के सुरक्षित प्रबंधन पर 9.79 लाख रुपए के प्रोजेक्ट पर कार्य करेंगी। डॉ. अजय सिंह (बॉटनी) फसलों में भारी धातुओं के तनाव को कम करने के लिए सेलेनियम नैनोपार्टिकल्स के उपयोग पर 10.40 लाख की ग्रांट के साथ शोध करेंगे।

#### पर्यावरण और प्रदूषण

- डॉ. आदित्य आभा सिंह (बॉटनी) लखनऊ जैसे शहरीकृत शहर में पार्टिकुलेट मैटर प्रदूषण और पौधों की सहनशीलता पर 10.40 लाख रुपए के बजट के साथ अध्ययन करेंगी। डॉ. सीमा मिश्रा (केमिस्ट्री) गंगा जल में हानिकारक उप-उत्पादों के वितरण और स्वास्थ्य जोखिमों का आकलन करेंगी।

#### सामाजिक उत्थान

- डॉ. अनविता वर्मा (सोशल वर्क) द्वारा दलित महिलाओं के सशक्तिकरण में ''प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना'' की भूमिका का अध्ययन किया जाएगा।

इसके अलावा, डॉ. शालिनी पाठक और डॉ. अर्चना तिवारी (वेस्टर्न हिस्ट्री) भारत की ''लुक ईस्ट'' से ''एक्ट ईस्ट'' नीति और भारत-इजराइल संबंधों जैसे अंतरराष्ट्रीय विषयों पर शोध करेंगी।

#### तकनीक और संचार

- प्रो. मुकुल श्रीवास्तव (मास कम्युनिकेशन) भारत में सोशल मीडिया और आधुनिक पत्रकारिता के बदलते स्वरूपों का विश्लेषण करेंगे, जिसके लिए 5.45 लाख की धनराशि आवंटित की गई है।



प्रमाण पत्र के साथ बच्चे। अमृत विचार

## कैंप में बच्चों ने सीखीं टेनिस की बारीकियां

**अमृत विचार, लखनऊः** ओमेक्स सिटी स्थित प्ले एन फिट टेनिस अकादमी की ओर से आयोजित निःशुल्क टेनिस प्रशिक्षण शिविर का मंगलवार को समापन हुआ। 26 से 31 मार्च तक चले इस कैंप में 4 से 14 वर्ष तक के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को चरणबद्ध तरीके से टेनिस की तकनीक सिखाई गई। पहले दिन 'फोरहैंड', दूसरे दिन 'बैकहैंड', तीसरे दिन 'सर्व' और 'वॉली' का अभ्यास कराया गया। अंतिम दो दिनों में प्रतिभागियों के बीच रोमांचक मैच आयोजित किए गए, जिससे बच्चों को अपनी सीखी हुई तकनीकों को व्यवहार में लाने का अवसर मिला। अकादमी के संस्थापक मोहम्मद उबैद ने समापन समारोह में बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए।

### परीक्षा की घड़ी



नेशनल पीजी कॉलेज से उत्तर प्रदेश पीसीएस की मुख्य परीक्षा देकर बाहर निकलते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

# बच्चों की सुरक्षा के लिए चलेगा विशेष फिटनेस अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिवहन विभाग चलाएगा विशेष अभियान
- यूपी-आईएसवीएमपी पोर्टल पर विवरण अंकन अनिवार्य

**अमृत विचारः** योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने दोहरी पहल शुरू की है। इसके तहत 1 अप्रैल से 15 अप्रैल तक प्रदेशव्यापी विशेष फिटनेस अभियान चलाया जाएगा और साथ ही सभी स्कूली वाहनों का विवरण यूपी-आईएसवीएमपी पोर्टल पर दर्ज करना अनिवार्य किया गया है। यह अभियान आज से प्रभावी हो गया है।

प्रदेश सरकार ने छात्रों की सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए यह निर्णय लिया है। अभियान के दौरान शत-प्रतिशत स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच की जाएगी, जिसमें पंजीकरण, परमिट, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र और वाहनों की भौतिक स्थिति का परीक्षण शामिल होगा। जिन वाहनों की फिटनेस में त्रुटि पाई जाएगी, उनकी फिटनेस तत्काल निरस्त कर संशोधित प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त बिना परमिट या नियमों के विरुद्ध संचालित वाहनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान की दैनिक प्रगति रिपोर्ट क्यूआर कोड आधारित पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। पहली बार विकसित किया गया यूपी इंटेग्रेटेड स्कूल व्हीकल मैनेजमेंट पोर्टल (यूपी-आईएसवीएमपी) एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जहां स्कूली वाहनों का पंजीकरण, दस्तावेजों की निगरानी और वैधानिक अनुपालन की ऑनलाइन मॉनिटरिंग होगी।

परिवहन आयुक्त किंजल सिंह ने बताया कि इस पहल से स्कूली बच्चों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित होगी और अवैध रूप से संचालित वाहनों पर प्रभावी रोक लगेगी। वहीं आरटीओ प्रवर्तन प्रभात पाण्डेय ने बताया कि पोर्टल पर प्रत्येक स्कूल को चालक और स्कूल वाहनों का विवरण दर्ज करना आवश्यक है। पोर्टल पर विवरण अपलोड होने के बाद परिवर्तन दल स्कूली वाहनों और चालक के दस्तावेज की जांच करेगा।

## स्कूलों की प्रार्थना सभा में समाचार पत्र पढ़ना होगा अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अखबार से छात्र-छात्राओं को सम-सामयिक घटनाओं, खेलकूद की खबरें बताई जाएंगी

**अमृत विचारः** माध्यमिक विद्यालयों में नए सत्र का आरंभ अब समाचार पत्रों को पढ़ने के साथ होगा। विद्यालय में छात्रों के मोबाइल पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा जिससे उनकी स्क्रीन टाइमिंग को कम किया जा सके। नए सत्र में शैक्षणिक गतिविधि का आरंभ स्कूल की प्रार्थना सभा में समाचार पढ़ने के साथ की जाएगी। जिसमें छात्रों को सम-सामयिक घटनाओं, सामान्य ज्ञान, खेलकूद की खबरों के साथ विज्ञान और अंतरराष्ट्रीय समाचारों से अवगत कराया जाएगा। साथ ही छात्र-छात्राओं को हिंदी, अंग्रेजी के कठिन शब्द उनके अर्थ, उच्चारण और प्रयोग आदि को भी बताया जाएगा।

विद्यार्थियों की पढ़ने की आदत विकसित करने और उनके स्क्रीन टाइम पर लगाम लगाने के लिए समाचार पढ़ने को अब शैक्षिक कैलेंडर का हिस्सा बना दिया गया है। इससे पहले दिसंबर में अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा ने सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए समाचार पढ़ना अनिवार्य करने का आदेश जारी किया था। अब शिक्षकों की निगरानी में विद्यार्थी समाचारों में आए कठिन शब्दों का सही उच्चारण करेंगे और उनका अर्थ भी समझेंगे।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव भगवती सिंह ने प्रदेश के सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों और मंडलीय शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया है कि विद्यालयों में छात्रों के मोबाइल लाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। किशोरावस्था में मोबाइल का अत्यधिक उपयोग बच्चों के शारीरिक, मानसिक और नैतिक विकास पर प्रतिकूल असर डाल रहा है।

# लक्ष्य से ज्यादा लिए नमूने छह पर दर्ज कराई रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीते वर्ष में कृषि विभाग ने गड़बड़ी पर 17 लाइसेंस भी निरस्त किए

**अमृत विचार :** जिले में कृषि विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में अभियान चलाकर लक्ष्य से अधिक उर्वरक और कीटनाशक के सैंपल लिए। मिलावटी, नकली, ओवररेटिंग और टैगिंग पर कार्रवाई करते हुए शिकंजा कसा। इसका किसानों को लाभ मिला।

अपर जिला कृषि अधिकारी हर्षित त्रिपाठी ने बताया कि पूरे वर्ष उर्वरक बिक्री पर ज्यादा फोकस रहा। लक्ष्य 149 सैंपल के सापेक्ष छापेमारी करके 151 उर्वक के सैंपल लिए। 193 कीटनाशक सैंपल के सापेक्ष 223 सैंपल लिए और गड़बड़ी पर 17 लाइसेंस निरस्त करके छह विक्रेताओं पर एफआईआर कराई। कार्रवाई से काफी सुधार आया। वित्तीय वर्ष 2025-26 की प्रगति अच्छी रही। खासकर सरकारी योजनाओं से खेती का रकबा बढ़ा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 क्लोज करके नये वित्तीय वर्ष 2026-27 की शुरुआत कर दी।

रबी का आच्छादन लक्ष्य 1,01,639 हेक्टेयर था और 1,01,647 हेक्टेयर पूर्ति की है। इसी तरह खरीफ में आच्छादन 40,399 हेक्टेयर लक्ष्य के सापेक्ष 44,778 हेक्टेयर पूर्ति की है। किसानों को कुल 36,562 केसीसी बनाकर लाभान्वित किया है। पूरे वर्ष खरीफ में यूरिया 32,038 एमटी, डीएपी 6,329 एमटी, एनपीके 1,299 एमटी और रबी में यूरिया 32,460 एमटी, डीएपी 11,040 एमटी, एनपीके 4,220 एमटी वितरित की है।

# यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन अब 4 अप्रैल तक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की समय सीमा बढ़ी
- लखीमपुर खीरी, सीतापुर, रायबरेली में मूल्यांकन शतप्रतिशत पूरा
- लखनऊ में राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, शाहमीना रोड में भी मंगलवार को मूल्यांकन कार्य पूर्ण

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने बोर्ड परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 4 अप्रैल कर दी है। सचिव भगवती सिंह ने इस संबंध में सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश जारी किए हैं। दूसरी ओर, लखनऊ मंडल के लखीमपुर खीरी, सीतापुर और रायबरेली में मूल्यांकन कार्य शतप्रतिशत पूरा हो चुका है, जबकि लखनऊ में राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, शाहमीना रोड में भी मंगलवार को मूल्यांकन कार्य पूर्ण कर लिया गया।

मंडल के 17 मूल्यांकन केंद्रों पर काम समाप्त हो चुका है और अब केवल 6 केंद्रों पर एक दिन का कार्य शेष है। मंगलवार को 60,925 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया गया। अब तक कुल 22,93,157 उत्तर पुस्तिकाओं की जांच पूरी हो चुकी है। संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार के नेतृत्व में मंडलीय कंट्रोल रूम लगातार निगरानी कर रहा है।



डॉ. दिनेश कुमार, नोडल अधिकारी, मंडलीय कंट्रोल रूम। ● अमृत विचार

कंट्रोल रूम के नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार के अनुसार, मंगलवार तक 99.52 प्रतिशत मूल्यांकन कार्य पूरा हो चुका है। मंडल को प्राप्त 23,04,082 उत्तर पुस्तिकाओं में से 22,93,157 का मूल्यांकन किया जा चुका है।

जिलावार स्थिति में लखनऊ में 5,59,797 कॉपियां जांची गईं, 5,951 शेष हैं। उन्नाव में 3,33,461 का मूल्यांकन हुआ, 4,581 बाकी हैं, जबकि हरदोई में 3,69,600 कॉपियों का मूल्यांकन कर केवल 393 शेष रह गई हैं।

### सिटी डायरी



कार्यक्रम में मौजूद भाजपा नेता व कार्यकर्ता।

## स्थापना दिवस पर सम्मानित किए जाएंगे वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता

**अमृत विचार, काकोरी :** भाजपा के स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर मंगलवार को काकोरी के पहिया आजमपुर स्थित जिला कार्यालय में कार्यशाला आयोजित हुई। इसमें मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने बताया कि 6 अप्रैल को सभी बूथों और मंडलों पर भव्य कार्यक्रम होंगे, जिनमें वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। जिला अध्यक्ष विजय कुमार मौर्य ने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक समर्पण के साथ काम करने की अपील की और स्थापना दिवस कार्यक्रमों को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यशाला में क्षेत्रीय मंत्री विकास सिंह, जिला उपाध्यक्ष केके अवस्थी, हंसराज रावत, शिव दर्शन यादव, अरविंद यादव, जिला महामंत्री धीरेन्द्र पांडे सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।



प्रतियोगिता के दौरान विजयी प्रतिभागी।

## शतरंज में मयंक सिंह ने जीता स्वर्ण

**अमृत विचार, निगोहां :** बाबू सुंदर सिंह ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में खेल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें इंजीनियरिंग टीमों ने बालक-बालिका वर्ग में विजेता और फार्मेसी टीमों ने उपविजेता स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता में मयंक सिंह ने स्वर्ण और अखिलेंद्र प्रताप ने रजत पदक जीता, जबकि बालिका वर्ग में वैष्णवी ने स्वर्ण और अविका सिंह ने रजत हासिल किया। बैडमिंटन में शोभित सिंह विजेता व अक्षत साहू उपविजेता रहे। बालिका वर्ग में नंदनी प्रसाद विजेता और मुस्कान सिंह उपविजेता रहीं। वॉलीबॉल में अंकित दुबे की टीम विजेता और पुरुषोत्तम सिंह की टीम उपविजेता रही, जबकि क्रिकेट में शिवांश की टीम ने जीत दर्ज की। 100 मीटर दौड़ में अमित कुमार प्रथम, एमडी उवैश खान द्वितीय और कृष्णा पटेल तृतीय रहे।



फूलों की होली खेलते राधा-कृष्ण व भक्त।

## नटकुर में हुआ होली मिलन समारोह

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** महाराजा बिजली पासी जन कल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष सुन्दरलाल रावत की ओर सेमंगलवार को सरोजनीनगर के नटकुर मैदान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व सांसद रीना चौधरी, पूर्व विधायक राधेलाल रावत, कांग्रेस जिलाध्यक्ष रूद्रदमन सिंह बबलू ने आयोजन को समाज को जोड़ने वाला बताया। भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के प्रदेश महासचिव देवेन्द्र कुमार पासी, पूर्व प्रधान राजेन्द्र यादव, पूर्व प्रधान रामपाल रावत, सर्वेश रावत, विमला बहादुर, बीडीसी संघ के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप रावत, संतोष कुमार यादव, डॉ सुषमा रावत, प्रधान प्रतिनिधि पिपरसंड शिव कुमार सिंह चच्चू, प्रमोद सिंह मौजूद रहे।




परिवर्तन पहल सेंटर पर मौजूद महिलाएं व किशोरियां। अमृत विचार

## पहल परिवर्तन केंद्र शुरू

**अमृत विचार, काकोरी :** इनिशिएटिव फाउंडेशन इंडिया ने बड़ागांव, शिवरी, दसदोई एवं हैदरगंज वार्ड पूर्वीदीन खेड़ा में चार पहल परिवर्तन केंद्र शुरू किए हैं। इनके माध्यम से महिलाओं एवं किशोरियों की सुरक्षा, अधिकारों के प्रति जागरूक करने के साथ नेतृत्व विकास किया जाएगा। उद्घाटन बोर्ड मेंबर पूजा, कम्युनिटी लीडर वर्तिका, पुष्पा, अर्पिता, महिला कम्युनिटी लीडर और किशोरी नेतृत्वकर्ताओं ने किया। हेमा, राबिया, वैभवी, अर्पिता, छाया, श्रृष्टि, पुष्पा, वर्तिका का सहयोग रहा।

### सुरक्षा

**रेलवे प्रशासन ने 213 कवच सिस्टम किए आवंटित**

# 'कवच' से लैस की जाएंगी पूर्वोत्तर रेलवे पटरियां

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आज से चरणबद्ध तरीके से रूटों और लोको शेड में किया जाएगा स्थापित
- बाराबंकी से छपरा तक टावर लगाने का कार्य तेजी से जारी
- गोरखपुर से बस्ती के बीच पहले ही लगाए जा चुके हैं करीब 20 टावर

**अमृत विचारः** पूर्वोत्तर रेलवे में यात्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक अप्रैल से 'कवच' सुरक्षा प्रणाली लगाने का काम शुरू किया जा रहा है। इस अत्याधुनिक तकनीक के लिए रेलवे प्रशासन ने 213 कवच सिस्टम आवंटित किए हैं। इनको चरणबद्ध तरीके से अलग-अलग रूटों और लोको शेड में स्थापित किया जाएगा।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, सबसे पहले सीतापुर-बुढ़वल रेलखंड पर इस प्रणाली को विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही बाराबंकी से छपरा तक टावर लगाने का कार्य तेजी से जारी है। उम्मीद है कि अगले छह महीनों में इस पूरे सेक्शन पर ट्रायल शुरू हो जाएगा। लगभग 438 किलोमीटर लंबे बाराबंकी-गोरखपुर-छपरा रेलमार्ग को कवच प्रणाली से लैस करने की योजना है। गोरखपुर से बस्ती के बीच करीब 20 टावर पहले ही लगाए जा चुके हैं। आवंटित 213 कवच उपकरणों में से गोरखपुर लोको शेड को 60, गोंडा लोको शेड को 95 और सैदपुर लोको शेड को 58 सिस्टम दिए गए हैं। इससे विभिन्न ट्रेनों में इस तकनीक को तेजी से लागू किया जा सकेगा।



### ऐसे काम करता है 'कवच' सिस्टम

- कवच प्रणाली ट्रेनों के बीच संभावित टक्कर को पहले ही भांप लेती है। खतरे की स्थिति में यह सिस्टम स्वतः ब्रेक लगा देता है और पांच किलोमीटर के दायरे में मौजूद अन्य ट्रेनों को भी रोक देता है। यह ब्रेक, हॉर्न और थ्रोटल जैसी गतिविधियों की निगरानी करता है। यदि लोको पायलट से कोई गलती होती है, तो पहले ऑडियो-वीडियो अलर्ट जारी होता है और रेड सिग्नल पार करते ही ट्रेन अपने आप रुक जाती है। कवच प्रणाली लागू होने से ट्रेन हादसों की संभावना में भारी कमी आएगी। यह तकनीक भारतीय रेलवे के आधुनिकीकरण और यात्री सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल मानी जा रही है।

## स्क्रैप निस्तारण में लखनऊ मंडल अव्वल

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 में स्क्रैप निस्तारण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक अंकित सचान के नेतृत्व में मंडल ने स्क्रैप बिक्री से 55.10 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित कर तीनों मंडलों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सफलता का श्रेय भंडार विभाग की टीम के समन्वित प्रयासों को दिया जा रहा है। लखनऊ मंडल ने वर्ष भर में 612 परित्यक्त आवासों और संरचनाओं का रिकॉर्ड निस्तारण किया, जिनमें गोंडा परिक्षेत्र के 263 आवास शामिल हैं। इन संरचनाओं को हटाने से रेलवे परिसरों की अव्यवस्था दूर हुई और स्टेशनों के विकास कार्यों को गति मिली। विशेष रूप से अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे कार्यों में बाधाएं समाप्त होने से प्रगति तेज हुई। मंडल ने 10.944 मीट्रिक टन ई-स्क्रैप का भी सफल निस्तारण किया।